RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 9 अंक 67
नई दिल्ली, मंगलवार, 12 जनवरी, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





किआरा आडवाणी 2021 के लिए कमर कसकर तैयार
विविध-12

# केंद्र स्थगित करे कृषि कानून या हम लगाएंगे रोक : सुप्रीम कोर्ट

● सरकार और किसानों के बीच बातचीत की प्रक्रिया से शीर्ष अदालत बेहद निराश, विवाद का समाधान ढूंढने के लिए समिति करेगी गठित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने तीन कृषि कानूनों को लेकर किसानों के विरोध प्रदर्शन से निबटने के तरीके पर सोमवार को केंद्र सरकार को आड़े हाथ लिया। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि केंद्र सरकार खुद इन तीनों कानूनों को स्थगित कर दे अन्यथा यह काम हमें करना पड़ेगा। अब सभी की निगाहें मंगलवार को आने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर टिक गई हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि किसानों के साथ सरकार की बातचीत के तरीके से वह बहुत निराश है। केंद्र ने अब तक अदालत को भी उसके प्रस्ताव के बारे में कुछ नहीं बताया है जिसमें उसने कहा था कि स्थायी समाधान निकलने तक इस कानूनों को रोका जाए। इस विवाद का समाधान खोजने के लिये वह अब एक समिति गठित करेगा। न्यायालय ने कहा कि इस समय वह इन कानूनों को खत्म करने के बारे में बात नहीं कर रही है।

प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे, न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन की पीठ ने इस मामले की सुनवाई के दौरान अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए यहां तक संकेत दिया कि यदि सरकार इन कानूनों का अमल स्थगित नहीं करती है तो वह उन पर रोक लगा सकती है। पीठ ने कहा कि हम पहले ही सरकार को काफी वक्त दे चुके हैं। पीठ ने कहा कि मिस्टर अटॉर्नी जनरल हम पहले ही आपको काफी समय दे चुके हैं, कृपया संयम के बारे में हमें भाषण मत दीजिये। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मामले में कृषि कानूनों और किसानों के आन्दोलन के संबंध में वह हिस्सों में आदेश पारित करेगी। पीठ ने इसके साथ ही पक्षकारों से कहा कि वे शीर्ष अदालत द्वारा गठित की जाने वाली समिति के अध्यक्ष के लिये पूर्व प्रधान न्यायाधीश आरएम लोढा सहित दो-तीन पूर्व प्रधान न्यायाधीशों के नामों का सुझाव दें। इसमें सरकार और देश भर के किसान संगठनों के ( शेष पेज 9 )

## कानूनों के अमल पर रोक समाधान नहीं: किसान नेता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**किसान** नेताओं ने सोमवार को कहा कि यदि सरकार अथवा उच्चतम न्यायालय तीन नए कृषि कानूनों को लागू करने पर रोक लगा देता है, तब भी वे अपना आंदोलन जारी रखेंगे। किसान नेताओं ने अपनी 'निजी राय बताते हुए' कहा कि रोक लगाना 'कोई समाधान नहीं' है और वैसे भी यह तय वक्त के लिये होगी। सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया है कि वह विवादित कृषि कानूनों के कार्यान्वयन पर रोक लगा सकता है और मामले का सौहार्दपूर्ण समाधान तलाशने के लिये केन्द्र को और समय देने से इनकार कर सकता है,



सिंघु बार्डर पर धरना-प्रदर्शन करते किसान

जिस पर प्रतिक्रिया देते हुए किसान नेताओं ने ये बातें कहीं हैं। अदालत ने कहा कि वह पहले ही केन्द्र सरकार को काफी समय दे चुकी है। हरियाणा भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा, 'हम उच्चतम न्यायालय की टिप्पणियों का स्वागत करते हैं, लेकिन प्रदर्शन खत्म करने का कोई विकल्प नहीं है। कोई भी रोक तय समय तक के लिये होगी...उसके बाद फिर यह मामला अदालत में चला जाएगा।' उन्होंने कहा कि किसान चाहते हैं कि कानूनों को पूरी तरह वापस लिया जाए। यदि सरकार या उच्चतम न्यायालय कानूनों के कार्यान्वयन पर रोक लगा भी देता है, तब भी आंदोलन चलता रहेगा।

भारतीय किसान यूनियन (मनसा) के अध्यक्ष भोग सिंह मनसा ने कहा कि कानूनों पर रोक लगाने का 'कोई फायदा नहीं' है। उन्होंने कहा, 'रोक कोई समाधान नहीं है। हम यहां कानूनों को पूरी तरह निरस्त कराने आए हैं...सरकार यह कहकर पहले ( शेष पेज 9 )

प्रधानमंत्री का आग्रह

# बारी आने पर ही लगवाएं टीका कतार न तोड़ें वीआईपी: मोदी

● कोविड-19 वैक्सीनेशन अभियान से पहले प्रधानमंत्री ने की मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक, कहा-वायरस के खिलाफ जंग में देश अब निर्णायक चरण में

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि पहले चरण में तीन करोड़ स्वास्थ्यकर्मियों और फ्रंटलाइन वर्करों के टीकाकरण पर आने वाले खर्च को केंद्र सरकार वहन करेगी। साथ ही उन्होंने राजनीतिक प्रतिनिधियों और वीआईपी को पहले टीका लगवाने के लिए कतार न तोड़ने का आग्रह किया। मुख्यमंत्रियों के साथ चर्चा में मोदी ने कहा कि अगले कुछ महीनों में भारत में 30 करोड़ से ज्यादा लोगों को टीका लग जाएगा जबकि विश्व के 50 देशों में एक माह में अभी तक 2.5 करोड़ लोगों को ही टीका लग सका है। देश भर में 16 जनवरी से टीकाकरण अभियान शुरू होगा।



प्रधानमंत्री ने यह साफ नहीं किया कि बाद के चरणों के वैक्सीनेशन का खर्च कौन वहन करेगा। प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये मुख्यमंत्रियों को सूचित किया कि अगले कुछ महीनों में 30 करोड़ लोगों के टीकाकरण की योजना तैयार है। उन्होंने कहा, ' हमें इस बात पर गर्व करना चाहिए कि दोनों वैक्सीन भारत में बनी हैं। अभी चार और वैक्सीन बन रही हैं लिहाजा हम भविष्य के लिए योजना बना सकते हैं।' पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बैठक में मांग करते हुए कहा कि टीकाकरण में राज्यों की और ज्यादा भूमिका और ज्यादा हिस्सेदारी होनी चाहिए। जम्मू और कश्मीर सरकार ने राज्य में टीकाकरण के लिए ऑफलाइन पंजीकरण का अनुरोध किया। प्रधानमंत्री कहा कि देश में तैयार दोनों टीके किफायती हैं और देशवासियों को प्रभावी वैक्सीन देने के लिए वैज्ञानिक समुदाय ने सभी सावधानियां बरती हैं। उन्होंने कहा कि देश अब कोरोना के खिलाफ जंग के निर्णायक चरण में प्रवेश कर रहा है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र और राज्यों के बीच संवाद और सहयोग ने कोरोना के खिलाफ लड़ाई में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है और यह सहकारी संघवाद का बेहतरीन उदाहरण है। उन्होंने कहा, 'अब हमारा देश कोरोना के खिलाफ लड़ाई के निर्णायक चरण में प्रवेश कर रहा है। 16 जनवरी से टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो रही है। जिन दो टीकों के आपात इस्तेमाल के लिए अनुमति मिली है, वह दोनों ही मेड इन इंडिया हैं।' उन्होंने कहा कि टीकाकरण के लिए राज्यों के साथ सलाह के बाद प्राथमिकताएं भी तय कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि सबसे पहले कोरोना योद्धाओं का टीकाकरण होगा और उसके बाद अग्रिम मोर्चे पर काम करने वाले कर्मियों को कोरोना का टीका लगेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इतने बड़े देश में लगभग सभी जिलों में टीकाकरण का पूर्वाभ्यास किया गया, वह देश की क्षमता को दिखाता है। उन्होंने कहा, 'भारत में पहले से भी ( शेष पेज 9 )

# यूपी में एसटीएफ करेगी बिजली बिलों में अनियमितता की जांच

● ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने किया ऐलान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उप्र के** ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने सोमवार को कहा कि प्रदेश के कई जनपदों से बिलिंग को लेकर अनियमितताओं की शिकायत को सरकार ने गंभीरता से लिया है। हम इसकी जांच उपभोक्ता हित में एसटीएफ से कराएंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया है। ऊर्जा मंत्री ने यह बात गोमतीनगर स्थित मंत्री आवास बिजलीघर के औचक निरीक्षण के दौरान कही। निरीक्षण के दौरान गलत बिलिंग की शिकायतों व 100 फ ीसदी डाउनलोडेबल बिलिंग न होने पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने बिलिंग एजेंसी के खिलाफ एफआईआर की कार्रवाई के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि ऊर्जा विभाग में उपभोक्ता ही सबकुछ है। उसके हितों से खिलवाड़ करने वालों से किसी भी प्रकार की सहानुभूति नहीं हो सकती है। जुलाई



2018 में बिलिंग एजेंसियों से हुए अनुबंध के तहत उन्हें 8 माह में शहरी व 12 माह में ग्रामीण क्षेत्रों में 97 प्रतिशत डाउनलोडेबल बिलिंग सुनिश्चित करना था। दो साल बाद आज भी यह 10 फीसदी से कम है। इसके चलते लगातार गलत बिलिंग की शिकायतें उपभोक्ताओं के माध्यम से आ रही हैं। इस पूरे प्रकरण में घोर अनियमितता व भ्रष्टाचार हुआ है। मुख्यमंत्री से उपभोक्ता हित में इसकी एसटीएफ से जांच कराए जाने का अनुरोध भी किया है। जिससे उपभोक्ताओं के हितों से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जा सके। उपभोक्ताओं का उत्पीड़न किसी ( शेष पेज 9 )

## भारत ने पकड़े गए चीन के सैनिक को लौटाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** सेना ने पूर्वी लद्दाख में तीन दिन पहले पकड़े गए एक चीनी सैनिक को सोमवार को चीन को सौंप दिया। आधिकारिक सूत्रों ने इस बारे में बताया। उन्होंने बताया कि चीन की जनमुक्ति सेना (पीएलए) के सैनिक को शुक्रवार सुबह पूर्वी लद्दाख के पैंगोंग सो के दक्षिणी किनारे वाले क्षेत्र में पकड़ा गया था। चीनी सैनिक वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के भारतीय हिस्से में आ गया था। सूत्रों ने बताया कि पूर्वी लद्दाख में पूर्वाह्न 10 बजकर 10 मिनट पर चुशूल-मोल्दो सीमा स्थल पर सैनिक को चीन को सौंप दिया गया। सूत्रों ने कहा, आठ जनवरी को पकड़े गए पीएलए के सैनिक को सोमवार पूर्वाह्न 10 बजकर 10 मिनट पर चुशुल मोल्दो में चीन को सौंप दिया गया। पिछले आठ महीने से ज्यादा समय से पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन की सेना के बीच गतिरोध चल रहा है। पैंगोंग झील वाले क्षेत्र में दोनों पक्षों के बीच झड़प के बाद पिछले साल मई में यह गतिरोध शुरू हुआ था। सेना ने शनिवार को एक बयान में कहा था पीएलए ( शेष पेज 9 )

सरकार ने की पुष्टि

# दस राज्यों तक पहुंचा बर्ड फ्लू का प्रकोप

● केंद्र ने राज्यों को मंडियों या पोल्ट्री उत्पादों की बिक्री पर रोक न लगाने का किया अनुरोध

● अभी तक पक्षियों से मनुष्यों में संक्रमण फैलने का नहीं मिला कोई सबूत

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**दिल्ली,** महाराष्ट्र और उत्तराखंड में एवियन इन्फ्लूएंजा की उपस्थिति की पुश्टि के साथ पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि देश के 10 राज्यों में अब तक बर्ड फ्लू फैल चुका है। बीमारी को रोकने के लिए जल निकायों, जीवित पक्षी बाजारों, चिड़ियाघरों और पोल्ट्री फार्म के आसपास निगरानी बढ़ा दी गई है। अन्य राज्यों में भी एवियन से मौतों की खबरें आ रही हैं। इस बीच, केंद्र ने राज्यों से मंडी को बंद करने या



प्रयागराज में सोमवार को मुर्गे बेचता एक दुकानदार

पोल्ट्री उत्पादों की बिक्री को प्रतिबंधित नहीं करने का भी आग्रह किया है। सरकार का कहना है कि पक्षियो से मनुष्यों में बर्ड फ्लू का संक्रमण पहुंचने की कोई वैज्ञानिक रिपोर्ट नहीं मिली है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी राज्य सरकारों को सतर्क रहने को कहा है। साथ ही स्थानीय प्रशासन जल निकायों, चिड़ियाघरों और पोल्ट्री फार्म जैसे स्थानों के पास निरंतर निगरानी रखें। इस बीच, कृषि संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने देश में पशु टीकों की उपलब्धता की बाबत जानकारी लेने के लिए सोमवार को पशुपालन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को तलब किया। मंत्रालय ने बताया कि सोमवार को दिल्ली, उत्तराखंड और महाराष्ट्र में भी बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। इसी के साथ 11 जनवरी तक दस राज्यों में इस बीमारी के फैलने के प्रमाण मिल चुके हैं। सात अन्य राज्यों में उत्तर प्रदेश, केरल, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और गुजरात शामिल ( शेष पेज 9 )

# केंद्र ने सीरम को दिया टीके की 1.1 करोड़ डोज का ऑर्डर

● जीएसटी समेत कोविशील्ड की एक खुराक की कीमत लगभग 210 रुपये पड़ेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से ऑक्सफोर्ड के कोविड-19 टीके की 1.1 करोड़ खुराक खरीदने का सोमवार को आर्डर दे दिया है। प्रत्येक टीके पर 210 रुपये की लागत आएगी। इसमें दस रुपये जीएसटी शामिल है। केंद्र ने 16 जनवरी से पूरे देश में कोरोना को काबू करने के लिए टीकाकरण अभियान षुरू करने का ऐलान किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सोमवार देर शाम से ही टीका आपूर्ति की शुरुआत हो जाएगी। सार्वजनिक उपक्रम एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से अतिरिक्त निदेशक प्रकाश कुमार सिंह के नाम सीरम इंस्टीट्यूट ऑफइंडिया (एसआईआई) से आपूर्ति का ऑर्डर जारी किया। सूत्रों ने बताया कि



गाजियाबाद में एक स्वास्थ्य केंद्र पर कोरोना टीकाकरण का किया गया पूर्वाभ्यास

कोविशील्ड टीके की खुराक 60 स्थानों पर खेप के जरिए पहुंचायी जाएगी, जहां से यह आगे वितरण के लिए भेजी जाएगी। स्वास्थ्य मंत्रालय कोरोना वायरस से बचाव के लिए एक और टीका 'कोवैक्सीन' की खरीदारी के ऑर्डर पर भी हस्ताक्षर करने वाला है। कोवैक्सीन स्वदेशी टीका है, जिसे भारत बायोटेक ने विकसित किया है। इसके लिए बैठकें चल रही हैं। भारत ने हाल में कोविशील्ड और कोवैक्सीन के सीमित आपात इस्तेमाल को मंजूरी दी थी। सीरम इंस्टीट्यूट के सीईओ अदार पूनावाला ने कहा कि खुले बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध होने पर कोविषील्ड ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 49,269 | ↑ 487 |
| निफ्टी | 14,347 | ↑ 137 |
| सोना | 48,866 | ↑ 389 /10g |
| चांदी | 64,726 | ↑ 1137 /kg |

## क्विक न्यूज

### केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक सड़क दुर्घटना में घायल, पत्नी की मृत्यु

**पणजी।** केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक सोमवार को कर्नाटक में सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि हादसे मे उनकी पत्नी और एक सहायक की मौत हो गई। नाइक के साथ उनकी पत्नी विजया और सहायक यात्रा कर रहे थे। यह हादसा उत्तर कन्नड़ जिले मे अंकोला के निकट हुआ। उस समय मंत्री कर्नाटक में धर्मस्थल से गोवा लौट रहे थे। अधिकारी ने बताया कि नाइक को इलाज के लिए गोवा मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल ले जाया जा रहा है। सूत्रों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत से मंत्री को उचित इलाज मुहैया कराने के संबंध मे बातचीत की।

# आप विधायक सोमनाथ भारती गिरफ्तार

● जमानत अर्जी खारिज, जेल भेजे गए

**पायनियर समाचार सेवा।** सुलतानपुर, रायबरेली, अमेठी

**दिल्ली** की मालवीय नगर सीट से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक सोमनाथ भारती को उत्तर प्रदेश के अस्पतालों को लेकर की गई कथित विवादित टिप्पणी के मामले में सोमवार को रायबरेली में गिरफ्तार कर लिया गया। जमानत अर्जी खारिज होने की वजह से उन्हें जेल भेज दिया गया। भारती रविवार की रात सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में रुके थे। सोमवार की सुबह बेहद नाटकीय घटनाक्रम के तहत एक युवक ने भारती पर स्याही फेंक दी। उस वक्त वह क्षेत्र में जाने के लिए तैयार होकर बाहर निकल रहे थे। पुलिस ने भारती पर स्याही फेंकने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। इस बीच, भारती की मौजूदगी की सूचना मिलते



सोमनाथ भारती पर एक युवक ने फेंकी स्याही

ही अमेठी पुलिस वहां पहुंची और उत्तर प्रदेश के अस्पतालों को लेकर की गई विवादित टिप्पणी के मामले में अमेठी के जगदीशपुर थाने में दर्ज मुकदमे के सिलसिले में भारती को गिरफ्तार कर अमेठी ले गई। बाद में भारती को सुलतानपुर जिले में स्थित एमपी/एमएलए अदालत में पेश किया गया। जज पीके जयंत ने भारती की जमानत अर्जी खारिज कर सुनवाई के लिए 13 जनवरी की तारीख तय करते हुए उन्हें जेल भेज दिया। सरकारी वकील दान बहादुर वर्मा ने अदालत से कहा कि इस ( शेष पेज 9 )

# विराट और अनुष्का के घर आई नन्ही परी, बधाइयों का तांता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● कोहली ने सोशल मीडिया पर साझा की खुशखबरी, कहा- मां और बेटी दोनों ठीक

**भारतीय** क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली पिता बन गए है जिनकी पत्नी अनुष्का शर्मा ने सोमवार को बेटी को जन्म दिया। कोहली ने सोशल मीडिया के जरिए इसकी घोषणा करते हुए कहा कि अनुष्का और उनकी बेटी दोनों स्वस्थ है। कोहली ने इस मौके पर खुशी का इजहार करते हुए लोगों की शुभकामनाओं के लिए शुक्रिया कहा। उन्होंने ट्वीट किया, हम दोनों को यह बात बताते हुए खुशी हो रही है कि आज दोपहर हमारे यहां बेटी हुई है। हम आपके प्यार और मंगलकामनाओं के लिए दिल से आभारी है। उन्होंने कहा, अनुष्का और बेटी, दोनों बिल्कुल ठीक हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि हमें इस जिंदगी का यह चैप्टर अनुभव करने को मिला। हम जानते हैं कि आप यह जरूर समझेंगे कि इस समय हम सबको थोड़ी निजता चाहिए होगी। गौरतलब है कि कोहली ऑस्ट्रेलिया दौरे के बीच में ही भारत लौट आए थे। उन्होंने एकदिवसीय और टी-20 श्रृंखला के बाद पहले टेस्ट मैच में टीम की अगुवाई की थी। कोहली के ट्वीट के बाद बीसीसीआई, पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल, उन्हें और अनुष्का को सबसे पहले बधाई देने वालों में शामिल थे। तेंदुलकर ने लिखा, विराट और अनुष्का को जीवन में नन्हीं परी के आने पर बधाई। वह स्वस्थ रहे और उसे प्यार। आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा टेस्ट डॉ कराने में अहम भूमिका निभाने वाले स्पिनर आर अश्विन ने लिखा , बेटी के जन्म पर विराट और अनुष्का को बधाई।



फाइल फोटो

क्लब में स्वागत है। मौजूदा दौर के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक माने जाने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान कोहली को बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के पहले टेस्ट के बाद पितृत्व अवकाश दिया था। कोहली और अनुष्का की मुलाकात एक प्रचार के शूटिंग के दौरान हुई थी। दोनों ने कुछ समय तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद 11 दिसंबर 2017 को इटली में शादी की थी। उन्होंने हाल ही में अपनी शादी की सालगिरह का जश्न भी मनाया था। अनुष्का क्लीन स्लेट फिल्म्स की सह संस्थापक है, जिसने पिछले साल कुछ शानदार वेबसीरीज का निर्माण किया है। वह 2018 में रिलीज हुई फिल्म जीरो में आखिरी बार अभिनय करते दिखी थी। इस फिल्म में उनके साथ शाहरुख खान और कैटरीना कैफ भी थी। भारतीय हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने कोहली के ट्वीट को फिर से ट्वीट करते हुए इस जोड़ी को बधाई दी। पंड्या ने लिखा, बधाई हो भाई और अनुष्का, माता- पिता की श्रेणी में आपका स्वागत है। छोटी बेटी को प्यार, वह आपको खुशी ऐसी खुशी देगी जैसे आपने पहले कभी अनुभव नहीं किया होगा। सुरेश रैना ने ट्विटर पर लिखा कि बेटियां जो सबसे भाग्यशाली हैं, उनके लिए सबसे बड़ा आशीर्वाद है। उन्होंने कहा, बधाई हो अनुष्का, विराट।

# पहले चरण में 700 लोगों को लगेगी कोरोना वैक्सीन

## गाजियाबाद में 44 टीकाकरण केंद्रों पर हुआ ड्राई रन, जिलाधिकारी ने लिया जायजा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जनपद में सोमवार को दूसरे चरण में 44 टीकाकरण केंद्रों पर कोरोना वैक्सीन का ड्राई रन किया गया। जिलाधिकारी ने टीकाकरण सेंटर पर पहुंचकर ड्राई रन का जायजा लिया। 16 जनवरी को प्रदेश में कोरोना का टीकाकरण शुरू कर दिया जाएगा। पहले चरण में गाजियाबाद में 700 लोगों को कोरोना वैक्सीन लगाई जाएगी। टीकाकरण को लेकर गाजियाबाद जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने फुलप्रूफ व्यवस्था बनाई है।

जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने बताया कि आज जिले के 44 सेंटर पर ड्राई रन किया गया। जिले में ड्राई रन का यह दूसरा चरण था। उन्होंने बताया कि पहले चरण में हुए ड्राई रन के दौरान काफी कमियां सामने आई थीं। जिनको इस दूसरे चरण में दूर किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि 16 जनवरी से जिले में कोरोना का टीकाकरण शुरू किया जाएगा। टीकाकरण के पहले चरण के तहत जनपद में सात वैक्सीनेशन सेंटर पर 700 लोगों को कोरोना का टीका लगाया जाएगा।

कोरोना के टीकाकरण को लेकर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा वैक्सीनशन सेंटर पर वेटिंग रूम की व्यवस्था होगी। जहां व्यक्ति को एक फॉर्म भरना होगा। जिसके बाद वैक्सीन लगाई जाएगी। वैक्सीन लगाने के बाद दूसरे कमरे में व्यक्ति को करीब 30 मिनट तक बैठाया जाएगा। जिसमें देखा जाएगा कि वैक्सीन का किसी प्रकार का कोई रिएक्शन तो नहीं हो रहा है। अगर रिएक्शन का कोई संकेत देखने को मिलता है तो तुरंत इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

### नोएडा में किया गया टीकाकरण का ट्रॉयल

नोएडा। गौतमबुद्धनगर जिले में कोरोना वायरस से निपटने के लिए रविवार को 30 केंद्रों के 75 बूथ में टीकाकरण का पूर्वाभ्यास किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक ओहरी ने बताया कि जिले के 30 केंद्रों में बनाए गए 75 बूथ में कोरोना वायरस टीकाकरण का पूर्वाभ्यास किया गया। उन्होंने बताया कि पूर्वाभ्यास के लिए।,125 स्वास्थ्य कर्मचारियों का चयन किया गया था। डॉ. ओहरी ने बताया कि सभी केंद्रों पर टीकाकरण का पूर्वाभ्यास सुबह 10 बजे से शुरू हुआ और दोपहर 12 बजे तक चला। उन्होंने बताया कि इस पूर्वाभ्यास का मुख्य मकसद टीकाकरण की तैयारी को परखना और बेहतर बनाना है।



ड्राई रन के दौरान अस्पतालों में बने सेंटरों का निरीक्षण करते डीएम अजय शंकर पांडे व सीएमओ डॉ. एन के गुप्ता।

# पचास छात्राएं एक साथ पहुंची एसीपी दफ्तर, मची खलबली

**● मीट की दुकान बंद कराने का मामला**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

दनकौर कस्बे में शनिवार को नारी शक्ति देखने को मिली। डिग्री कॉलेज के रास्ते में कई साल से मीट की एक दुकान चल रही थी। इसी दुकान को बंद कराने के लिए 50 से ज्यादा छात्राएं एसीपी के दफ्तर पहुंच गईं। मामले की गंभीरता को समझते हुए एसीपी ने फौरन एक्शन लिया। उनके निर्देश के बाद दनकौर पुलिस ने मीट की दुकान को बंद करा दिया। पुलिस ने मीट विक्रेता का सामान भी जब्त कर लिया है। इसके बाद छात्राओं ने राहत की सांस ली। छात्राओं ने कहा कि यह किसी की जीत-हार नहीं है। हमें कॉलेज आनेजाने में परेशानी हो रही थी। इसलिए हमें मजबूरन यह कदम उठाना पड़ा।

द्रोण नगरी दनकौर में द्रोणाचार्य डिग्री कॉलेज जाने वाले रास्ते पर एक व्यक्ति लंबे वक्त से मीट की दुकान चला रहा था। सरेराह मुर्गों और मीट की बिक्री होती थी। इससे कॉलेज आनेजाने वाली छात्राओं को बहुत परेशानी हो रही थी। छात्राएं काफी दिनों से इसकी शिकायत कर रही थीं। छात्राओं का कहना था कि कॉलेज आते-जाते समय उन्हें काफी मुश्किल होती है।

दुर्गंध के कारण रास्ता चलना भी दूभर हो जाता है। थकहारकर 50 छात्राओं का एक ग्रुप शनिवार को कॉलेज के बाद एसीपी ग्रेटर नोएडा तृतीय अब्दुल कादिर के दफ्तर पहुंच गया। एसीपी दफ्तर में छात्राओं की संख्या को देखकर पुलिस अधिकारियों में खलबली मच गई। एसीपी ने दनकौर पुलिस को मीट की दुकान बंद कराने का निर्देश दिया।

# घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी पकड़ा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पड़ोस में रहने वाले युवक ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया है। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने आरोपी को दबोच लिया और पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। लड़की को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक किसान की 14 वर्षीय पुत्री घर में अन्य परिजनों के साथ सो रही थी। बताया गया है कि किशोरी और उसके छोटे भाई-बहन एक कमरे में थे। जबकि घर के अन्य सदस्य दूसरे कमरे में सोए हुए थे। इसी दौरान पड़ोसी युवक दीवार फांदकर घर में घुस गया तथा तमंचे के बल पर किशोरी से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इसी बीच मौका पाकर पीड़िता ने शोर मचा दिया। वहां पहुंचे परिजनों ने आरोपी को धर दबोचा और जमकर पिटाई की।

# संक्षिप्त समाचार



कौशांबी स्थित यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में कोविड-19 वैक्सीनेशन की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे जिलाधिकारी डा. अजय शंकर पांडे।

### प्रशासनिक अधिकारियों ने तैयारियों का लिया जायजा

**गाजियाबाद।** सोमवार को जिलाधिकारी डॉ. अजय शंकर पांडे एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एन.के. गुप्ता, ए.सी.एम. विनय कुमार एवं डीटीओ डॉ. जे.पी. श्रीवास्तव ने कौशांबी स्थित यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में कोविड-19 टीकाकरण हेतु प्रशासन से स्वीकृत पांच टीकाकरण बूथों के प्रबंधन एवं तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान हॉस्पिटल के डायरेक्टर क्लिनिकल सर्विसेज डॉ. राहुल शुक्ला एवं हेल्थ चेकअप एवं वैक्सीनेशन विभाग की प्रमुख डॉ. रूबी बंसल ने अधिकारियों को कोविड-19 टीकाकरण के तैयारियों की जानकारी दी। डॉ. राहुल शुक्ला ने बताया कि अस्पताल में आ रहे नियमित मरीजों को टीकाकरण के दौरान कोई असुविधा ना हो इसके लिए हॉस्पिटल की एक अलग इमारत को प्रयोग में लाया जा रहा है जिसका प्रवेश एवं निकास द्वार दोनों ही अस्पताल की मुख्य बिल्डिंग से अलग है। उन्होंने बताया कि इस बिल्डिंग में कोविड-19 टीकाकरण हेतु रजिस्ट्रेशन केंद्र, प्रतीक्षा कक्ष, टीकाकरण बूथ एवं आईसीयू की भी व्यवस्था की गई है।



एमबी गर्ल्स स्कूल में मास्क वितरित करते अरिहंत चेरिटेबल एजुकेशल ट्रस्ट की पदाधिकारी डॉ अलका अग्रवाल।

### सरकारी स्कूल की छात्राओं को बांटे मास्क

**गाजियाबाद।** निगम द्वारा संचालित चन्दपुरी नवयुग मार्किट स्थित एमबी गर्ल्स स्कूल की 504 छात्राओं को अरिहंत चेरिटेबल एजुकेशल ट्रस्ट ने कोरोना से बचाव को मास्क वितरित किए। साथ ही छात्राओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नए नारे अब दवाई भी और कड़ाई से भी अवगत कराया। ये मास्क अरिहंत ट्रस्ट द्वारा ही स्कूल में संचालित सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र में बनवाए गए। ट्रस्ट की संस्थापक अध्यक्ष डॉ अलका अग्रवाल ने बताया कि एमबी गर्ल्स स्कूल में ट्रस्ट की ओर से पिछले दो सालों से मुफ्त कंप्यूटर व सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र संचालित किए जा रहे हैं। जिसमें एक हजार से अधिक गरीब बच्चियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बच्चियों को प्रशिक्षण देने का उद्देश्य उनको स्वावलंबी बनाना है। डॉ. अलका अग्रवाल ने बताया कि पिछले चार साल से उनका ट्रस्ट समाज के गरीब व असहाय लोगों के उत्थान के लिए सेवारत है।

### एनसीआर में गाजियाबाद रहा सर्वाधिक प्रदूषित शहर

**नोएडा।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में गाजियाबाद जिला सोमवार को सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर रहा। प्रदूषण सूचकांक ऐप समीर के अनुसार, वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) गाजियाबाद में 300, ग्रेटर नोएडा में 297, नोएडा में 275, दिल्ली में 250, बागपत में 233, बुलंदशहर में 300, हापुड़ में 96, फरीदाबाद में 240, गुरुग्राम में 196, आगरा में 214, बल्लभ गढ़ में 114, भिवानी में 118 और मेरठ में 198 दर्ज किया गया। शून्य से 50 के बीच वायु गुणवत्ता सूचकांक अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब माना जाता है।

# थोक विक्रेताओं से करोड़ों ठगने वाले गिरफ्तार

## दो लग्जरी कार, फर्जी दस्तावेज और अन्य सामान बरामद

**● एक आरोपी पहले भी जा चुका है जेल**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जनपद पुलिस ने थोक विक्रेताओं से मेवे एवं मसाले खरीदकर उनसे करोड़ों रुपए ठगने के मामले में दो लोगों को सोमवार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में एक आरोपी रिंगिंग बेल कंपनी चलाने के मामले में इससे पहले भी जेल जा चुका है।

अपर पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) लव कुमार ने बताया कि मेवे एवं मसाले की थोक बिक्री करने वाले रोहित मोहन ने 24 दिसंबर को थाना सेक्टर 58 में शिकायत दर्ज कराई थी कि सेक्टर 62 में कुछ लोगों ने ड्राई फूड्स हब के नाम से एक कंपनी खोलकर 40 फ़ीसदी रकम देकर उससे लाखों रुपए कीमत के मेवे



और मसाले खरीदे। उन्होंने बताया कि कंपनी ने 40 फीसदी रकम दी और शेष 60 फीसदी रकम चेक के माध्यम से दी गई। कुमार ने बताया कि पीड़ित का आरोप है कि कंपनी का चेक बाउंस हो गया और जब वह इस बारे में पूछताछ करने कंपनी के कार्यालय पहुंचा, तो वहां कोई नहीं मिला। उन्होंने बताया कि दर्जन भर और लोगों ने मेवे और मसाले खरीदने के नाम पर उक्त कंपनी द्वारा ठगी किए जाने की पुलिस से शिकायत की है।

कुमार ने बताया कि पुलिस ने मेवे खरीदने के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी करने के मामले में सोमवार को एक सूचना के आधार पर मोहित गोयल तथा ओमप्रकाश जांगिड़ नामक दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उनके पास से फर्जी दस्तावेज, दो लग्जरी कारें एवं कई अन्य चीजें बरामद की हैं।

# लोहा मंडी में जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

**गाजियाबाद।** गरीब मजदूरों और जरूरतमंदों को इस कड़कड़ाती ठंड से बचाने के लिए गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के तत्वावधान में रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद मिड टाउन ने संयुक्त रूप से लोहा मंडी में कार्यरत मजदूरों एवम उनके परिवारों के बीच 1000 कंबलों का वितरण किया।

इस बार अनुशासित रूप से सभी को समुचित लाभ मिल सके इसके लिए पहले से ही सभी जरूरतमंद मजदूरों को कूपन वितरण कर दिए गए थे, जिससे कि बहुत अधिक भीड़ ना लग सके और एक-एक करके कूपन दिखाकर अपना-अपना कंबल सभी लोग प्राप्त कर सकें। यह जानकारी गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डा. अतुल कुमार जैन ने दी।

# चोरी के जेवरात खरीदने वाला सुनार, चोर समेत धरा गया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

थाना इंदिरापुरम पुलिस ने सोमवार को गौर ग्रीन चौराहे के पास से एक चोर और चोरी का माल खरीदने वाले सुनार को गिरफ्तार कर इनके पास से जेवरात बरामद किए हैं।

एएसपी अंशु अंशु जैन ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एसआई सतवीर सिंह, कांस्टेबल अमित और पुष्पेंद्र ने गौर ग्रीन चौराहा अभय खंड के पास से दो लोगों को गिरफ्तार किया। इनके नाम नदीम पुत्र रियाजुद्दीन निवासी गांव चरैरा, थाना रेहरा, जिला अमरोहा तथा सुनार ओमप्रकाश उर्फ छोटेलाल पुत्र भगवतशरण रस्तोगी निवासी कस्बा व थाना आदमपुर, जिला अमरोहा है। एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्त थाना इंदिरापुरम क्षेत्र में हुई चोरी के मामले में वांछित चल रहे थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इनके कब्जे से सोने का 1 जोड़ी कंगन, एक अंगूठी, एक नेकलेस मय झुमकी बरामद की है। यह माल थाना इंदिरापुरम क्षेत्र से चोरी किया गया था।



पुलिस द्वारा पकड़े गए दोनों आरोपी

# यमुना एक्सप्रेसवे पर अनियंत्रित होकर पलटा धान से भरा ट्रक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के दनकौर थानाक्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार रात धान से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ट्रकचालक और परिचालक घायल हो गए हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों अस्पताल में भर्ती कराया।

हादसे के चलते एक्सप्रेसवे पर जाम लग गया। एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक सामान्य करने के लिए पुलिस और कर्मचारियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। जानकारी के मुताबिक, अलीगढ़ के जट्टारी से ट्रक में करीब 400 बोरी धान भरकर चालक ललित कुमार और परिचालक फुरकान शनिवार देर रात यमुना एक्सप्रेसवे से होते हुए दिल्ली के नरेला मंडी के लिए चले थे। इस दौरान सालारपुर अंडरपास के समीप नींद की झपकी आ जाने से ट्रक ड्राइवर का संतुलन बिगड़ गया। जिसके बाद ट्रक एक्सप्रेसवे से अचानक नीचे जा गिरा। इस भीषण हादसे में चालक और परिचालक ट्रक में फंस गए। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

# सामान्य ओपीडी के लिए संयुक्त जिला अस्पताल तैयार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद





फाइल फोटो

कोरोना वैक्सीनेशन को लेकर जिले में सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। इसके साथ ही सरकारी अस्पतालों में ओपीडी शुरु करने की तैयारियां भी की जा रही हैं।

बता दें कि संयुक्त अस्पताल को एल-2 बनाया गया था, जिसके साथ ही अस्पताल की लगभग सभी सामान्य सेवाएं बंद कर दी गई थीं। अस्पताल में केवल सीटी स्कैन की सुविधा संचालित हो रही हैं और वह भी कोरोना मरीजों के लिए प्राथमिक तौर पर हैं। अब संयुक्त जिला अस्पताल में ओपीडी शुरु करने की तैयारियां की जा रही हैं। माना जा रहा है कि वैक्सीनेशन शुरु होने के बाद सरकारी अस्पतालों में जरूरी सुविधाओं के साथ ओपीडी को बहाल किया जाएगा।

सैक्टर-23 स्थित इस कंबाइंड अस्पताल में कोरोना काल से पहले 2000 से 2500 मरीजों को ओपीडी में देखा जाता था। ओपीडी बंद होने के बाद वे मरीज जिला एमएमजी अस्पताल का रुख कर रहे हैं। फिलहाल अस्पताल की ओपीडी को दुरुस्त कर दिया गया है।

इसके साथ ही अन्य सुविधाओं को भी दुरुस्त किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यदि वैक्सीनेशन के बाद अस्पताल में ओपीडी शुरु करने के निर्देश मिलते हैं तो अस्पताल को दो हिस्सों में बांटा जाएगा। एक हिस्से में कोरोना वॉर्ड रहेगा और दूसरे में सामान्य वॉर्ड। दोनों के रास्ते भी अलग-अलग होंगे। फिलहाल अस्पताल में कोरोना संक्रमण का केवल एक ही मरीज भर्ती है।

अस्पताल सीएमएस डॉ. संजय तेवतिया का कहना है कि केंद्र सरकार की ओर से चल रही कायाकल्प योजना के लिए भी अस्पताल में पूरी व्यवस्थाएं की गई हैं। अस्पताल में साफ-सफाई से लेकर दवाओं के रख-रखाव, वॉर्ड की सुविधाओं, इमरजेंसी की व्यवस्था तक को अपग्रेड किया गया है।

# दिव्या सिंह को जज बनने पर किया सम्मानित

**गाजियाबाद।** विधायक नंद किशोर गुर्जर तथा विश्व ब्राह्मण संघ के प्रवक्ता व हनुमान मंगलमय परिवार ट्रस्ट के संस्थापक बी के शर्मा हनुमान ने लोनी की दिव्या सिंह को जज बनने पर सम्मानित किया। दिव्या सिंह को शॉल व फूलों का गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया गया।

लोनी के गांव गनोली निवासी दिव्या सिंह का चयन दिल्ली मजिस्ट्रेट सर्विस में हुआ है। इस मौके पर विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का अभियान सार्थक हो रहा है। बेटियां आज हर क्षेत्र में सफलता का परचम लहरा रही हैं। यह गर्व की बात है कि शहर की बेटी दिव्या सिंह जज बनकर शहर का नाम प्रदेश या देश ही नहीं पूरे विश्व में रोशन करेंगी।



दिव्या सिंह को जज बनने पर सम्मानित करते लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर व अन्य।

# अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़

## तीन गिरफ्तार, चोरी के कई वाहन पुलिस ने किए बरामद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

दिल्ली-यूपी बॉर्डर से सटे साहिबाबाद थाना क्षेत्र स्थित ताहीर कट के पास वाहन चोरी करने वाले एक अंतर्राज्यी गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से दो मोटरसाइकिल, दो स्कूटी और तीन मोबाइल फोन भी बरामद किया है। खास बात यह है कि ये तीनों वाहन चोर नशा करने के आदि है और वाहन चोरी के अलावा नशा करने का सामान भी लोगों को सप्लाई करते हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस गिरोह के खिलाफ दिल्ली, एनसीआर के विभिन्न थानों में वाहन चोरी के 24 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम मुशीर उर्फ मूता पुत्र खलिल व शोएब उर्फ शेबू पुत्र असलम दोनों डीएलएफ कॉलोनी साहिबाबाद के निवासी हैं। जबकि तीसरा आरोपी विशाल पुत्र सुनील निवासी नन्द नगरी दिल्ली का रहने वाला है।

पुलिस पूछताछ के दौरान तीनों आरापियों ने बताया कि वाहन चोरी के अलावा वे नशे का कारोबार भी करते हैं और नशे की गोलियां नशेड़ियों को बेचने का काम करते हैं। इसके अलावा सार्वजनिक स्थलों पर खड़े वाहनों को मास्टर की की मदद से खोलकर वाहन चोरी का कार्य करते हैं।





पुलिस गिरफ्त में तीनों आरोपी।

भौतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नं- 23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली - 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ भौतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रीति अदलखा, रशीम अदलखा, लोन नं- LBGUR00002183988 & LBGUR00002391193 | फ्लैट नंबर सी- 2002, 20 वीं मंजिल, टॉवर सी, ओएस्टर ग्रांडे, विलेज खेड़की मजरा, सेक्टर- 102/102ए, जिला गुड़गांव, हरियाणा/ 07-जनवरी-2021 | नवम्बर 30, 2019 ₹ 8308085/- | गुड़गांव हरियाणा |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: जनवरी 12, 2021
स्थान: दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# ग्रेनो से नोएडा तक बनेगी नई रोड, 7 किमी. की दूरी होगी कम


## एसीईओ नेहा शर्मा के साथ महाप्रबंधक राजीव त्यागी ने परियोजनाओं के कामकाज का लिया जायजा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच एक और नया रोड बनाया जाएगा। जिसके लिए रविवार सुबह नोएडा की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नेहा शर्मा ने ग्रेटर नोएडा में एलजी चौक तक दौरा किया है। इसके अलावा शहर में निर्माण परियोजनाओं का मौके पर जाकर जायजा लिया है। कोंडली अंडरपास के लिए पुश बॉक्स तकनीक पर हो रहे कामकाज को देखा। इस दौरान प्राधिकरण के मुख्य महाप्रबंधक राजीव त्यागी भी उनके साथ मौजूद रहे।

रविवार सुबह करीब साढ़े दस बजे एसीईओ नेहा शर्मा और महाप्रबंधक राजीव त्यागी परियोजनाओं के कामकाज का हाल देखने निकले। एसीईओ नेहा शर्मा ने नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर बन रहे कोंडली, एडवांट बिल्डिंग, झट्टा और सेक्टर-126 अंडरपास के काम की रफ्तार देखी। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा के एलजी चौक से सेक्टर-146,147 तक आने वाली लिंक रोड, सेक्टर-151ए में बनने वाले गोल्फकोर्स और हेलीपोर्ट सहित तमाम परियोजनाओं की मौके पर जाकर स्थिति देखी। करीब साढ़े तीन घंटे तक परियोजनाओं का निरीक्षण किया गया है। गौरतलब है कि अभी तक वर्क सर्किल-6 से 10 तक का कार्यभार एसीईओ श्रुति के पास था, लेकिन उनका तबादला डीएम बलरामपुर हो गया है। अब नेहा शर्मा को उनके काम की जिम्मेदारी दी गई है।

महाप्रबंधक राजीव त्यागी ने बताया कि एडवांट बिल्डिंग के सामने एक्सप्रेसवे में अंडरपास बनाया जा रहा है। यह फोरलेन का होगा और इसकी लंबाई 830 मीटर है। बॉक्स पुशिंग तकनीक के जरिए इसका निर्माण किया जा रहा है। यह चैनल ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर 10.30 किलोमीटर पर है। इसके निर्माण में 43.21 करोड रुपए का खर्च किया जा रहा है। दूसरे चैनल का निर्माण एक्सप्रेसवे पर 19.40 किलोमीटर की दूरी पर किया जा रहा है। इस अंडरपास की लंबाई 840 मीटर है। यह भी फोरलेन का है। इसका निर्माण कोंडली गांव के सामने किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जून 2020 में इसका निर्माण शुरू किया गया था। अप्रैल 2021 तक निर्माण पूरा कर लिया जाएगा।



विकास कार्यों का जायजा लेतीं एसीईओ नेहा शर्मा।

### नोएडा और ग्रेनो के बीच खुलेगा नया रास्ता

नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच एक और नया रास्ता खुलने जा रहा है। ग्रेटर नोएडा में एलजी गोल चक्कर से नॉलेज पार्क में शारदा यूनिवर्सिटी, सिटी सेंटर गोल चक्कर होते हुए हिंडन नदी को पार करके यह नई सड़क नोएडा के सेक्टर-146 और 147 में दाखिल होगी। इससे नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर दोनों शहरों के लोगों की निर्भरता खत्म हो जाएगी। साथ ही नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच की दूरी करीब 7 किलोमीटर कम हो जाएगी। अभी ग्रेटर नोएडा में परी चौक और नोएडा में महामाया फ्लाईओवर के बीच की दूरी करीब 22 किलोमीटर है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# संजय झील की मृत बत्तखों में निकला बर्ड फ्लू

## घबराएं नहीं संक्रमण रोकने की पूरी कोशिश कर रही है दिल्ली सरकार: सिसोदिया

**दिल्ली में दहशत**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोविड-19 महामारी के बीच बर्ड फ्लू से राजधानी में दहशत है। पड़ोसी राज्यों के बाद राजधानी दिल्ली में भी बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। संजय झील मे मृत बत्तखों के नमूनों को भोपाल स्थित प्रयोगशाला में भेजा गया था। सभी नमूनों में बर्ड फ्लू के संक्रमण की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसके बाद दिल्ली सरकार सरकार का स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल खुद अधिकारियों के साथ बात करके संक्रमण रोकने की पूरी निगरानी कर रहे हैं। सरकार ने दिल्ली वालों से कहा है कि घबराने की कोई बात नहीं है। संक्रमण रोकने की पूरी कोशिश आम आदमी पार्टी की सरकार कर रही है। एहतियात के तौर पर अन्य राज्यों से आने वाले प्रोसेस्ड चिकन और लाइव स्टॉक पर रोक लगाई गई है। मुर्गा मंडी भी कुछ दिन बंद रहेगी। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन कहा कि संजय झील में मृत बत्तखों के नमूनों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसके कारण उस क्षेत्र को अच्छी तरह सेनेटाइज किया जा रहा है। अगर वहां बत्तखों के पंख फैले हों या उनका कुछ अन्य अवशेष गिरा हो तो उससे संक्रमण न हो इसके लिए पूरी साफ सफाई कराई जा रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दिनों जालंधर भेजे गए 100 सैम्पल के नतीजों का इंतजार है। लेकिन दिल्ली में बर्ड फ्लू से घबराने की कोई बात नहीं है। पशुपालन इकाई, विकास विभाग के अधिकारियों को राज्य भर में संक्रमण फैलने से रोकने के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिए गए हैं। बर्ड फ्लू से घबराने की कोई जरूरत नहीं है। यह एक सामान्य इन्फ्लूएंजा है। पक्षी से मनुष्य में इसके फैलने की बात अब तक सामने नहीं आई है। जो लोग चिकन खाते हैं, उन्हें भी घबराने की जरूरत नहीं है। अच्छी तरह पके हुए चिकन या उबले और पकाए हुए अंडे से संक्रमण का खतरा नहीं है। मालूम हो कि दिल्ली सरकार ने 28 अक्टूबर 2020 को ही राज्य के सभी डॉक्टर्स और संबंधित लोगों को अलर्ट जारी करके बर्ड फ्लू की निगरानी का निर्देश जारी कर दिया था। इसके बाद चार जनवरी 2021 को भी सभी डॉक्टर्स को लगातार मरने वाले परिंदों के खून के नमूना इकट्ठा करने तथा कड़ी निगरानी का दिशा निर्देश जारी किया गया था। इसके बाद पशुपालन इकाई, विकास विभाग के सभी 48 वेटनरी अस्पताल के डॉक्टर राज्य भर में बर्ड फ्लू की निगरानी कर रहे हैं। साथ ही, 11 रैपिड रिस्पॉन्स टीम बनाई गई है जो लगातार नमूनों का संग्रह कर रही है।



### मीट की दुकानों, पोल्ट्री फार्म की निगरानी बढ़ाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद पूर्वी दिल्ली नगर निगम के महापौर निर्मल जैन ने निगम अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये। उन्होंने ईडीएमसी क्षेत्र में आने वाली सभी मीट की दुकानों, पोल्ट्री फार्म और निगम के पार्कों की कड़ी निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा के वे सभी निगम पार्कों के मालियों और चौधरियों को हिदायत दें कि यदि पार्कों में कौवे समेत अन्य परिंदे आदि मर पाये जाते हैं तो उन्हें उचित प्रक्रिया द्वारा एहतियात के साथ उठाकर लगभग 2-3 फुट गड्ढा खोदकर डिसइंफेक्टेंट, चूना डालकर दबा दें। निर्मल जैन ने कहा कि संबंधित अधिकारी क्षेत्र में चल रही मीट की दुकानों पर कड़ी निगरानी रखें। साथ ही मीट की दुकानें चला रहे दुकानदारों को बर्ड-फ्लू के बारे में जानकारी दी जाये। उन्हें बताया जाये कि यदि उनकी दुकान पर कोई मुर्गी मर रही है तो तुरंत इसकी जानकारी क्षेत्रीय निदेशक, पशु चिकित्सा सेवाएं को दें। जिससे उसका उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए गहरे गड्ढे में दबाया जा सके। इसके अलावा महापौर ने अधिकारियों से कहा के इस मामले में पूर्वी दिल्ली नगर निगम अपने स्तर पर रेपिड रिस्पॉस टीम का गठन करे जो पूर्वी दिल्ली क्षेत्र में मर रहे पक्षियों और उनको मिट्टी में दबाने संबंधी कार्य पर कड़ी निगरानी रखे। मालूम हो कि पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार फेज-3 के पार्क में काफी संख्या में कौवों के मरने की सूचना मिलने के बाद इस पार्क को पूर्वी दिल्ली नगर निगम द्वारा जनता के लिए बंद कर दिया गया है।

### दूसरे राज्यों से आने वाले प्रोसेस्ड चिकन और लाइव स्टॉक पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बर्ड फ्लू के मामलों को देखते हुए दिल्ली सरकार ने दूसरे राज्यों से आने वाले पैकेट बंद चिकन पर भी रोक लगा दी है। इससे आसपास के राज्यों से प्रोसेस्ड करके लाया जाने वाला चिकन भी अब नहीं बिक सकेगा। इससे पहले सरकार ने गाजीपुर पोल्ट्री फॉर्म में 10 दिनों के लिए बिक्री पर रोक लगा दी थी। सरकार कोरोना के बाद अब बर्ड फ्लू को फैलने से रोकने के हरकत में आ गई है। इसी को ध्यान में रखते हुए ये एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा है कि यह कदम इसलिए उठाया जा रहा है कि दूसरे राज्य से बर्ड फ्लू का संक्रमण राजधानी में नहीं आए और उसे वहीं रोका जा सके। इससे पहले सरकार की ओर से चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू को रोकने को लेकर दोगुनी सतर्कता बरती जा रही है। चिड़ियाघरों के बाड़ों के अंदर मौजूद पक्षियों की विशेष निगरानी की जा रही है। परिसर में खुले क्षेत्र में बाहर से आने वाले बाहरी पक्षियों की भी निगरानी की जा रही है। चिड़ियाघर में अन्य इलाकों से कभी भी विदेशी पक्षी पहुंच सकते हैं, जिसको लेकर सावधानी बरती जा रही है। बाहर से आने वाले पक्षियों से फ्लू फैलने का खतरा है।



# सिंघू बॉर्डर पर किसानों के जूते पॉलिश कर रहे हैं शीशगंज गुरुद्वारे के सेवादार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के चांदनी चौक स्थित शीशगंज गुरुद्वारे के स्वयंसेवकों का एक समूह सामुदायिक सेवा की भावना से सिंघू बार्डर पर केंद्र के नए कृषि कानूनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों के जूते पॉलिश कर रहा है। इन सेवादारों में एक महिला भी शामिल है। ये सेवादार जमीन पर बैठते हैं और लोगों से अनुरोध करते हैं कि वे अपने जूते उन्हें दे दें और सिंधु सीमा के हरियाणा की ओर बने उनके अस्थाई काउंटर के सामने इंतजार करें। पिछले कुछ दिनों के दौरान इन इन स्वयंसेवकों ने अपने सेवा भाव से लोगों की प्रशंसा अर्जित की है। एक व्यापारी एवं पुरानी दिल्ली के निवासी 63 वर्षीय जसविंदर सिंह एक कोने में बैठे हुए थे और उनके हाथों में काले रंग की पॉलिश लगी थी जबकि उनके पास रखे एक पोर्टेबल स्पीकर से गुरबानी की आवाज आ रही थी। उन्होंने कहा, हम शीशगंज गुरुद्वारे में जोड़ा सेवा करते हैं। हमने सोचा कि क्यों न इन किसानों की मदद करें जो 40 दिनों से अधिक समय से धरने पर बैठे हैं। बारिश और धूल के कारण उनके जूते गंदे हो गए हैं तथा उनमें से कई उन्हें ही पहने हुए हैं। उनके बगल में शाहदरा क्षेत्र के 58 वर्षीय व्यापारी इंद्रजीत सिंह बैठे थे, जिन्होंने किसानों को अन्नदाता और योद्धा कहा। उन्होंने कहा, वे ठंड और बारिश और तपती धूप में खेतों में मेहनत करके हमें भोजन प्रदान करते हैं। हम उनके लिए यह कम से कम तो कर ही सकते हैं। हम उनके जूते चमकाकर हमारे हाथ गंदे नहीं कर रहे हैं, हम उनका आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। सोमवार को विरोध प्रदर्शन का एक और दिन था। मंच पर उग्र भाषणों हो रहे थे, सड़कों पर प्रतिरोध के गीत और सड़का हक, इत्थे रख और जो बोले सो निहाल के नारे गूंज रहे थे। जसविंदर ने कहा कि यह सेवा केवल किसानों के लिए ही नहीं बल्कि अन्य के लिए मुफ्त है। उन्होंने कहा, काफी लोग हर दिन विरोध प्रदर्शन स्थल पर आते हैं, जो विभिन्न व्यवस्थाओं से संबंधित होते हैं। कभी गरीब भी हमारे काउंटर पर आते हैं और पूछते हैं कितना भुगतान करना है। व्यापारी ने कहा, कृपया अपना जोड़ा (जूतों की जोड़ी) और कुछ दुआ दें, हम यही कहते हैं। दिल्ली के पुराने गुरुद्वारे के सेवादारों में एक महिला भी हैं, जिसने लोगों से जूते लिए और उन्हें पॉलिश किया। अमरजीत सिंह ने कहा, वह किरण जी हैं, जो शीशगंज गुरुद्वारे में सेवाएं देती हैं। वह सुभाष नगर में रहती हैं। हमारे सिख गुरुओं ने हमें बिना किसी भेदभाव के और बिना किसी उम्मीद के सेवा करना सिखाया है।



सिंघू बॉर्डर पर रक्तदान करते किसान।

**● मदद को आगे आ रहे है स्वयंसेवक**

## हिमालय की सर्द हवाओं ने दिल्ली में बढ़ाई ठंड

नई दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि दिल्ली का न्यूनतम तापमान सोमवार को सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और बर्फ से ढके पश्चिमी हिमालय से सर्द हवाएं मैदानों की ओर चलने के साथ पारा और भी गिर सकता है। आईएमडी के एक अधिकारी ने कहा कि 14 जनवरी तक पारा गिरकर पांच से छह डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। सफदरजंग वेधशाला में न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रविवार को राजधानी में अधिकतम तापमान 16.2 डिग्री सेल्सियस था जो सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस कम था। इससे पहले तीन जनवरी से पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव में दिल्ली के आसमान पर बादल छाए रहने की वजह से कुछ दिन तक न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया था। रविवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस मापा गया।

## उपराज्यपाल से मिले भाजपा नेता, पुनर्निर्माण की मांग

**हनुमान मंदिर मामला**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

चांदनी चौक इलाके में रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत प्राचीन हनुमान मंदिर को हटाये जाने के मामले पर राजनीति तेज हो गई है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता की अगुवाई में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी इस पूरे मामले को लेकर एलजी अनिल बैजल से मुलाकात की। पार्टी नेताओं ने एलजी से तोड़े गए हनुमान मंदिर के मामले में हस्तक्षेप कर मंदिर फिर से बनाने की मांग की। गुप्ता ने कहा कि एलजी ने उचित कार्रवाई करने का भरोसा दिया है। तोड़े गए हनुमान मंदिर एवं काटे गये पीपल के पेड़ के खिलाफ स्थानीय लोगों, व्यापारियों में रोष है। चांदनी चौक के स्थानीय निवासी, मंदिर समिति, धार्मिक संगठन, हिन्दू समाज, सभी यही चाहते हैं कि मंदिर निर्माण कर वहां हनुमान जी की मूर्ति को फिर से स्थापित करने की अनुमति दी जाए। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि सौन्दर्यीकरण के नाम पर केजरीवाल सरकार के लोक निर्माण विभाग ने प्राचीन हनुमान मंदिर को तोड़ दिया। अब वहां स्थित वर्षों पुराना पीपल का पेड़ भी काट दिया।



एलजी से मुलाकात करने जाते प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता और अन्य।

### सुकन्या समृद्धि योजना 123 बच्चियों के खाते खुले

प्रदेश भाजपा ने कुड़ियों दी लोहड़ी कार्यक्रम में 123 बच्चियों को प्रधानमंत्री सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बैंक खाते खुलवाए और उन्हें पासबुक सौंपा। इस कार्यक्रम का आयोजन महिला मोर्चा ने किया था। इस मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि लोहड़ी का त्योहार बेटियों के नाम आयोजित करना इस बात का उदाहरण है कि उनकी पार्टी बेटियों को सशक्त बनाने और उनके बेहतर भविष्य के लिए काम करने में आगे है।

## स्याही प्रकरण: सोमनाथ को मिला केजरीवाल का साथ

**● दिल्ली के सीएम ने ट्विट कर योगी सरकार पर साधा निशाना**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी के विधायक सोमनाथ भारती के ऊपर राय बरेली में स्याही फेंकने की घटना को लेकर योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधा है। सोमवार को भारती के ऊपर रायबरेली में स्याही फेंकने की घटना सामने आई और बाद में उन्हें कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के लिए गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि उन्हें आपराधिक तरीके से धौंस दिखाने और समूहों के बीच वैमनस्यता फैलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। केजरीवाल ने इस घटना को लेकर आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए पूछा कि वह सरकारी विद्यालयों को दिखाने में इतना घबराए हुए क्यों हैं। उन्होंने ट्वीट किया, योगी जी, हमारे विधायक सोमनाथ भारती जी आपका विद्यालय देखने जा रहे थे। उन पर स्याही फेंकी गई? क्या आपके विद्यालयों की स्थिति बेहद खराब है? अगर कोई आपका विद्यालय देखने जाता है तो आप इतना डर क्यों जाते हैं? विद्यालय को ठीक कीजिए। अगर आपको नहीं पता है कि विद्यालय कैसे ठीक होते हैं तो सिसोदिया से पूछिए। केजरीवाल ने एक अन्य ट्वीट में कहा, वैसे विद्यालय जिसे आप दिखाने में शर्मिंदगी महसूस करते हैं, वहां यूपी में हमारे बच्चे उन विद्यालयों में पढ़ते हैं। आप उत्तर प्रदेश के करोड़ों बच्चों का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं।



### 20 रुपए मांगने पर दुकानदार से मारपीट, एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने खाने-पीने की चीजें ठेले पर बेचने वाले एक शख्स के साथ मार-पीट और लूट-पाट करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। ठेले वाले ने एक प्लेट नाश्ते के लिए उस व्यक्ति से 20 रुपए मांगे थे। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली के जामिया नगर में नौ जनवरी को यह घटना घटी। आरोपी की पहचान फिरोज खान (26) के रूप में हुई। सुभाष गुप्ता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि फिरोज उनके पास आया और एक प्लेट चिली पोटैटो का आर्डर दिया, खाने के बाद जब उसने उससे 20 रुपए मांगे तब फिरोज नाराज हो गया और उसे गालियां देने लगा।

### सभी से टीका लगवाने का किया अनुरोध

**नई दिल्ली।** देश में कोविड-19 का टीकाकरण शुरू होने से पहले दिल्ली में कोरोना वायरस के पहले मरीज ने सोमवार को लोगों से बिना संकोच टीका लगवाने और इसके बारे में नकारात्मक बातें करने वालों या गलत जानकारी देने वालों की ना सुनने की अपील की है। भारत में 16 जनवरी से कोविड-19 टीकाकरण अभियान शुरु होगा। दिल्ली में एक मार्च को संक्रमित पाए गए रोहित दत्ता ने कहा कि यह अवास्तविक लगता है। शहर के पहले कोविड-19 के मरीज ने कहा, कुछ महीने पहले तक, हम संघर्ष कर रहे थे। बड़ी संख्या लोगों की मौत हो रही थी। अज्ञात वायरस का डर चरम सीमा पर था।

## राजन बाबू संस्थान की नर्सों को 8 माह से नहीं मिला वेतन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजन बाबू इंस्टीट्यूट ऑफ पल्मोनरी मेडिसिन ऐंड ट्यूबरक्लोसिस के नर्सिंग स्टाफ ने दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर करके दावा किया है कि उन्हें पिछले वर्ष अक्टूबर माह से ही मासिक वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। संस्थान का संचालन उत्तर दिल्ली नगर निगम करता है। याचिका सुनवाई के लिए सोमवार को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी एन पटेल और न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ के समक्ष आई जिन्होंने मामले की सुनवाई 15 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी। उस दिन इसी से जुड़ी कई याचिकाएं सुनवाई के लिए अदालत में सूचीबद्ध हैं। दिल्ली नर्सेस यूनियन की याचिका में कहा गया था कि उनकी ओर से एक अन्य याचिका भी दायर की गई थी जिसमें पिछले वर्ष जून से वेतन जारी करने का अनुरोध किया गया था और उस मामले में उच्च न्यायालय ने 11 नवंबर 2020 को निर्देश दिया था कि नर्सिंग स्टाफ के सितंबर 2020 तक के वेतन का भुगतान कर दिया जाए। इसमें कहा गया कि लेकिन उन्हें फिर से अदालत का रुख करना पड़ा क्योंकि अक्टूबर 2020 के बाद से उनके वेतन का आज तक भुगतान नहीं किया गया है।



**● बकाया को लेकर अदालत में डाली याचिका, 15 को सुनवाई**

## संक्षिप्त समाचार



### बंगाल में कला और संस्कृति की अनदेखी: प्रहलाद पटेल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कानून व्यवस्था को लेकर ममता बनर्जी सरकार की जमकर आलोचना की। पटेल ने मीडिया से बात करते हुए दार्जिलिंग में सांस्कृतिक गतिविधियों को लेकर राज्य सरकार पर उदासीनता का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार को सामाजिक सरोकारों से कोई लेना देना नहीं है। केंद्र सरकार ने बागान कर्मचारियों के लिए मिनिमम वेज बोर्ड लागू कर दिया है, जो कि जल्दी ही लागू हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि दार्जिलिंग में सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन के लिए कोई मंच नहीं है। राज्य सरकार ने टैगोर कल्चर स्पेस जैसी जगह उपलब्ध कराने की मांग करते हुए कहा कि राज्य सरकार जमीनें उपलब्ध कराए तो उनका मंत्रालय कला के क्षेत्र में यहां काफी काम कर सकता है। पटेल ने महाकाल मंदिर में पूजा अर्चना की और वॉर मेमोरियल में जाकर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान उनके साथ राष्ट्रीय प्रवक्ता राजू बिष्ट भी मौजूद थे।

### अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना का लाभ 30 जून तक

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम की कल्याणकारी अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना ऐसे बेरोजगार उठा सकते है कि जिसकी कोविड-19 के चलते बेरोजगार हो गए है। बेरोजगार हो गए बीमांकित व्यक्ति इस योजना के तहत पात्रता शर्तों में छूट के साथ मजदूरी के 50 प्रतिशत भुगतान का लाभ उठा सकते है। इसके चलते इस योजना का 30 जून 2021 तक बढ़ा दिया गया है बेरोजगारी भत्तों की इस कल्याणकारी योजना के अंतर्गत आने वाले बीमांकित व्यक्तियों में अभी तक 492 लोगों को 8784144 रुपए का भुगतान किया जा चुका है। इस योजना का लाभ उन्हें मिलता है जो दो वर्षों की न्यूनतम अवधि के लिए योग्य रोजगार में रहा हो।

### न्यायमूर्ति सिद्धार्थ विधिक सेवा समिति अध्यक्ष मनोनीत

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल ने न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल को दिल्ली उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति (डीएचसीएलएससी) के अध्यक्ष पद के लिए मनोनीत किया है। डीएचसीएलएससी के मुख्य संरक्षक मुख्य न्यायाधीश पटेल ने न्यायमूर्ति मृदुल के नाम की अनुशंसा की थी। समिति के सदस्य सचिव कंवलजीत अरोड़ा ने विधि, न्याय एवं विधाई मामलों के प्रधान सचिव को पत्र लिखकर न्यायमूर्ति मृदुल की नियुक्ति की अधिसूचना जारी करने के लिए तत्काल कदम उठाने का अनुरोध किया है। न्यायमूर्ति मृदुल को 13 मार्च 2008 को दिल्ली उच्च न्यायालय का अतिरिक्त न्यायाधीश और 26 मई 2009 को स्थाई न्यायाधीश नियुक्त किया गया था।

### 28 सप्ताह की गर्भवती को गर्भपात की इजाजत मिली

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 28 सप्ताह की गर्भवती महिला को गर्भपात करवाने की सोमवार को इजाजत दे दी। दरअसल एम्स के मेडिकल बोर्ड ने कहा था कि गर्भपात करवाया जा सकता है क्योंकि भ्रूण में ऐसा विकार है जिसमें खोपड़ी वाली हड्डी नहीं बन पाती है। मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ ने मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर महिला को चिकित्सकीय गर्भपात की इजाजत देते हुए उनकी याचिका का निपटारा कर दिया। इससे पहले, सात जनवरी को पीठ ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान को महिला की जांच करने के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन करने तथा 11 जनवरी तक रिपोर्ट देकर बताने को कहा था कि गर्भपात की इजाजत दी जा सकती है या नहीं। महिला ने याचिका में कहा था, 27 हफ्ते तथा पांच दिन के गर्भ की अल्ट्रा सोनोग्राफी करने पर पता चला कि भ्रूण ऐनेसेफेली विकार से पीड़ित है।

# छात्रों में बदलाव का जुनून पैदा करना मकसद: सिसोदिया

## दिल्ली शिक्षा सम्मेलन 2021 का आगाज, स्कूली शिक्षा से जुड़े शिक्षाविद विभिन्न विषयों पर रखेंगे अपने विचार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार के दिल्ली शिक्षा सम्मेलन का आगाज सोमवार से हुआ। इस सात दिवसीय सम्मेलन में भारत व सात अन्य देशों के 22 शिक्षाशास्त्री स्कूली शिक्षा के विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखेंगे। इनमें भारत, फिनलैंड, इंग्लैंड, जर्मनी, सिंगापुर, नीदरलैंड, अमेरिका और कनाडा के विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं। पहले दिन बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप द्वारा गत पांच साल में दिल्ली के शिक्षा सुधारों पर एक रिपोर्ट भी जारी की गई। 'स्कूल एजुकेशन रिफॉर्म्स इन दिल्ली 2015-2020' शीर्षक इस रिपोर्ट में दिल्ली सरकार की शिक्षा संबंधी किए गए बड़ बदलाव का ब्योरा है। रिपोर्ट के अनुसार 95 प्रतिशत से अधिक माता-पिता और शिक्षकों का मानना है कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। इसमें यह भी बताया गया है कि शिक्षा विभाग ने सभी हितधारकों को जोड़कर स्थानीय समुदायों और स्कूलों के बीच की खाई पाटने में सफलता पाई है। इससे सरकारी स्कूलों के प्रति अभिभावकों का भरोसा बढ़ा है। सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि शिक्षा ही देश के सोचने और जीने का तरीका हो, यही उनका सपना है। वह शिक्षा के जरिए देश बदलने के लिए ही राजनीति में आए हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पिछले पांच साल में उन्होंने स्कूलों का शानदार भूलभूत ढांचा बनाने, टीचर्स ट्रेनिंग, बच्चों के रिजल्ट इत्यादि में काफी सफलता हासिल की है लेकिन असली सफलता तब मानी जाएगी, जब हर बच्चा देश के लिए कुछ कर गुजरने का जुनून लेकर निकले और देश को बदलने में योगदान करे। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य शिक्षा के जरिए समाज बदलना है। बच्चे पढ़-लिखकर सच्चे देशभक्त बनकर निकलें और उनमें देश के लिए कुछ बेहतर करने की उद्यमी सोच हो। अच्छी बिल्डिंग बनाना और 98 फीसदी रिजल्ट हासिल करना तो महज साधन है। वह समाज बदलने के पॉजिटिव माइंडसेट वाले बच्चों के विकास का लक्ष्य हासिल करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कोरोनाकाल के बाद स्कूल मैनेजमेंट कमिटी की काफी महत्वपूर्ण होगी। यह सम्मेलन आज एससीवी, नेहरू इन्क्लेव, कालकाजी में शुरू हुआ। पैनल चर्चा में दिल्ली की शिक्षा-क्रांति के प्रमुख व्यक्तित्व शामिल हुए।




स्कूल एजुकेशन रिफॉर्म्स इन दिल्ली 2015-2020 की रिपोर्ट जारी करते डिप्टी सीएम।

### शादी का झांसा देकर बनाए संबंध, रेप का केस दर्ज

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के आया नगर में शादी का झांसा देकर महिला से बलात्कार करने के आरोप में 45 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी सोमवार को पुलिस ने दी। उन्होंने बताया कि घिटोरनी गांव का रहने वाला आरोपी दिल्ली में एक सरकारी संस्थान में चपरासी है। उन्होंने कहा कि 35 वर्षीय महिला ने नौ जनवरी को पुलिस में मामला दर्ज कराया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि लिखित शिकायत में उसने कहा कि 2015 में उसके पति की मौत हो गई जिसके बाद वह आरोपी के संपर्क में आई। उसने उससे कथित तौर पर कहा कि उसका भी तलाक हो चुका है और महिला से विवाह करने का वादा कर आरोपी ने उससे शारीरिक संबंध बनाए। महिला को जब पता चला कि वह शादीशुदा है और अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ रहता है।

# गर्भवती महिलाओं व 14 साल से कम उम्र के बच्चों को नहीं लगेगी वैक्सीन

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**कोरोना** वैक्सीन का इंतजार खत्म हो गया है। वैक्सीन लगाने का कार्य शुरू करने की तारीख निर्धारित कर दी गई है। इसी के साथ आपको यह भी जानना है कि कोरोना की वैक्सीन किन-किन को लगेगी। कोरोना की वैक्सीन 14 साल से कम आयु के बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को नहीं लगाई जाएगी। कोरोना की वैक्सीन 2 डोज में लगेगी। पहली डोज के बाद व्यक्ति को दूसरी डोज लगभग 28 दिन के अंतराल में लगाई जाएगी। वैक्सीन की डोज पूरी लगने के बाद व्यक्ति को प्रमाण पत्र दिया जाएगा कि उसने कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज लगवा ली है। वैक्सीनेशन कार्य को लेकर सोमवार को सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में निजी अस्पतालों तथा यूपीएचसी व सीएचसी केंद्र के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

## गुरुग्राम में 16 से 18 जनवरी तक लगेगी कोरोना वैक्सीन

उन्होंने बताया कि जिला में 16, 17 व 18 जनवरी को कोरोना वैक्सीन लगाने का कार्य किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 जनवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना वैक्सीन लगाने के अभियान की शुरुआत करेंगें। गुरुग्राम में यह कार्यक्रम वजीराबाद के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में बनाए गए केंद्र में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री अग्रिम पंक्ति के कोरोना योद्धाओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रूबरू होंगे। सीएमओ डा. विरेंद्र यादव के मुताबिक सरकार के निर्देशानुसार पहले स्वास्थ्यकर्मियों को 16, 17 व 18 जनवरी को वैक्सीन लगाई जाएगी। इसके लिए निजी अस्पतालों तथा जिला में अन्य स्थानों पर कुल 161 केंद्र बनाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन तीन दिनों में लगभग 40 हजार स्वास्थ्य कर्मियों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा गया है।



गुरुग्राम में कोरोना वैक्सीनेशन को लेकर निजी व सरकारी अस्पतालों के प्रतिनिधियों की बैठक लेते सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव।

डा. यादव ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को वैक्सीन लगाने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि इस बारे में किसी को कोई संशय हो तो वह समय रहते दूर कर लें, क्योंकि वैक्सीनेशन कार्य में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि वैक्सीन लगाने का ड्राई रन किया जाएगा, ताकि वैक्सीनेशन के दिन किसी गलती की गुंजाइश ना रहे। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन के लिए अनुभवी मैनपॉवर लगाई जा रही है, ताकि यह कार्य सुचारू रूप से चले। इसके लिए सभी साईटों पर आईईसी सामग्री पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा सभी केंद्रों पर साइनेज आदि भी ठीक से लगाए जाने आवश्यक हैं, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन कार्य में लगे प्रत्येक व्यक्ति को अलग-अलग परिस्थितियों में लागू होने वाले डूज एंड डोंट्स अवश्य पता होने चाहिए।

### डाटा एंट्री ऑपरेटर की भूमिका अहम

**डा. यादव** ने कहा कि वैक्सीनेशन कायर्क्रम में डाटा एंट्री ऑप्रेटर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इन्हें कोविन मोबाइल ऐप पर डाटा अपडेशन को लेकर प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। आज भी लघुसचिवालय में डाटा एंट्री ऑप्रेटरों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि अधिकारी संबंधित केंद्र में व्यवस्था को लेकर माइक्रो प्लान भी अपने स्तर पर बना लें और स्थिति के अनुरूप इसे लागू करें ताकि वैक्सीनेशन कार्य बाधित ना हो।

# जवान व किसान दोनों बॉर्डर पर, ये हैं अच्छे दिन : कैप्टन अजय यादव

## पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पूर्व** मंत्री कैप्टन अजय यादव ने कहा कि मौजूदा सरकार के राज में जवान व किसान दोनों ही बॉर्डर पर हैं। देश के किसान कोई सिंधु बॉर्डर पर, कोई खेड़ा बॉर्डर पर तो कोई किसी और बार्डर पर बैठे हैं। भाजपा की निर्दयी सरकार ने किसानों के आने जाने पर भी बैन कर दिया है। यह बात उन्होंने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उन्हें कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि देते हुए कही।

कैप्टन अजय यादव ने लाल बहादुर शास्त्री श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि शास्त्री जी की सादगी से हर कोई प्रभावित हो जाता था। उनकी साफ छवि के कारण ही उन्हें 1964 में देश का प्रधानमंत्री बनाया गया। उन्होंने अपना पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने देश के जवानों और किसानों को अपने कर्म और निष्ठा के प्रति सुदृढ़ रहने और देश को खाद्य के क्षेत्र में आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से जय जवान, जय किसान का नारा दिया। यह नारा आज भी लोकप्रिय है।

उन्होंने किसान आंदोलन पर कहा कि आंदोलन में 60 से अधिक किसान भाई अपनी जान गंवा चुके हैं, इसके बावजूद यह निर्दयी सरकार किसानों पर अत्याचार करना कम नहीं कर रही है और अपने हठीले रवैया पर बैठी है। उन्होंने दक्षिणी हरियाणा के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से अपील की जहां-जहां पर भी किसान भाई धरने पर बैठे हैं उनको समर्थन दें, उनके साथ बैठे और हर संभव मदद भी करें। गुरुग्राम राजीव चौक पर अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे संयुक्त किसान मोर्चे को भी कैप्टन अजय सिंह ने पंहुचकर अपना समर्थन दिया। उन्होंने करनाल में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का कड़ा विरोध और सभा में तोड़फोड होना यह दर्शाता है कि मुख्यमंत्री हरियाणा की जनता का विश्वास खो चुके हैं। इसलिए उनको नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए।

कैप्टन यादव ने कहा कि सीएम की महापंचायत नहीं होने देने पर 71 किसानों के खिलाफ मामला दर्ज कर किया है। दूसरी तरफ किसानों को रोकने के लिए भाजपा सरकार स्वयं सड़कों को तोड़कर खोद रही है तो सरकारी प्रॉपर्टी को नुकसान पंहुचाने का मामला भी अपने उपर दर्ज कराना चाहिए। मौके पर महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव सुनिता सहरावत, रेखा, निर्मल यादव, रश्मी शर्मा, सुमन सहरावत, कमलबीर, मुकेश शर्मा, भीम सिंह यादव, अरूण शर्मा, समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि देते कांग्रेस नेता।

# कॉलेज की छात्राओं ने स्लम बस्ती में बांटे गर्म कपड़े



गुरुग्राम के राजकीय कन्या महाविद्यालय में बुलाकर जरूरतमंद बच्चों, महिलाओं को कपड़े वितरित करती छात्राएं।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।

**सेक्टर**-14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने सोमवार को स्लम बस्ती में जरूरतमंद बच्चों को गर्म कपड़े वितरित किए। ये सब कपड़े छात्राएं अपने घरों से लेकर आई थी। इससे पूर्व कालेज परिसर में छात्राओं ने प्राचार्य रमेश कुमार गर्ग के समक्ष अपने इस कार्य को सांझा किया।

प्राचार्य रमेश कुमार गर्ग ने छात्राओं के इस कार्य को अच्छा बताते हुए कहा कि हम सबको जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा प्रयास करने चाहिए। यह जरूरी नहीं कि हम बहुत बड़े स्तर पर कोई काम करें। समाजसेवा की शुरुआत हम छोटी से छोटी चीजों से कर सकते हैं। जिस तरह से यहां छात्राओं ने कपड़े देकर स्लम बस्ती के लोगों को सर्दी में सहायता की गई है, यह काबिले तारीफ है।

उन्होंने कहा कि समाजसेवा का कोई रूप नहीं होता। कालेज की छात्राओं ने गर्म कपड़े वितरित करके भी समाजसेवा का ही काम किया है। इस मौके प्राध्यापिका पुष्पा अंतिल, स्टाफ सदस्य नरेंद्र कुमार समेत कई स्टाफ मौजूद रहे।

# स्पा सेंटर की आड़ में चल रहा था देह व्यापार, 7 युवतियों समेत 9 पकड़े

**गुरुग्राम।** स्पा सेंटर की आड़ में चलाए जा रहे स्पा सेंटर में छापेमारी करके एक युवक व 7 युवतियों को आपत्तिजनक हालत में पाया गया। इन सभी के साथ सेंटर के मालिक को भी पकड़ लिया गया। छापेमारी की कार्रवाई डीएलएफ फेज-4 व सुशांत लोक थाना की टीमों ने संयुक्त रूप से की। सोमवार को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) प्रीतपाल ने बताया कि स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार को नहीं पनपने दिया जाएगा।

जानकारी के अनुसार डीएलएफ फेज-4 व सुशांत लोक थाना को गुप्त सूचना मिली थी कि सुशांत लोक सी-ब्लॉक स्थित व्यापार केंद्र गुरुग्राम में वन स्पा सेंटर के नाम से एक स्पा सेंटर बना है। इसमें स्पा के नाम पर देह व्यापार कराया जा रहा है। इस सूचना में दोनों टीमों ने सांझा छापेमारी करने की योजना तैयार की। पुलिस टीमों ने तत्परता से संयुक्त रूप से कानून की औपचारिकताओं को पूरा करते हुए बिना किसी देरी के बताए हुए स्थान पर जाकर अपने बोगस ग्राहक को स्पा में भेजा।

इस दौरान पता चला कि वहां पर मौजूद युवतियों द्वारा मसाज के नाम पर देह व्यापार का काम कर रही है। इसी दौरान बाकी पुलिस फोर्स वहां पहुंची। पुलिस ने मौके पर स्पा सेंटर के मालिक, एक युवक व 7 युवतियों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा। मैनेजर सत्यवीर पुत्र सूबे सिंह निवासी गांव सकतपुर जिला अलवर के खिलाफ कानून की उचित धाराओं के तहत सुशांत लोक थाना में केस दर्ज किया गया है। आरोपी से पुलिस पूछताछ में पता चला है कि सत्यवीर स्पा सेंटर का मालिक है। वह स्पा की आड़ में यहां प्रति व्यक्ति 500 से 1000 रुपए तक लेकर देह व्यापार यानी वेश्यावृति करवाने का काम करता है।

# सोहना तहसील में अवैध रजिस्ट्रियों की जांच पर लगी है टकटकी

## 2017 से 2020 के बीच हुई थी अवैध कॉलोनियों में रजिस्ट्रियां

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** तहसील कार्यालय में 2017 से 2020 के दौरान अवैध कॉलोनियों में हुई रजिस्ट्रियों की जांच में कई अधिकारी और कर्मचारियों पर तलवार लटकी है। 7ए और अवैध कॉलोनियों में प्लाटों की हुई रजिस्ट्रियों पंजीकृत की जांच मंडल आयुक्त कर रहे हैं। जिससे तहसील कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों-अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

प्रदेश सरकार द्वारा गत दिनों रजिस्ट्रियों की जांच कराए जाने के निर्णय को लेकर तहसीलों में हड़कंप की स्थिति है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने जांच का जिम्मा मंडल आयुक्तों को सौंपा था। सूत्रों के अनुसार सोहना तहसील के मंगवाई गई करीब 600 रजिस्ट्रियों की जांच लगभग अंतिम चरण में चल रही है। जिससे सोहना तहसील कार्यालय में 2017 से 2020 के दौरान कार्यरत रहे तहसीलदार, नायब तहसीलदार और कर्मचारियों में बेचैनी बनी हुई है। जिन्होंने सभी सरकारी नियम ताक पर रख कर रजिस्ट्रियां बिना किसी खौफ के की थीं। अवैध कॉलोनी, 7ए भूमि की रजिस्ट्रियां बगैर एनओसी के रजिस्टर्ड की थीं।

### 2020 में रजिस्ट्रियां पंजीकृत के तीन मामले दर्ज

**जांच** के दौरान सोहना तहसील कार्यालय में अवैध कॉलोनियों और प्रतिबंधित क्षेत्र में प्लॉटों की रजिस्ट्रियां किए जाने को लेकर 2020 में एक बाद एक तीन मामले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सोहना सिटी थाने में दर्ज उच्चाधिकारियों द्वारा कराए गए थे। जिनमें से एक मामले की जांच तो गठित की गई कमेटी द्वारा की जा रही है। यह तो आने वाला समय ही बताएगा कि ऊंट किसी करवट बैठेगा। कौन-कौन अधिकारी पर जांच की गाज गिरेगी।

### सोहना तहसील चर्चाओं में रही

**कभी** प्रदेश में रेवणु कमाने के मामले में नंबर एक पर रहने वाली सोहना तहसील अवैध कॉलोनियों में हुई रजिस्ट्रियों के मामले में चर्चाओं में छाई हुई है। 2020 में जब पूरा विश्व कोविड-19 महामारी से मुकाबला कर रहा था। रोज नई-नई योजनाएं महामारी से निपटने के लिए बनाई जा रही थीं। उस समय में भी सोहना तहसील कार्यालय में प्रदेश सरकार को रेवणु की कमाई कराने की आड़ में सैकड़ों अवैध रजिस्ट्रियां की गई थीं। सोहना तहसील के अधिकारियों ने कार्यालय की मर्यादाओं का गला घोटकर प्रॉपर्टी डीलरों को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से उनके कार्यालय में जाकर रजिस्ट्रियां पंजीकृत की थीं। ताकि किसी अधिकारी और तहसील कार्यालय के अधिवक्ताओं, अजनवीस, स्टांप पेपर बिक्रेताओं को मालूम न हो सके।

# दरोगा ने अदालत में किया सरेंडर, कॉल सेंटर संचालक से 1 करोड़ रुपए रिश्वत मांगने का है आरोपी

**गुरुग्राम।** रिश्वत के आरोपी खेड़कीदौला के दरोगा को आखिरकार कानून के सामने आना ही पड़ा। सोमवार को उन्होंने चारों ओर से दबाव के चलते आत्मसमर्पण करना ही पड़ा। इससे पहले एक हवलदार को 5 लाख रुपए रिश्वत के साथ गिरफ्तार जा चुका है। अदालत ने आरोपी दरोगा को राज्य सतर्कता ब्यूरो को पूछताछ के लिए सौंपा है। जिसने खुलासा किया है कि उसने यह रिश्वत दरोगा यानी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विशाल के कहने पर ही ली थी। बता दें कि दिल्ली के उत्तम नगर निवासी नवीन भुटानी ने राज्य सतर्कता ब्यूरो को शिकायत दी थी कि वह कॉल सेंटर चलाते हैं। उनके अपने सांझेदार से रुपयों को लेकर विवाद चल रहाथा। इस विवाद में साझेदार ने उन्हें गुरुग्राम स्थित सेक्टर-29 बुलवाया था। इसके बाद पुलिस द्वारा उसे खेड़कीदौला पुलिस थाना ले जाया गया था।

# अवैध कारोबार पर नियंत्रण को सोने पर आयात शुल्क और जीएसटी 7 फीसदी किया जाए : अहमद एमपी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**केंद्रीय** बजट 2021-22 से उम्मीदों के तौर पर मालाबार समूह के चेयरमैन एमपी अहमद ने सरकार से आग्रह किया है कि देश में बड़े पैमाने पर सोने की तस्करी पर रोक लगाने, सोने के कारोबार को बढ़ावा देने और उपभोक्ताओं का विश्वास मजबूत करने व स्वर्ण आभूषणों की मांग बढ़ाने के लिए सोने पर आयात शुल्क व जीएसटी सहित विभिन्न करों की दर को घटाकर 7 प्रतिशत किया जाना चाहिए।

अहमद ने कहा कि सरकार को आभूषणों के खुदरा व्यापार में विभिन्न आभूषणों के लिए एमआरपी की व्यवस्था के लिए माहौल बनाना चाहिए। इसमें कीमत को जीएसटी या अन्य कर के हिसाब से अलग-अलग कर लिखने की बाध्यता नहीं होनी चाहिए। एमआरपी आधारित बिल पर लेन-देन से आभूषणों के खुदरा कारोबार में कर अनुपालन



सुनिश्चित होगा सरकार का राजस्व बढ़ेगा। वर्तमान में सोने पर 12.5 फीसदी आयात शुल्क और 3 फीसदी जीएसटी की व्यवस्था है। इससे कुल शुल्क एवं जीएसटी 15.5 प्रतिशत हो जाता है। अहमद ने कहा कि इतने ज्यादा टैक्स के कारण तस्करी और कर चोरी को बढ़ावा मिलता है। इसलिए, आयात शुल्क एवं जीएसटी को 7 प्रतिशत पर लाना इस उद्योग में अवैध गतिविधियों पर लगाम का प्रभावी तरीका हो सकता है। अपनी बजट उम्मीदों पर चर्चा करते हुए अहमद ने कहा, 'ज्यादा आयात शुल्क तस्करी एवं कर चोरी का अहम कारण है।

सरकार को आभूषण कारोबार पर ऊंचे आयात शुल्क से पड़ने वाले दुष्प्रभाव का आकलन करना चाहिए और शुल्क की दर को कम करना चाहिए, जिससे सोने के कारोबार और उसके उपयोग में पारदर्शिता आ सके। सरकार कारोबार में अनाधिकृत लेनदेन पर नियंत्रण का प्रयास कर रही है और सोने पर आयात शुल्क एवं जीएसटी को कम करना इस दिशा में सहायक होगा। आभूषण उद्योग को मनी लॉन्ड्रिंग रोधी कानून के दायरे में लाना सरकार की निर्णय क्षमता का उदाहरण है। उद्योग जगत को सोने पर आयात शुल्क घटाने के मामले में भी संबंधित मंत्रालय से इसी तरह की सक्रियता की उम्मीद है।' यद्यपि सोने पर कर एवं शुल्क 15.5 फीसदी है, लेकिन माइनिंग रॉयल्टी को जोड़ने के बाद यह करीब 20 फीसदी पर पहुंच जाता है। अमेरिका, चीन, सिंगापुर, न्यूजीलैंड, मलेशिया, यूएई, ओमान, सऊदी अरब, कतर, बहरीन और कुवैत ने सोने की तस्करी रोकने को आयात शुल्क पूरी तरह खत्म कर दिया है।

# कविता पाठ में छठी का भविष्य तो आठवीं की मीक व रिया प्रथम

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार के माध्यमिक विभाग में कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए मोबाइल द्वारा ही कविता पाठ प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें कक्षा छठी से आठवीं तक के 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन विद्यार्थियों ने समय सीमा, प्रस्तुतिकरण, भाषा प्रवाह व विषय को देखते हुए अपनी वीडियो बनाकर भेजी। कविता पाठ प्रतियोगिता का मूल्यांकन डाक्टर रमाकांत शर्मा ने किया। कक्षा छठी से भविष्य ने प्रथम, पुलकिता शर्मा ने द्वितीय व निकिता ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। कक्षा सातवीं से अभिनव ने प्रथम, जानवी व सौम्य ने द्वितीय और शुभ तंवर ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। कक्षा आठवीं से महक व रिया ने प्रथम, हर्षित व रिद्धिमा ने द्वितीय और हिमांशु ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

# पूर्व प्रधानमंत्री को किया नमन : शास्त्री जी को दी श्रद्धांजलि



**भिवानी।** देश के दूसरे प्रधानमंत्री और जय किसान-जय जवान का नारा देने वाले लाल बहादुर शास्त्री को सोमवार को 55वीं पुण्यतिथि पर विभिन्न राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों के लोगों ने पूर्व प्रधानमंत्री को नमन किया व उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

भिवानी में युवा कल्याण संगठन के पदाधिकारियों ने लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने कहा कि शुचिता, सादगी व सरलता की प्रतिमूर्ति, श्वेत क्रांति व हरित क्रांति के प्रणेता, जय जवान-जय किसान जैसे अमर मंत्र के उद्घोषक, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते है। कमल सिंह प्रधान ने कहा कि कहा कि भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री ने एक ओर अपनी सादगी से राजनीति में नए मानक स्थापित किए तो वहीं दूसरी ओर अपने दृढ़ नेतृत्व से देश को विषम परिस्थितियों में एकजुट कर जवानों और किसानों में अद्भुत ऊर्जा का संचार किया।

# संक्षिप्त समाचार

## मेडिकल कॉलेज निर्माण का धरना 11वें दिन में प्रवेश



**भिवानी।** गांव प्रेमनगर में चल रहे धरने के ग्यारवें दिन धरनारत लोगों का जमावड़ा लगा रहा। धरने पर लोगों की संख्या पहले से भी ज्यादा रही और पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी धरने पर पहुंची। गांव के लोगों के साथ-साथ अन्य दूसरे गांवों के से भी लोग धरने पर पहुंचे। धरने के 11वें दिन भी लोगों का जोश बरकरार है। लोग पूरी तरह से आश्वस्त है कि सरकार अपने किए वायदे को जरूर पूरा करेगी। लोगों ने सरकार की वायदे खिलाफी के खिलाफ नारेबाजी की। सरकार को धरने के माध्यम से आक्रोशित होकर सूचित किया कि जब तक सरकार भिवानी क्षेत्र की इस बहुत महत्त्वकांक्षी स्वास्थ्य व शिक्षा की उपलब्धता की इस योजना को जब तक पूरा नहीं किया जायेगा तब तक सभी लोग धरने पर डटे रहेंगे और यदि जल्दी ही मेडिकल कॉलेज का काम पूरा नहीं किया जायेगा और यूनिवर्सिटी में नौकरियों का आरक्षण गांव वासियों के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों के लिए लागू नहीं किया जायेगा, तो धरनारत लोग धरने को बढ़ाने के साथ-साथ अन्य विकल्पों पर अमल लाया जायेगा। धरनारत लोगों ने कहा कि 12 जनवरी को धरने पर आस-पास के सभी सरपंचों के साथ-साथ पूरी पंचायते एवं अन्य सभी लोग धरने पर पहुंचेंगे।

## पांच हजार रुपये का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**सोहना।** सोहना सीआईए पांच पुलिस ने पांच हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश के खिलाफ 307 के गुरुग्राम और जिला पलवल में मुकदमा दर्ज है। जांच अधिकारी सीआईए प्रभारी इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह ने बताया कि गुरुग्राम पुलिस ने प्रशांत उर्फ संजू पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ है। प्रशांत उर्फ संजू को रविवार शाम खटपुरी मोड़ के पास से गिरफ्तार किया है। जो किसी वारदात को अंजाम देने की नीयत से खड़ा था। जिसके पास से एक देशी कट्टा बरामद किया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि प्रशांत उर्फ संजू के खिलाफ सोहना सदर थाना क्षेत्र में दो और एक जिला पलवल के थाना हथीन में हथियार रखने और फायरिंग करने के मामले दर्ज हैं। सोमवार को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है।

## पेट्रोल पंप कारिंदों पर हमला कर बदमाशों ने लूटे डेढ़ लाख

**भिवानी।** भिवानी जिले के उप मंडल लोहारू में देर रात लुटेरे पेट्रोल पंप से डेढ़ लाख रुपये लूट ले गए। वारदात पिलानी रोड के राजस्थान बॉर्डर पर मौजूद पेट्रोल पंप पर अंजाम दी गई। लुटेरे तेजधार हथियारों से लैस थे। हमले में एक कारिंदे का कान कट गया और पैर में फैक्चर आ गया। लुटेरों ने सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर भी तोड़ दी। घायल कारिंदों ने बताया कि लोहारू की ओर से एक गाड़ी पेट्रोल डलवाने के लिए रुकी। गाड़ी में से तीन युवक हाथों में तेज धारदार हथियार लेकर उतरे और उन्होंने जयचंद से नकदी छीननी शुरू कर दी। विरोध करने पर हमलावरों ने जयचंद पर हमला कर दिया। इससे उसका कान कट गया। एक पांव फैक्चर हो गया। शोर शराबा सुनकर पड़ोसी दौड़े आए, लेकिन तब तक हमलावर लूट करके फरार हो चुके थे। लूट की सूचना तुरंत लोहारू थाने में दी गई। घायल कर्मी को लेकर लोग लोहारू अस्पताल पहुंचे, लेकिन अस्पतालकर्मियों ने गेट तक नहीं खोला। परेशान होकर वे भिवानी चले गए। रोहतक में जयचंद उपचाराधीन है। पुलिस का रवैया भी काफी निराशाजनक रहा।

## विवेकानंद ने दुनिया में संत समाज का बढ़ाया है कद



**भिवानी।** हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम में युवा जागृति एवं जन कल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा धर्म, संस्कृति व संस्कार के महानायक स्वामी विवेकानंद और देश को आजादी दिलाने वाले महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को लेकर पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दोनों महान पुरुषों की जयंती पर एक माह कार्यक्रम का आगाज बाल योगी महंत चरण दास महाराज के नेतृत्व में किया गया है। जिसके तहत 15 दिन तक स्वामी विवेकानंद को समर्पित कार्यक्रम रहेंगे और 15 दिन तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन प्रसंग को लेकर पखवाड़े रूप में कार्यक्रम रहेंगे। युवा जागृति एवं जन कल्याण मिशन ट्रस्ट के द्वारा हरियाणा प्रांत सहित अन्य राज्यों के अंदर भी प्रचार वाहन के तहत विचार गोष्ठी, सेमिनार, नुक्कड़ संदेश, चेतना कार्यक्रम, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता व निबंध प्रतियोगिता के तहत अलग-अलग स्थानों पर कार्यक्रम रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक महंत चरण दास महाराज ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जैसे महान संत पर संत समाज को बड़ा गर्व है। जिन्होंने भारत का नेतृत्व करते हुए शिकागो जैसे धर्म सम्मेलन में दुनिया को संस्कार और संस्कृति का संदेश देने का काम किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जैसे महान पुरुषों से आज के संत समाज को भी जीवन में प्रेरणा लेकर देश को आगे बढ़ाना चाहिए।

## नए कोरोना वायरस पर चलाया जागरुकता अभियान



**गुरुग्राम।** समाजसेवा में लंबे समय से जुड़ी संस्था अखिल भारतीय सद्भावना (एबीएस) ट्रस्ट ने कोरोना के हाल में खोजे गए नए स्ट्रेन बी 117 के खिलाफ जागरुकता अभियान चलाया और इसके बचाव के लिए मास्क वितरित किए। एबीएस ट्रस्ट से लंबे समय से जुड़ी अक्षिता चौधरी ने बताया कि जब उनको ग्रेट ब्रिटेन में पाए गए इस नए स्ट्रेन के बारे में पता चला तो इसके बचाव के लिए कार्य करना शुरू कर दिया। एबीएस ट्रस्ट की प्रेजिडेंट नीलम चौधरी के मार्गदर्शन में गुरुग्राम में रह रहे समाज के कमजोर तबकों को इस नए स्ट्रेन की भयावहता की जानकारी दी और सबको ट्रस्ट की तरफ से फ्री मास्क वितरित किए। अक्षिता चौधरी के अनुसार एबीएस ट्रस्ट का यह अभियान कोरोना महामारी की शुरुआत से ही चल रहा है। इसे कोरोना पर नियंत्रण होने तक लगातार चलाया जाएगा। सोमवार को एबीएस ट्रस्ट का ये अभियान गुरुग्राम के सोहना रोड पर चलाया गया। इसमें गरीब और असहाय लोगों को मास्क वितरित किए। बच्चों को खाने के लिए फल भी दिए। ट्रस्ट की प्रेजिडेंट नीलम चौधरी का कहना है कि जब तक कोरोना महामारी पर पूरी तरह नियंत्रण नहीं पा लिया जाता, तब तक इससे बचाव के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करें। उन्होंने कहा कि एबीएस ट्रस्ट समाज की भलाई के लिए हमेशा कटिबद्ध है।

## रूठों को मनाने का पर्व है मकर संक्रांति

**गुरुग्राम।** मकर संक्रांति का पर्व प्राचीन काल से ही मनाया जाता आ रहा है। देश के विभिन्न प्रदेशों में इस पर्व के रूप अवश्य बदले दिखाई देते हैं। मकर संक्रांति दान देने वाला दिन माना जाता है। धार्मिक ग्रंथों में भी उल्लेख है कि इस दिन लोगों को अपनी सामर्थ्यनुसार दान अवश्य करना चाहिए। गुरुग्राम के विभिन्न क्षेत्रों में तिल से बने खाद्य पदार्थों की दुकानें सजी हुई हैं। खरीददारों की भी भीड़ लगी है। सभी अपनी सामर्थ्यनुसार ये खाद्य पदार्थ खरीद रहे हैं। कोरोना महामारी का प्रभाव इस पर्व पर भी पड़ता दिखाई दे रहा है। प्रतिवर्ष गुरुग्राम से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मकर संक्रांति पर्व पर हरिद्वार व प्रयागराज में गंगा स्नान के लिए जाते थे, लेकिन कोरोना के कारण ऐसा होता दिखाई नहीं दे रहा है।

# कत्ले-आम की कहानी सुन आज भी कांप उठती है रूह

**कविता। फरीदाबाद**

**आमतौर** पर पूजा स्थल अपने आराध्य की पूजा-अर्चना के लिए बनाए जाते हैं, लेकिन एनएच पांच में एक गुरुद्वारा भारत पाकिस्तान के बंटवारे के दौरान हुए कत्ले आम के शहीदों की याद में बनाया गया है।। इसे 'गुरुद्वारा शहीदाने गुजरात ट्रेन' के नाम से जाना जाता है। भारत पाकिस्तान बंटवारे के दौरान के भारत आते समय शहीद हुए 2600 लोगों की याद में इस गुरुद्वारा को बनवाया था। गुरुद्वारे प्रत्येक वर्ष शहीदी दिवस का आयोजन किया जाता है। इस साल गुरुद्वारे में शहीदों का 73 वां शहीदी दिवस है। कोरोना के कारण कार्यक्रम फीका पड़ गया है।

**गुरुद्वारे का 73वां सालाने पर विशेष**



फाइल फोटो

### यह है इतिहास

**एनआईटी** नंबर पांच के बी ब्लॉक का यह गुरुद्वारा आस्था के साथ देश भक्ति का भी प्रतीक माना जाता है। गुरुद्वारे का निर्माण 1951 में बंटवारे के दौरान शहीद हुए लोगों की याद में कराया गया था। गुरुद्वारा शहिदाने गुजरात ट्रेन प्रबंधक कमेटी का कहना है कि भारत पाकिस्तान विभाजन के बाद हिन्दू और सिख समुदाय के लोग भारी संख्या में पाकिस्तान छोड़कर भारत आ रहे थे। 10 जनवरी 1948 को एक ट्रेन पाकिस्तान के बन्नू से भारत के लिए रवाना हुई थी। ट्रेन में करीब 3600 हिन्दू और सिख समुदाय के लोग सवार थे। इनकी सुरक्षा के लिए 60 सैनिक भी तैनात थे। रास्ते में कबाइलियों ने इस ट्रेन का रास्ता बदल दिया।

विभिन्न रास्तों से ट्रेन 12 जनवरी 1948 को पाकिस्तान स्थित गुजरात स्टेशन पर पहुंची। ट्रेन जैसे ही रुकते ही घात लगाकर बैठे जालिमों ने ट्रेन पर सवार लोगों पर गोलियों पर बौछार कर दी। तभी ट्रेन में लोगों की सुरक्षा के लिए तैनात सैनिकों ने जवाब में फायरिंग शुरू कर दी। कुछ समय तक मुकाबला करने के बाद सैनिकों का असला भी खत्म हो गया और सभी सैनिक लड़ते-लड़ते शहीद हो गए। इसके तुरंत बाद हमलावरों ने बंदूक, तलवारों और अन्य हथियारों के साथ ट्रेन पर सवार लोगों पर हमला कर दिया। हमलावरों ने बड़ी बेरहमी के साथ 2600 लोगों की हत्या कर दी। इनमें युवा, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी शामिल थे। शेष लोग किसी तरह भारत पहुंचे थे। पाकिस्तान से भारत आए लोगों के रहने के लिए फरीदाबाद में व्यवस्था की गई थी।

उन्होंने ट्रेन में शहीद हुए लोगों की याद में एनआईटी नंबर 5 बी ब्लॉक में गुरुद्वारे का निर्माण कराया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा उन शहीदों की याद में हर साल 12 जनवरी को शहीदी दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर गुरुद्वारे में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। लेकिन इस बार कोरोना महामारी के बीच यह कार्यक्रम फीका है।

# कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल शास्त्री को दी श्रद्धांजलि

## जय जवान- जय किसान के नारे और शास्त्री के सपनों को कुचल रही भाजपा सरकार



**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**हरियाणा** प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा कुमारी सैलजा के निर्देशानुसार जिला फरीदाबाद के कांग्रेसजनों ने सेक्टर 17 स्थित लेबर चौक में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और किसान उत्थान के लिए किए गए उनके उल्लेखनीय कार्यों को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तिगांव विधानसभा के पूर्व विधायक ललित नागर एवं पूर्व विधायक आनंद कौशिक ने की।

भारतीय राजनीति के महानायक, अजातशत्रु, स्वतंत्रता सेनानी शास्त्री ने अपनी ईमानदारी, राष्ट्रप्रेम, कर्तव्यनिष्ठा, सादगी, सरलता एवं निस्वार्थ देशसेवा से न केवल देश के लोगों का दिल जीता है, बल्कि विरोधियों के दिल में भी जगह बनाकर, अमिट यादों को जन-जन के हृदय में स्थापित कर हमसे जुदा हुए थे। उनका राष्ट्रप्रेम और देश के लिए कुछ अनूठा करने की इच्छा ही थी, जो उन्हे देश के स्वाधीनता संग्राम की ओर खींच लाई। उन्होंने कई स्वतंत्रता संग्रामों में हिस्सा लिया और निस्वार्थ भाव से देश की सेवा की। अपनी कर्तव्यनिष्ठा और देशप्रेम के बदौलत वह उस समय के महत्वपूर्ण नेताओं में से अग्रणी बन गये थे।

# रिश्वत लेते हुए महिला पुलिस कर्मी रंगेहाथों गिरफ्तार

## नाम निकलवाने के लिए 30 हजार रुपये की मांग कर रही थी

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**




**दहेज** प्रताड़ना के मामले में आरोपी बनाए गए लोगों के नाम मुकदमे से निकालने के बदले में परिजनों से पांच हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में विजिलेंस की टीम ने एनआईटी महिला थाने में तैनात एक महिला हेड कॉन्सटेबल को रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिस कर्मी इससे पहले दबाव बना कर उनसे 25 हजार रुपये वसूल चुकी है। विजिलेंस ने आरोपी महिला के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। विजिलेंस द्वारा उसे मंगलवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

डबुआ कॉलोनी में रहने वाले विजय कुमार ने पिछले दिनों इस मामले में सेक्टर 17 स्थित विजिलेंस कार्यालय में शिकायत दी थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि उनके साले सूरज और उसकी पत्नी कोमल के बीच काफी समय से विवाद चल रहा है। जिसके कारण कोमल ने सूरज के साथ उसके माता-पिता, बहन और अन्य रिश्तेदारों के खिलाफ एनआईटी महिला थाने में दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज करा दिया था। मामला दर्ज होने के बाद महिला थाने की तरफ से आरोपियों को आए दिन बुलाकर जांच पड़ताल की जा रही थी। विजय का कहना है कि मामले में उनके बुजुर्ग सास-ससुर के साथ उनकी पत्नी को भी परेशान किया जा रहा था। महिला की जांच पड़ताल में शामिल हेड कॉन्सटेबल सुषमा रानी उन पर लगातार पैसे के लिए दबाव बना रही थी। हेड कॉन्सटेबल का कहना था कि पैसे लेने के बाद वह इस मामले से सास-ससुर और ननद का नाम निकाल देगी। इसके बाद बदले में वह उनसे 30 हजार रुपये की मांग कर रही। विजय का आरोप है कि उन्होंने किसी तरह सुषमा रानी को 25 हजार रुपये दे दिए थे। लेकिन वह शेष पांच हजार रुपये के लिए भी दबाव बना रही थी। जिसके कारण उन्होंने मामले की शिकायत बिजिलेंस कार्यालय में दे दी।

आरोपी महिला को पकड़ने के लिए अधिकारियों ने टीम गठित कर दी। जिसके बाद उन्होंने विजय को पाउडर लगे नोट दे दिये। इस बीच हेड कॉन्सटेबल सुषमा ने विजय को फोन पैसे लेकर बीके अस्पताल पहुंचने के लिए कहा। टीम को बता कर विजय रुपये लेकर बीके अस्पताल पहुंचा और सुषमा को रुपये देकर टीम को इशारा कर दिया। तभी विजिलेंस टीम ने छापा मारकर आरोपी महिला पुलिस कर्मी को रंगेहाथों दबोच लिया।

# कोरोना : 36 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 45860

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



**जिले** में कोरोना के लगातार मामले सामने आ रहे हैं। सोमवार को 36 मामले सामने आने से कोविड-19 का आंकड़ा जिले में 45860 पर पहुंच गया। वहीं दूसरी तरफ राहत की बात यह रही जिले में 15 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 98.7 प्रतिशत पर पहुंच गया। वहीं दूसरी तरफ जिले में 1320 लोगों की रिपोर्ट आनी शेष है।

### ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| जिले में कुल जांच | : 467400 |
| अब तक पॉजिटिव | : 45860 |
| अब तक नेगेटिव | : 420220 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 1320 |
| ऑक्सीजन पर | : 11 |
| वेंटिलेटर पर | : 5 |
| अब तक मौत | : 408 |
| अब तक ठीक | : 45860 |

### यहां से पॉजिटिव

**36 पॉजिटिव** में जवाहर कॉलोनी (4), ग्रीन फिल्ड कॉलोनी (1), एनएचपीसी कॉलोनी (1), सेक्टर-8 (1), सेक्टर-7 (1), सैनिक कॉलोनी (1), एनएच-दो (1), सेक्टर-21 (2), सेक्टर-88 (2), सवाना (1), सेक्टर-80 (1), सेक्टर-82 (1), सेक्टर-86 (1), सेक्टर-46 (2), सेक्टर-9 (1), सेक्टर-15 (1), सेक्टर-49 (1), एनएच-एक (1), वीपीओ मांगर (1), सेक्टर-49 (1), सराय (2), तिलपत (1), सेहतपुर (1), सेक्टर-14 (1), हाउंसिंग बोर्ड कॉलोनी (1), सेक्टर-37 (3) और अन्य एरियों से एक मरीज शामिल है।

## संक्षिप्त समाचार

### उल्टा चलते हुए जनसंख्या नियंत्रण के प्रति किया जागरूक



**फरीदाबाद।** बीके चौक नगर निगम पर अपना अभियान चलाया तलवार दंपति ने जनसंख्या वृद्धि के क्या नुकसान बताए। उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण पर अपना अभियान उल्टा चलते हुए पदयात्रा के साथ जोशीली आवाज से जागरूक करके दिया। लोगों को पोस्टकार्ड वितरित किए और कहा कि आप प्रधानमंत्री को यह पत्र जरूर लिखें कि वह जनसंख्या पर विचार करें और जल्दी से जल्दी कोई अच्छा सा समाधान निकालें ताकि देश की प्रगति को रोक ना लगे और आबादी पर रोक लगे। यही उनका मकसद है। मेरठ निवासी तलवार दंपति दिनेश तलवार दिशा तलवार हमेशा से इस कार्य में लगे रहते हैं और 200 से शहरों से ज्यादा पद यात्रा कर चुके हैं। तलवार दंपति अभी तक हार नहीं माने हैं और उम्मीद करते हैं कि एक दिन इस पर समाधान जरूर निकलेगा। पूरे साल यानी 365 दिन तक लिखे तलवार दंपत्ति ने प्रधानमंत्री को पत्र 2020 में एक जनवरी से पत्र लिखना शुरू किया जनसंख्या नियंत्रण पर देश के प्रधानमंत्री को और रोजाना तलवार दंपत्ति ने प्रधानमंत्री को जनसंख्या नियंत्रण के लिए 365 दिन तक रोज एक पत्र पोस्टकार्ड या अन्य रूप में भेजा गया।

### डीएवी में वेबिनार का किया आयोजन



**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी महाविद्यालय में आध्यात्मिक क्लब द्वारा शिक्षा में आध्यात्मिक मूल्यों की भूमिका विषय पर वेबिनार का आयोजन किया। वेबिनार की मुख्य वक्ता प्राजिवका दिव्यनंदाप्राना (महाशय सदस्य शारदा मथ व रामकृष्णा शारदा मिशन) रहीं। कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सविता भगत ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए कहा कि ये कॉलेज के लिए अत्यन्त गर्व व प्रसन्नता का विषय है कि प्राजिवका दिव्यनंदाप्राना अपने कीमती समय से कॉलेज के लिए समय निकाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्चना सिंगल (समन्वयक वेबिनार) द्वारा किया गया। अंत में संयोजिका डॉ. विजयवन्ती यादव ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि प्राजिवका का कॉलेज से जुड़ना बहुत गौरव का विषय है। कार्यक्रम का संचालन ऑनलाइन माध्यम से किया गया जिसमें कॉलेज के समस्त स्टाफ व छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. विजयवन्ती यादव, समन्वयक डॉ. अर्चना सिंगला व आयोजन सचिव दिनेश कुमार व डॉ. प्रिया कपूर रहे।

### सीट बढ़ाने की मांग को लेकर एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन



**फरीदाबाद।** एनएसयूआई हरियाणा के प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री के नेतृत्व में छात्रों ने उच्चतम शिक्षा विभाग के डायरेक्ट अजित बालाजी जोशी के असिस्टेंट दलबीर सिंह को सभी कॉलेजों की यूजी, पीजी कक्षाओं में 20 प्रतिशत सीट बढ़वाने तथा एडमिशन पोर्टल दुबारा से खुलवाने के लिए ज्ञापन सौंपा। दरअसल पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज में तथा फरीदाबाद के अन्य कॉलेजों में कक्षाओं का निरीक्षण करने के लिए डीएचई डायरेक्टर के सहायक दलबीर सिंह आये थे और तभी छात्रों ने ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर एनएसयूआई जिला सहसचिव पार्थ पाराशर, छात्र नेता नवीन चौधरी, हेमंत पाराशर, नीरज सैनी, सोनी, मंजू, निशा बंसल, सुनैना, वर्षा, कविता, निक्की, दीपक गोयल, अमित, भक्ति और श्रीकांत आदि मौजूद थे।

### जल जीवन मिशन को सफल बनाएं : सिंह



**फरीदाबाद।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के नोडल अधिकारी कार्यकारी अभियंता कर्णबीर सिंह और जिला सलाहकार दीपक कुमार ने जल जीवन मिशन के पोस्टर का विमोचन किया। नोडल अधिकारी कर्णबीर सिंह ने बताया कि जल जीवन मिशन हरियाणा सरकार का महत्वकांक्षी मिशन है। जल जीवन मिशन के तहत हर घर को नल से जल दिया जाएगा। कर्णबीर सिंह बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2019 को लाल किले से जल जीवन मिशन की घोषणा की थी। इस मिशन के तहत हर घर को नल से जल 2024 तक दिया जाएगा। वही हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देशानुसार वर्ष 2022 तक हरियाणा के हर घर में नल से जल दिया जाएगा। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि जल जीवन मिशन के प्रचार प्रसार के लिए जल जीवन मिशन का पोस्टर बनवाए गए हैं। दीपक कुमार ने बताया कि प्रत्येक ग्राम एवं सीवरेज कमेटी और गांव-गांव में बांटे जाएंगे ताकि लोगों में जल जीवन मिशन के प्रति जागरूकता आए और लोग जल संरक्षण की करें ताकि हमारे आने वाली पीढ़ी का जल संकट का सामना ना करना पड़े। दीपक कुमार ने बताया कि जल हम सबकी सांझी संपत्ति है और इस सांझी संपत्ति को हम सबको संयुक्त प्रयास करके बचाना है। ताकि हमें जल संकट का सामना ना करना पड़े।

### रोटरी मिडटाउन ने बांटी 100 गर्म जेकिट



**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद मिडटाऊन ने एनएच-2 स्थित ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को 75 जेकिट और फल बांटे। इसके अलावा शहर में विभिन्न जगहों पर चल रहे निर्माणीधन भवनों की जगह पर जाकर वहां काम कर रहे मजदूरों को भी 25 जेकिट वितरित की। क्लब प्रधान पंकज गर्ग, सचिव डॉ. आशीष वर्मा, कोषाध्यक्ष सचिन खोसला और उनकी पूरी टीम ने नववर्ष की शुरुआत पर बहुत ही नेक काम किया है। इस बारे में क्लब के प्रधान पंकज गर्ग ने कहा कि हमें बुजुर्गों का आदर करना चाहिए। बड़ी उम्र में शरीर कमजोर हो जाता है और बीमारियां घेर लेती हैं। ऐसे में बुजुर्गों को सहारा देना हमारा कर्तव्य है। हमें उनके साथ प्रेम पूर्वक व्यव्हार करके उन्हें मानसिक संतोष प्रदान करना चाहिए। आशीष वर्मा और सचिन खोसला ने कहा कि वृद्धों के चहरे पर मुस्कान की कोई कीमत नहीं है। क्लब के प्रधान पंकज गर्ग ने वरिष्ठ रोटेरियन हरपाल और उनकी धर्मपत्नी कमल का जेकिट स्पौनसर करने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सुनील गुप्ता, हरपाल, मनोचा, सतेन्द्र, उपेन्द्र व डॉ.आशीष का खासतौर पर धन्यवाद किया

# सेक्टर 55 सरकारी स्कूल को मिली सीबीएसई की मान्यता



**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**राजकीय** आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 55 में विद्यालय प्रबंध समिति व अध्यापकों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली से विद्यालय को संबद्धता मिलने पर मिठाई बांटकर खुशी व्यक्त की। विद्यालय के प्रधानाचार्य सतेन्द्र सौरोत ने विद्यालय प्रबंध समिति को जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय को सीबीएसई से संबद्धता एक अप्रैल, 2021 से 31 मार्च 2023 तक के लिए प्राप्त हुई है।

अगले वर्ष एक अप्रैल से जो विद्यार्थी 9वी वह 11वीं में प्रवेश लेंगे वह मार्च 2023 में क्रमश: 10वीं और 12वीं की परीक्षा सीबीएसई से देंगे। अर्थात इस वर्ष मार्च 2021 व मार्च 2022 की परीक्षा हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से ही आयोजित की जाएगी। अगले सत्र हेतु इस विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया फरवरी 2021 में प्रारंभ कर दी जाएगी।

विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्षा सुनीता देवी, सर्व सदस्य सरदार गुरमीत सिंह, सरदार गुरदीप सिंह, सुनील कुमार, संदीप सिंह, वरिष्ठ शिक्षाविद सत्यवीर भारद्वाज के अतिरिक्त विद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक वीरेश कुमार, मनोज कुमार, देशराज सिंह, सुषमा यादव आदि ने बैठक कर रणनीति पर विचार किया। प्रबंध समिति ने विद्यालय के खेल परिसर को सुसज्जित कराने, वह इसमें एथलेटिक्स के अतिरिक्त मुक्केबाजी खेल के प्रशिक्षण की व्यवस्था करने का प्रस्ताव भी पारित किया। प्रबंध समिति सदस्य सतबीर भारद्वाज ने कहा कि यह विद्यालय पूरे फरीदाबाद ही नहीं अपितु हरियाणा भर में बहुत अच्छी साख बना चुका है।

# अब डिपो होल्डर के माध्यम से भरे जाएंगे पीपीपी फार्म

**फरीदाबाद।** एसडीएम अपराजिता ने कहा कि अब खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के डिपो होल्डर के माध्यम से परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) के फार्म भराए जाएंगे। उन्होंने डिपो होल्डर को निर्देश दिये कि वे विभाग के अधिकारियों के माध्यम प्रति दिन कम से कम 50 भरे हुए फार्म उपमडंल कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि उपमडंल में कोई भी परिवार परिवार पहचान पत्र बनवाने से वंचित न रहे इसके लिए प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और वेलफेयर सोसायटियों को आपसी तालमेल बना कर यह कार्य क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आम जनता की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा कैंप लगाकर नि:शुल्क परिवार पहचान पत्र बनाने के लिए अपलोड किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि में जिन लोगों ने अपने परिवार पहचान पत्र नहीं बनवाए हैं, वे लोग अपने परिवार पहचान पत्र अवश्य बनवा लें। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला में आम जनता के लिए प्रशासन द्वारा परिवार पहचान पत्र बनाने का कार्य निरन्तर किया जा रहा है।

# जिलास्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता हुई सम्पन्न



**फरीदाबाद।** जिला एथलेटिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन अटाली में किया गया।

जिला प्रतियोगिता का शुभारंभ एथलेटिक हरियाणा के मुख्य तकनीकी अधिकारी अर्जुन सिंह के द्वारा किया गया। 20 साल आयु वर्ग में 5000 मीटर में प्रिंस नागर और कंचन, 18 साल में 5000 मीटर दौड़ में भारत और कंचन रही। 20 साल आयु वर्ग लड़की लम्बी कूद में ज्योति रही। 18 साल आयु वर्ग लड़का में 800 मीटर दौड़ में मोहित ने लिया। 20 साल में 800 मीटर दौड़ में तुषार, 16 साल में 800 मीटर दौड़ में मोहित, 18 साल में 200 मीटर में आदश और प्रज्ञा मौजूद रहे। 20 साल में 200 मीटर दौड़ में भारत भूषण और तन्नू यादव रहे और लम्बी कूद में देवेश रहे। 20 साल में 1500 मीटर दौड़ में संजय और पल्लवी ने और 18 साल में 1500 मीटर में सचिन और ममता रहे। 18 साल 100 मीटर दौड़ में साहिल और प्रज्ञा रहे। 20 साल वाली 100 मीटर दौड में बाबी चंदीला रहे। 18 साल वाली 400 मीटर में आदर्श और रितिका रहे। 20 साल में 400 मीटर दौड़ में हनी और तन्नू यादव ने पहला स्थान प्राप्त किया। 18 साल लम्बी कूद में दीपक, गोला फेंक 18 साल में आदित्य शर्मा, 20 साल गोला फेंक में मंयक देशवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# वायुसेना रक्षा कोर स्थापना दिवस पर किया सेना को नमन

**फरीदाबाद।** एनएच-तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड ने वायु सेना रक्षा कोर स्थापना दिवस पर वायु सेना को नमन करते हुए देश के वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। ब्रिगेड और जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि भारतीय सेना को दुनिया में सबसे घातक सेना माना जाता है।

भारतीय सेना की स्थापना 1895 में हुई थी लेकिन इसे आजादी के बाद इसकी वर्तमान संरचना मिली। मनचन्दा ने कहा कि भारतीय सेना की संरचना इस प्रकार से है, तीनों सेनाओं का सर्वोच्च कमांडर भारत का राष्ट्रपति होता है। शीर्ष सेना अधिकारी को सेना प्रमुख कहा जाता है। भारतीय सेना को 7 कमान में विभाजित किया गया है। आज सेना की पूर्वी कमान का 100वां स्थापना दिवस है। पूर्वी कमान के 100वें स्थापना दिवस पर सेना के वीर योद्धाओं को शुभकामनाएं दी और उन के त्याग को नमन किया। उनके साहस और अदम्य भावना को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के लिए उनकी सेवा अद्वितीय है।

# किसानों के धरने को हाईजैक कर बिगाड़ रहे माहौल

## विधायक ने गांव अटाली में किया सीएनजी पंप का उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



**हरियाणा** भंडारण निगम के चेयरमैन एवं पृथला से विधायक नयनपाल रावत ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर मजबूत होकर विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर हो रहा है, जिसे विदेशी ताकतें हजम नहीं कर पा रही है इसलिए अब कांग्रेस पार्टी के साथ मिलकर विदेशी ताकतों ने किसानों के धरने को हाईजैक करके देश का माहौल बिगाड़ने का प्रयास शुरू कर दिया है इसलिए किसानों को चाहिए कि वह मोदी सरकार द्वारा पारित किए गए तीनों कृषि विधेयकों का बारीकी से अनुसरण करें और देश की शांति भंग न होने दें। रावत सोमवार को गांव अटाली में जिला पार्षद शैलेंद्र सिंह द्वारा शुरू किए गए सीएनजी पम्प का उद्घाटन करने के उपरांत उपस्थित किसानों को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक नयनपाल रावत का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। कैथल में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की किसान सभा में विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं द्वारा मचाए गए उपद्रव की रावत ने कड़ी निंदा करते हुए इस हरकत को लोकतंत्र की हत्या करार दिया। उन्होंने कहा कि यह घृणित कार्य है, मुख्यमंत्री मनोहर लाल को जनता ने बहुमत देकर दूसरी बार मुख्यमंत्री बनाया है, ऐसे में जिन कांग्रेसियों ने यह कार्य किया है, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

विधायक रावत ने कहा कि जब वह विपक्ष में थे तो उन्होंने कभी किसी मंत्री और मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का विरोध नहीं किया, लेकिन कांग्रेसी भाजपा सरकार के विकास कार्यो से इस कद्र बौखला गए है कि वह इस प्रकार की औछी हरकतें कर रहे है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेट्रोल अथवा सीएनजी पम्प खोलना सरकार की एक सराहनीय पहल है, आने वाले समय में 65 हजार पेट्रोल पम्प देशभर में वितरित होने जा रहे है, जहां पूर्व की सरकारों में पेट्रोल पम्प और गैस एजेंसियों के लिए रिश्वत देनी पड़ती थी वहीं मोदी-मनोहर सरकार में पूरी पारदर्शिता से इनकी प्रक्रियाओं को आसान बनाया गया है, यही कारण है कि आज गांव-गांव में पेट्रोल पम्प खुल गए है, जिससे न केवल ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को रोजगार मिल रहा है बल्कि किसानों को भी पेट्रोल-डीजल के लिए दूरदराज नहीं भटकना पड़ता, इससे उनके समय की बर्बादी बच जाती है। उन्होंने धरने पर बैठे किसानों से अपील की कि वह सरकार द्वारा पारित किए गए तीनों कृषि विधेयकों का अनुसरण करें, जिला परिषद के चेयरमैन विनोद चौधरी, मास्टर दलीप, पप्पू नंबरदार, लीलू नंबरदार, दिगम्बर नंबरदार, निशांत हुड्डा, भारत चौधरी मौजूद थे।

# चारों डिवीजन कार्यालयों पर गरजे बिजली कर्मी




**फरीदाबाद।** केन्द्रीय परिषद के आह्वान पर पूर्व में यूनियन द्वारा घोषित प्रदर्शन के कार्यक्रम अनुसार हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन के बैनरतले समस्त प्रदेश में जारी ऑनलाइन तबादला नीति के विरोध में प्रदर्शन किया।

फरीदाबाद सर्कल सन्तराम लाम्बा के अगुवाई में सर्कल की चारों डिवीजनों पर बिजली कर्मचारियों ने दो घन्टे काम बन्द रख जबर्दस्त हल्ला बोला और प्रदेश कर्मियों पर जबरन लागू की गई। इस पोलिसी की खिलाफत करते हुए अतरिक्त मुख्य सचिव पावर, निगम प्रबंधन व मैनेजमेन्ट के साथ साथ प्रदेश सरकार के खिलाफ डटकर प्रदर्शन किया और जोरदार नारेबाजी कर अपना गुस्सा जाहिर किया। बिजली कर्मचारियों के प्रदर्शन के कार्यक्रम में ओल्ड फरीदाबाद डिवीजन से प्रधान लेखराज चौधरी की अध्यक्षता एवं मंच का संचालन सचिव जयभगवान अन्तिल की उपस्थिति में बिजली कर्मचारी सेक्टर-15 स्थित डिवीजन कार्यालय परिसर पर नारेबाजी भी की।

# ट्रंपवाद की अवधारणा

## ट्विटर पर प्रतिबंध

**सोशल** मीडिया प्लेटफार्म ट्विटर द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर प्रतिबंध लगाने के कारण उसे उदारवादी लोकतांत्रिक हथियार कहा जा रहा है। लेकिन इससे यह तथ्य अपनी जगह बना रहता है कि उसने 'ट्रंपवाद' कही जाने वाली अवधारणा के सर्वाधिक प्रचार में योगदान किया है। निवर्तमान राष्ट्रपति ने धमकी दी है कि वे एक नया मंच शुरू कर अपना काम जारी रखेंगे। इस दृष्टिकोण से स्पष्ट है कि ट्विटर ने उनके उच्च पद का सम्मान करने के साथ ही ट्रंप के प्रति पैदा आकर्षण का लाभ उठाया। ट्रंप ने इसका प्रयोग अपने समर्थकों से जुड़ने तथा आलोचनात्मक मीडिया का सामना करने के लिए किया। इस प्रकार कैपिटाल हिल पर हमले के रूप में नुकसान तो हो चुका है, भले ही रास्ता ठीक करने का ट्विटर का दृष्टिकोण तटस्थ लगे। दोनों ने एक दूसरे का भरपूर लाभ उठाया है। ट्रंप के लिए ट्विटर के फार्मेट ने लफ्फाजी करने में योगदान किया है और उनको अपनी राजनीति की व्याख्या नहीं करनी पड़ी है। इसने श्वेत श्रेष्ठता के विचार को मुख्यधारा में लाने के साथ अपनी विभाजनकारी राजनीति को आगे बढ़ाने का मौका दिया। इसने उदारवाद को विशिष्ट बता कर उसे अमेरिकन कामगार तबके तथा उसके सरोकारों से दूर बताया तथा प्रतिभा की विविधता को अनदेखा कर श्वेत अमेरिकनों के रोजगार 'चोरी करने' का मुद्दा उठाया। 2016 के राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप ने ट्विटर के माध्यम से 2.2 बिलियन डालर का मुफ्त मीडिया कवरेज किया।

ट्रंप के 'ट्विटर' प्रेसीडेंट बनने के कारण सोशल मीडिया कंपनी ने अपनी विषयवस्तु का प्रचार इस आधार पर उचित ठहराया कि वह



निर्वाचित नेताओं के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है जिन्होंने इसका भरपूर प्रयोग किया है तथा 'जनता के हित में कुछ लोगों को ट्वीट करने का अधिकार मिलना चाहिए जिनके दृष्टिकोण को वैसे अनदेखा किया जाता है।' लेकिन सच्चाई यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने नियम तोड़े और अब समझ में आ रहा है कि बस बहुत हो चुका। फेसबुक ने भी ट्रंप का एकाउंट अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया है। लेकिन दोनों यह तथ्य अनदेखा नहीं कर सकते हैं कि उन्होंने 2016 से उन भावनाओं को हवा दी जिनका नतीजा कैपिटाल हिल पर हमले के रूप में सामने आया है। अब वे सरकार परिवर्तन के बाद निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन के पक्ष में जाना चाहते हैं। डेमोक्रेट नेता को लगता है कि ये टेक् कंपनियां फर्जी खबरों या घृणापूर्ण भाषण पर समुचित रोक नहीं लगा रही हैं। यदि इन्होंने नीतियों का समुचित रूप से पालन किया होता तो चीजें इस मोड़ पर न पहुंचतीं। वे ट्रंप को हाशिए पर धकेल सकती थीं, लेकिन अब उग्रवाद मुख्य मंच पर आ गया है और बिना उनके भी जीवित रह सकता है। रिपब्लिकनों में भले ही ट्रंप के आलोचकों का हिस्सा बढ़ गया हो, पर वे भी यह तथ्य अनदेखा नहीं कर सकते हैं कि उन्होंने नया मतदाता आधार तैयार किया है और लैटिन अमेरिकन इसका उदाहरण हैं। वे ट्रंप की लोकप्रिय भावनाओं की अनदेखी नहीं कर सकते हैं। वे उस भीड़तंत्र पर लगाम नहीं लगा सकते हैं जिसे ट्रंप ने शुरू किया है तथा इसे गरिमा प्रदान की है। वे उस आक्रामक पूंजीवाद पर भी पुनर्विचार नहीं कर सकते हैं जिसे उन्होंने समाजवाद से ज्यादा महत्वपूर्ण अवधारणा के तथा बाइडेन को ईश्वर-विरोधी के रूप में पेश किया है। रिपब्लिकन भले ही उनको हाशिए पर धकेल दें, पर उनको आक्रामकता दिखानी होगी क्योंकि वे अपना गढ़ समझे जाने वाले जार्जिया से भी सिनेटर की सीटें हार गए हैं। ब्लैक लाइव मैटर्स के बाद अश्वेत मतदाताओं की अभूतपूर्व लामबंदी हुई है, ऐसे में ट्रंपवाद के विनाशकारी प्रभावों को अनदेखा करना संभव नहीं होगा। सवाल है कि क्या सोशल मीडिया अब स्वयं को मुक्त विचारों व भाषणों का मंच बता सकेगा जो जीवन के सभी क्षेत्रों तक फैला हो। फेसबुक व ट्विटर के पास बहुत बड़ा डेटा आधार है और इस प्रकार वे एक बेलगाम राक्षस की तरह व्यवहार कर सकते हैं। फेसबुक को राजनीतिक विज्ञापनों से बहुत पैसा मिला है।

# किसान आंदोलन में गतिरोध

**यदि प्रधानमंत्री व्यक्तिगत रूप से किसानों से बातचीत करें तो सरकार यह गतिरोध समाप्त कर सकती है। अटल बिहारी वाजपेयी ने शायद यही किया होता।**



इंद्रशेखर सिंह
(लेखक राष्ट्रीय बीज संघ के निदेशक हैं)



आंदोलनकारी किसानों तथा नरेन्द्र मोदी सरकार के बीच सातवें दौर की वार्ता विफल होने के बाद भारतीय लोकतंत्र एक समस्या का सामना कर रहा है। यह गतिरोध संभवत: सरकार की अति सक्रियता का नतीजा है जिसने तीन नए कानूनों को किसानों पर एक तरह से थोप दिया है। पंजाब से किसानों की 'शांति सेना' के दिल्ली कूच के बाद उस पर पानी की बौछारें छोड़ी गईं, लेकिन सच्चे सत्याग्रहियों की तरह वे अपने मांगों पर आगे बढ़ते रहे। उनका नारा था 'कानूनों को वापस लो'। जहां किसानों की मांग में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है, वहीं सरकार ने चाणक्य की तरह अनेक तरकीबें अपनाई हैं, पर वह किसानों को दिल्ली की सीमाओं से दूर करने में सफल नहीं हुई है। इस मामले पर सरकार के भीतर भी विरोधाभास पैदा हो रहे हैं, जबकि किसान आंदोलन विकसित हो रहा है। प्रदर्शनकारी किसानों को बदनाम करने के प्रयास विफल रहे हैं। कुछ लोग कह रहे हैं कि यह अरब वसंत से बड़ी क्रान्ति तथा मानव इतिहास का एक बड़ा आंदोलन है। लेकिन अमेरिका के 'आक्यूपाई' आंदोलन व भारत के किसान आंदोलन में भारी अंतर है।

मुसोलिनी ने फासीवाद को निगमों व राज्य के बीच विवाह की तरह परिभाषित किया था। किसानों ने भी राजनेताओं व कार्पोरेट के बीच संबंध उजागर किए हैं। हालांकि, अभी कुछ राजनीतिक विश्लेषकों और अर्थशास्त्रियों को विश्वास है कि अंतत: किसान आंदोलन समाप्त हो जाएगा, पर बहुत से लोग ऐसा नहीं मानते हैं। किसानों की ओर से कानून वापस लेने की मांग में कोई परिवर्तन नहीं आया है, वहीं सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि वह कानून वापस 'नहीं' लेगी तथा उनमें संशोधनों के लिए तैयार है। शायद सरकार यह गतिरोध समाप्त करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई का विकल्प अपना रही है।

किसान नेता सुप्रीम कोर्ट को बिना चुनौती दिए सरकार से मुद्दे से निपटने को कह रहे हैं। उनको नहीं लगता है कि इससे गतिरोध समाप्त हो सकता है। सरकार ने आरोप लगाया है कि किसान सड़कों को बंद कर जनता को असुविधा पैदा कर रहे हैं। लेकिन सभी बिंदुओं पर वाहनों को आवागमन की अनुमति है। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का आधार क्या होगा।

सर्वोच्च न्यायालय भी इस मामले में सावधानी से काम करेगी। एक भी गलत कदम उठने से उसकी विश्वसनीयता व निष्ठा दांव पर लग सकती है। अदालतों के निष्पक्ष होने के कारण किसानों को डरने की जरूरत नहीं है। विश्व समुदाय की भारत में हो रहे घटनाक्रम पर नजर है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन त्रूदो ने इस मामले में मोदी का विरोध कर अंतरराष्ट्रीय समुदाय के एक हिस्से की भावनायें व्यक्त की हैं। ऐसे में सरकार को बहुत सतर्क रह कर समुचित न्यायिक प्रक्रिया सुनिश्चित करनी चाहिए। यदि थोड़ी देर के लिए मान लिया जाए कि सर्वोच्च न्यायालय किसानों को सड़कों से हटाने और बाधायें उठाने का आदेश देता है तो इसका क्रियान्वयन पुलिस व अर्धसैनिक बलों या अंतत: सेना द्वारा होगा। लेकिन यह स्थिति बहुत कठिन होगी। राकेश टिकैत ने एक बयान जारी कर कहा है कि यदि पुलिस हटाने के लिए आती है तो 'हम अपने सीनों पर गोली खाने के लिए तैयार हैं, पर कानून वापस करवाए बिना लौटेंगे नहीं।'

सवाल है कि क्या सरकार निहत्थे किसानों के खिलाफ हिंसक तरीके अपनाना पसंद करेगी। यदि एक भी किसान पुलिस की गोली से मारा जाता है तो पूरे देश में सरकार के खिलाफ गुस्सा भड़क सकता है। हिंसा की स्थिति में मोदी सरकार की छवि खराब हो सकती है। हालांकि, सरकार इस मामले में पूरी सावधानी बरत रही है, पर किसानों को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि उनका आंदोलन शांतिपूर्ण व अनुशासित बना रहे। एक सवाल यह भी है कि किसानों द्वारा आक्रामक विरोध की स्थिति में उनके प्रति दिल्ली वासियों की हमदर्दी कहां तक बनी रहेगी। सरकार को किसानों व दिल्ली की जनता के बीच टकराव से बचने के सभी प्रयास करने होंगे। इसके लिए सरकार को उन सभी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए जो उनके 'खालिस्तानी' होने के बारे में दुष्प्रचार कर रहे हैं। इससे देश में विश्वास पैदा होगा तथा किसानों व आम जनता में सरकार की छवि मजबूत होगी। स्थिति नियंत्रण से बाहर होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कुछ राजनीतिक विश्लेषकों की राय में नए कानून वापस लेना ही गतिरोध समाप्त करने का रास्ता है। उनके खिलाफ राज्य की शक्ति के प्रयोग के राजनीतिक परिणाम होंगे।

आशंका यह भी है कि सैनिक किसानों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के इच्छुक नहीं हो सकते हैं। दिल्ली पुलिस के अधिकांश स्रोतों के अनुसार उनकी किसानों के साथ हमदर्दी है। ऐसे में शायद सरकार इन तीन कानूनों को बनाए रखने के लिए बहुत आगे बढ़ने को तैयार न हो। कोई सतर्क राजनेता इस दिशा में नहीं बढ़ना चाहेगा। किसान और जवान एक दूसरे से जुड़े हैं और सरकार उनको एक दूसरे के खिलाफ खड़ा नहीं कर सकती है। इसका परिणाम कृषि क्षेत्र तथा सेना में वैमनस्य के बीज बोना हो सकता है। हालांकि, सरकार आवश्यकता होने पर दक्षिण या दक्षिणपूर्व के सैनिकों को बुला सकती है। लेकिन सरकार के लिए अच्छा होगा कि वह दिल्ली के पास अतिरिक्त सैनिकों को न बुलाए। यदि सरकार अपने दृष्टिकोण में नरमी नहीं बरतती है तो गतिरोध समाप्त नहीं होगा।

किसान आंदोलन के मामले पर मोदी को अपनी पार्टी के भीतर भी विरोध का सामना करना पड़ सकता है। कहा जाता है कि पार्टी में विरोध के स्वर उठने लगे हुं और कुछ लोग गोपनीय रूप से किसानों की सहायता करने के साथ उनको सूचनायें लीक कर रहे हैं। यदि प्रधानमंत्री मोदी व्यक्तिगत रूप से दिलचस्पी लेकर किसानों से बातचीत करें तो सरकार इस समस्या का समाधान कर सकती है। शायद अटल बिहारी वाजपेयी ने ऐसा ही किया होता। सरकार को कानूनों के मामले में जिद पकड़ने के बजाय उनको वापस ले कर किसानों का दिल जीतना चाहिए। सरकार इसके लिए संसद का विशेष सत्र बुला कर विरोध को हल्का कर सकती है। इस कदम से न केवल सरकार की चुनावी, बल्कि नैतिक विजय भी होगी। यह आने वाली पीढ़ियों के लिए लोकतंत्र का अच्छा सबक होगा। लेकिन यदि ऐसा नहीं होता है तो भारतीय लोकतंत्र विकृत हो सकता है। किसान पूरी तरह संगठित हैं तथा विपक्ष की संयुक्त शक्ति का लाभ उठाने का प्रयास कर रहे हैं। वे वह हासिल कर रहे हैं जो विपक्ष करने में सफल नहीं हुआ था।

किसानों के खिलाफ हिंसा को जनता पसंद नहीं करेगी। उसे लगता है कि नए कृषि कानूनों के बाद अब खाद्य पदार्थ पूरी तरह कार्पोरेट के नियंत्रण में आ जाएंगे और किसान अपने ही खेतों पर बंधुआ मजदूरों की तरह काम करने को मजबूर होंगे। शहरी जनता को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा क्योंकि हर बार 200 रुपये किलो दाल खरीदने पर उसे इसका अनुभव होता है। इसका सबसे बुरा प्रभाव मध्यवर्ग व गरीबों पर पड़ेगा। यदि आम लोग सोचते हैं कि किसानों के आंदोलन से उनका कोई संबंध नहीं है तो उनको पुन: विचार करना चाहिए। यह आंदोलन केवल कृषि कानूनों के बारे में नहीं है, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र की कठोर परीक्षा भी है। किसानों के बाद 'सुधारों' का लक्ष्य अन्य तबके भी हो सकते हैं। सरकार को पूरी स्थिति का तार्किक विश्लेषण कर अपने अहंकार से बाहर निकलना चाहिए। गतिरोध समाप्त करने के लिए सरकार को नए कानून वापस लेने चाहिए। किसान अपनी मांगों पर मजबूती से डटे हैं और उम्मीद है कि समय बीतने के साथ उनकी प्रतिबद्धता और मजबूत होगी।

# अमेरिका में लोकतंत्र पर खतरा

**"अमेरिका में लोकतंत्र पर आया वर्तमान संकट संभवत: समाप्त हो जाएगा। दुनिया लोकतंत्र में हुई इस घटना से निश्चित सबक सीखेगी।"**

गुइन डायर
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



यदि मुझे 'अमेरिकी लोकतंत्र के समक्ष संकट' जैसा कोई लेख पढ़ने को मिले तो अच्छा नहीं लगेगा। सारी दुनिया के लिए इसका क्या अर्थ होगा। इस सप्ताह द न्यूयार्कर में आडम गोपनिक का एक लखे छपा था जिसमें मुझे पसंद वरिष्ठ पत्रकार ने कहा था, 'अमेरिका में लोकतंत्र पर संकट के बारे में हमारी समझदारी गलत थी और मजेदार सवाल यह नहीं है कि अब तक तानाशाही को कैसे रोका गया?' यह सवाल गलत है। शायद गोपनिक का सवाल यह है कि 'मानवजाति की स्थिति मोटे तौर से समतावाद व लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में जीवित रहने की नहीं है जो चीजें स्थिर होने पर सामने निकलकर आ सकती है। इतिहास के हजारों सालों में मानवजाति किसी न किसी प्रकार की स्वेच्छाचारिता की शिकार रही है।'

इस लेख की ओर संकेत करने का अर्थ यह है कि अमेरिकी नव-निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन का चुनाव स्वच्छ व उचित था। यह जार्जिया के चुनाव से स्पष्ट है जिससे कांग्रेस के दोनों सदनों में डेमोक्रेटों का नियंत्रण स्थापित हो गया है। कांग्रेस का संयुक्त अधिवेशन बुधवार को निर्वतमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हमलावरों की कार्रवाई के बावजूद हुआ। हालांकि, गोपनिक का यह कहना ठीक है कि अमेरिकी लोकतंत्र अब भी गंभीर खतरे में है तथा दुनिया भर में लोकरंजकता की लहर चल रही है। वास्तव में समस्या अनेक पत्रकारों के इस दृष्टिकोण से है जिसमें बाकी दुनिया में अमेरिका को देखा जाता है। गोपनिक अमेरिका में पैदा हुए हैं, पर विचारों से पूरी तरह अमेरिकी हैं। अमेरिका में माना जाता है कि लोकतंत्र पहला सबक है और इसका उदाहरण दूसरों को दिया जाता है जो अंधेरे में हाथ पैर मारते रहते हैं।

यह बात सही नहीं है। लोकतंत्र, स्वेच्छाचारिता नहीं है, बल्कि यह राजनीतिक व्यवस्थ का सामान्य रूप है, भले ही यह विंस्टन चर्चिल के शब्दों में 'समय समय पर परीक्षित सरकार के अन्य रूपों में सबसे खराब है।' उन्होंने यह बात एक अज्ञात पूर्ववर्ती का हवाला देते हुए हाउस आफ कामन्स में 1947 को कही थी। दुनिया का हर तानाशाह फर्जी




चुनाव कराता रहा है ताकि वह वैधता का दावा कर सके। कोई लोकतांत्रिक नेता तानाशाह या स्वेच्छाचारी होने का दावा नहीं करता है। हालांकि, ट्रंप, ब्राजील के राष्ट्रपति जैल बोलसोनारो, हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर आर्बन व फिलीपीन्स के राष्ट्रपति रोडिगों दुतार्ते गोपनीय रूप से ऐसी इच्छा रखते हैं। इस प्रकार लोकतंत्र के स्वरूप की विजय होती है। 18वीं शताब्दी के पहले ऐसा नहीं था। वास्तव में यह 'इतिहास के हजारों सालों में' भी नहीं रहा है जब 'किसी प्रकार की स्वेच्छाचारिता सामान्य' थी। लेकिन पूर्व-इतिहास के सैकड़ों सालों में सभी मनुष्य समान थे और छोटे शिकारी व खाद्य पदार्थ एकत्र करने वाले समूहों में अपने निर्णय चर्चा व सहमति से करते थे। हम यह इसलिए जानते हैं कि दुर्गम स्थानों पर ऐसे समूह बहुत लंबे समय तक बने रहे और मानवशास्त्रियों को उनके अध्ययन का समय मिला। वे सभी समुदाय समतावादी थे। वास्तव में उनमें कोई नेता नहीं था और सबसे बुरा सामाजिक अपराध एक वयस्क द्वारा दूसरे को आदेश देना था। उनमें चुनाव नहीं होते थे क्योंकि इन समूहों में 100 से अधिक लोग नहीं होते थे और वे आसानी से आपस में बात कर सकते थे। लेकिन लोकतंत्र का मूल विश्वास यह है कि सभी को समान अधिकार तथा निर्णय लेने की प्रक्रिया में सहभागिता मिले।

हमारे सुदूर पूर्वजों का इसमें विश्वास था। यह विश्वास इतने लंबे समय तक रहा कि मूलभूत मानवीय मूल्य बन गया। लगभग 6,000 साल पहले मानव समूहों के जन्म लेने के समय से यह विश्वास है। उनको कुचलने का एकमात्र माध्यम ऊपर से दबाव डालना था क्योंकि जनसंचार माध्यमों की अनुपस्थिति तथा लेखन की भी अनुपस्थिति में उनके पास दसियों या सैकड़ों हजार लोगों को निर्णयों में समान सहभागिता देना उनके लिए संभव नहीं था।

इसलिए अत्याचारियों ने उन पर कब्जा कर लिया और इसे बहुत लंबे समय तक बनाए रखा। लेकिन समता में विश्वास कभी मरा नहीं और कम से कम यह बात किसान विद्रोहों ने बार-बार दिखाई। 18वीं शताब्दी में अंतत: जनसंचार माध्यम का विकास हुआ। प्रिंटिंग मशीन के आविष्कार से जन साक्षरता का प्रसार हुआ। लेकिन इसका अर्थ यह भी हुआ कि कोई समान रूप से पीठ पीछे निर्णय ले सकता था और इस प्रकार लोकतांत्रिक क्रान्तियों की शुरुआत हुई।

अमेरिका शायद पहला ऐसा देश था क्योंकि वहां साक्षरता की दर दुनिया में सर्वाधिक थी। इसके 13 साल बाद ज्यादा उग्र फ्रांसीसी क्रान्ति हुई जिसने गुलामी का भी अंत कर दिया तथा लोकतंत्र फलने-फूलने लगा। वर्तमान समय तक इस ग्रह की आधी सरकारें वास्तव में निर्वाचित हैं और बाकी ऐसा होने का दिखावा करती हैं।

ऐसे में लोकतंत्र का अमेरिकन या पश्चिमी होने से कोई संबंध नहीं है। मुद्रण करने वाला चीन पहला देश था और यदि वहां जन साक्षरता होती तो वह आसानी से लोकतांत्रिक क्रांति करने वाला पहला देश बन सकता था। अमेरिका में लोकतंत्र पर आया वर्तमान संकट संभवत: समाप्त हो जाएगा। दुनिया लोकतंत्र में हुई इस अचम्भित करने वाली घटना से निश्चित सबक सीखेगी।

## आप की बात

### वैक्सीन को लेकर अफवाहें

**कोरोनावायरस** का मुकाबला करने वाली विभिन्न वैक्सीनों का वितरण एक अभूतपूर्व चुनौती होगी। एक सौ तीस करोड़ भारतीयों को टीका लगाना आसान नहीं है। इसीलिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों से फ्रंटलाइन व स्वास्थ्यरक्षा कर्मियों की पहचान कर 'ड्राई रन' या परीक्षण तैयारी के लिए कहा है ताकि टीकाकरण के दौरान आने वाली संभावित समस्याओं का पता लगाया जा सके। ये समस्यायें वैक्सीन के भंडारण या वितरण या लाखों लोगों को तेजी से वैक्सीन लगाने के दौरान सामने आ सकती हैं। स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनता को संबोधित कर भारतीयों को चेतावनी दी कि वे टीकाकरण कार्यक्रम के बारे में दुष्प्रचार का शिकार न बनें। वैक्सीन को लेकर विविध प्रकार की अफवाहें फैली हैं और कुछ विरोधी दलों के नेता भी इनमें योगदान देकर भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं। अतीत में हमने देखा है कि किस प्रकार खासकर एक समुदाय में पोलियो ड्राप्स के बारे में दुष्प्रचार हुआ था जो भारतवर्ष में पोलियो उन्मूलन में विलंब का कारण बना था। इस प्रकार के दुष्प्रचार से बचने के लिए जागरूकता को बढ़ावा देना आवश्यक है।

– **सविता शर्मा**, लखनऊ

### चीन को उचित जवाब दें

**चीन** ने एकपक्षीय रूप से एलएसी पर यथास्थिति बदलने का प्रयास किया जिसके लिए संभवत: भारतीय सेना तैयार नहीं थी। इस गतिरोध के पहले विवादित क्षेत्र के काफी बड़े हिस्से पर भारतीय सेना गश्त करती थी और यह प्रक्रिया पिछले दो दशकों से जारी थी। सैनिकों की वापसी तथा तनाव दूर करने की तमाम बातों के बीच चीन सरकार के इरादों के प्रति कोई संदेह नहीं है और वह डेपसांग व गलवान क्षेत्रों में आसानी से पीछे हटने को तैयार नहीं है। पीएलए अब दौलत बेग ओल्डी में भारतीय ठिकानों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रही है। हमारे सुरक्षा बलों की मौजूदा स्थितियां चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे-सीपीईसी की सुरक्षा को खतरे में डाल सकती हैं। चीन व पाकिस्तान के लिए इसका महत्व बहुत अधिक है तथा दोनों देशों ने वहां भारी निवेश किया है। यह दोनों पड़ोसियों के बीच गठजोड़ व सहयोग का उदाहरण है। भारतीय सेना ने चीनी आक्रामकता का कठोर जवाब दिया है तथा उसे गलवान घाटी में भारी नुकसान उठाना पड़ा है। भारत को चीनी रुख के खिलाफ अपना सटीक व आक्रामक रवैया बनाए रखना चाहिए।

– **शिवशंकर वर्मा**, प्रयागराज

### स्वास्थ्यरक्षा क्षेत्र में सुधार

**महामारी** के कारण नौकरियों व आय की समाप्ति तथा स्वास्थ्य बीमा संबंधी मुद्दे अनेक लोगों के सामने तात्कालिक चुनौतियों की तरह आए। स्वास्थ्यरक्षा पर जेब से खर्च करने के कारण महामारी के बीच लोगों की निर्णय क्षमता प्रभावित हुई। खर्च के कारण परीक्षण व इलाज न करा पाने का प्रभाव न केवल व्यक्तियों, बल्कि पूरे समाज पर पड़ता है। महामारी के कारण स्थिति और गंभीर हुई क्योंकि बीमारियों और मौतों का भयानक आर्थिक प्रभाव पड़ा। हमें यह ध्यान देने की आवयश्कता है कि यह सामूहिक संघर्ष है और सारी मानवता कोरोनावायरस के खिलाफ संघर्ष कर रही है। भारत में निजी क्षेत्र बहुसंख्य जनता की स्वास्थ्यरक्षा आवश्यकतायें पूरी करता है। इस वर्ष ऐतिहासिक रूप से अनेक राज्य सरकारों ने निजी क्षेत्र अस्पतालों पर नियंत्रण के कठोर कदम उठाए। इस वर्ष के पहले कभी सस्ती स्वास्थ्यरक्षा के प्रति सबकी पहुंच सुनिश्चित करने की आवश्यकता भी नहीं उजागर हुई थी। कोरोना महामारी में स्वास्थ्यरक्षा की दशा सुधरी है।

– **अनिल सायंकृत**, कानपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**प्रवासी** भारतीयों ने पीएमकेयर्स में योगदान कर महामारी से लड़ने में देश की मदद की है। इसका उपयोग देश में स्वास्थ्य ढांचा मजबूत करने में किया जा रहा है।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**कुछ** भारतीयों में ट्रंपवादी भीड़ जैसी मानसिकता है जो ध्वज का इस्तेमाल हथियार के तौर पर करते हैं तथा उनसे असहमत होने वालों को नकारते हैं।

– **शशि थरूर**
कांग्रेस नेता




**दुर्भाग्य** से अधिकतर उदारवादियों ने भारत में भी होने वाले राष्ट्र विरोधी प्रदर्शनों में इसके दुरुपयोग की चेतावनियों की खुल्लमखुल्ला अनदेखी की है।

– **वरुण गांधी**
भाजपा सांसद

# धान बेचने में किसानों को न हो कोई दिक्कतः योगी

● निर्विवाद उत्तराधिकार को खतौनियों में दर्ज करने की कार्यवाही निर्धारित समय सारणी के अनुसार सुनिश्चित की जाए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिये है कि किसानों को अपनी उपज बेचने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने एमएसपी के अन्तर्गत धान खरीद कार्य को तेजी से संचालित तथा धान क्रय केन्द्रों पर किसानों को सभी अनुमन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री सोमवार को लोक भवन में विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के सभी ग्रामों में वरासत अभियान प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि निर्विवाद उत्तराधिकार को खतौनियों में दर्ज करने की कार्यवाही निर्धारित समय सारणी के अनुसार सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने बर्ड फ्लू के सम्बन्ध में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बर्ड फ्लू के दृष्टिगत प्रत्येक स्तर पर सावधानी बढ़ाए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि बर्ड फ्लू की जांच बरेली स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में की जाए। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# सभी किसानों को मिले सरकार की योजनाओं का लाभ

● अखिलेश सरकार की अपेक्षा 6 से 7 गुना अधिक एमएसपी पर अनाज खरीद रही योगी सरकारः कृषि मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कृषि** मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा है कि प्रदेश की योगी सरकार पूर्ववर्ती अखिलेश सरकार की अपेक्षा 6 से 7 गुना अधिक एमएसपी पर अनाज खरीद रही है। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती सरकार के दौरान केवल गेहूं और धान ही एमएसपी दर पर लिए जाते थे। लेकिन जब से प्रदेश में योगी सरकार आई है 8 फसलों क्रमशः उड़द, मूंग, चना, मसूर, मूंगफली, मक्का को भी एमएसपी दर पर किसानों से लिया जा रहा है। समीक्षा बैठक के उपरांत आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कृषि मंत्री ने बताया कि कृषि विभाग 26 जनवरी के उपरांत फिर से किसान पाठशाला का आयोजन कर किसानों को लाभान्वित करेगी। कृषि मंत्री ने बताया कि आज की समीक्षा बैठक के दौरान विभाग के उप निदेशकों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विभागीय योजनाओं की सोमवार को गहन समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य सेक्टर में संचालित योजनाओं का लाभ किसानों को पूरी पारदर्शिता के साथ उपलब्ध करायें ताकि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा किसानों की आय को दोगुना किये जाने के संकल्प को साकार किया जा सके।

श्री शाही ने यह भी निर्देश दिये कि किसानों को बीज वितरण, कृषि यंत्र फसल प्रदर्शन, प्रशिक्षण एवं कृषि मेला गोष्ठी की योजना में देय लाभ को उनके खातों में तत्काल हस्तान्तरण करायें। उन्होंने कहा कि डीबीटी शतप्रतिशत सुनिश्चित करायी जाय। कृषि मंत्री आज कृषि भवन में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक कर रहे थे। समीक्षा बैठक में बताया गया कि रबी फसलों का अच्छादन 99.76 प्रतिशत तक पूरा हो गया है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि फसलों के लिए जनपदों में पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की व्यवस्था एवं उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाय। उन्होंने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत किसानों की पाठशाला में किसानों का व्हाट्सअप ग्रुप बनवायें, जिससे की उनको योजनाओं की अधिक से अधिक जानकारी मिल सके उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसान प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत किसानों के सिंचाई की उचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाय। श्री शाही ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कल्याण मिशन योजना को पूरी तरह से लागू किया जाय। अधिक से अधिक किसानों को जागरूक किया जाय ताकि किसान कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ उठा सकें एवं अपनी आय में वृद्धि कर सकें। उन्होंने मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के अंतर्गत किसानों को प्रत्येक गांवों में प्रशिक्षित करें तथा लक्ष्य के अनुरूप फसलों का प्रदर्शन करायें एवं इसका व्यापक रूप से प्रचार.प्रसार करायें। कृषि मंत्री ने समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों से कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत कार्यों को और प्रभावी बनायें। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लायेंए जिससे किसानों को दी जाने वाली सुविधा का लाभ किसानों को मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वृक्षजनित तेल कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को प्रशिक्षण देकर उनको और अधिक जागरूक करें तथा सेमिनार का आयोजन भी करायें। इस मौके पर कृषि विभाग के अपर मुख्य सचिव डा देवेश चतुर्वेदी भी मौजूद थे।

# बिजली उपभोक्ताओं की जमा सिक्योरटी राशि जल्द मिलेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के लगभग 60 लाख विद्युत उपप्भोक्ताओं को उनकी जमा सिक्योरटी पर पिछले 5 वर्षों से ब्याज न मिलने के मामले में उपभोक्ता परिषद ने ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा से मुलाकात की और एक जनहित का ज्ञापन सौंपा जिसमें उन्होंने सिक्योरटी के 100 करोड़ उपभोक्ताओं को वापस दिलाने की मांग उठाई। प्रदेश के लगभग 60 लाख विद्युत उपभोक्ता हैं जिनकी सिक्योरटी पिछले लगभग 5 सालों से जमा हैं। बिलिंग सिस्टम में जीरो फीड है जिससे उनको साल के अंत में ब्याज नहीं मिल पा रहा है। जमा सिक्योरटी पर ब्याज न मिलना यह विद्युत अधिनियम 2003 व विद्युत वितरण संहिता 2005 के प्राविधानों का खुला उलघन है। उपभोक्ता परिषद ने लोक महत्व का प्रस्ताव ऊर्जा मंत्री को सौंपते हुए यह बात उठाई कि प्रदेश के 3 करोड़ विद्युत उपभोक्ताओं में से लगभग 60 लाख विद्युत उपभोक्ताओं को उनकी जमा सिक्योरटी पर ब्याज कई वर्षो से नहीं मिला है। पावर कार्पोरेशन के निदेशक वाणिजय ने उपभोक्ता परिषद् को बताया जल्द ही सभी 60 लाख विद्युत उपभोक्ताओं को ब्याज दिया जाएगा और उनकी जमा सिक्योरटी बिलिंग सिस्टम में फीड करायी जा रही है जिससे भविष्य में उन्हें अनवरत हर साल ब्याज मिलता रहे।

## भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष के निधन पर सीएम ने शोक जताया

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष शैलतनया श्रीवास्तव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की है।

## समाजवादी पार्टी का युवा घेरा कार्यक्रम आज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी मंगलवार 12 जनवरी को प्रदेश स्तर पर स्वामी विवेकानंद की जयंती पर युवा घेरा कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस दिन प्रदेश के सभी जनपदों के गांवों एवं नगरों सहित महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में घेरा बनाकर युवाओं से सम्बन्धित मुद्दों पर चर्चा गोष्ठियां होंगी। समाजवादी पार्टी के युवा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी युवा घेरा कार्यक्रम में मुख्य भूमिका निभाएंगे। सपा प्रवक्ता ने बताया कि युवा घेरा कार्यक्रम में मंहगी होती शिक्षा, बेरोजगारी, युवाओं पर फर्जी केस तथा निर्दोषों पर लगी एनएसएए पूंजीनिवेश का अभाव और फैक्ट्रियों में बंदी के साथ छंटनी, सरकारी भर्तियों में धांधली, महिलाओं–बच्चियों से दुष्कर्म, ध्वस्त कानून व्यवस्थाए शिक्षा क्षेत्र में राजनीतिक हस्तक्षेप, छात्रसंघो के चुनाव, शिक्षा संस्थाओं में खास विचारधारा का प्रचार, मंहगी फीस, आनलाइन शिक्षा में विसंगतियां, गरीब पिछड़े और अनुसूचित जाति के छात्रों की उपेक्षा आदि मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

## सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को रालोद ने बताया जीत

**लखनऊ।** कृषि कानूनों और किसानों के आन्दोलन पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मसूद अहमद ने कहा कि इसे किसानों की जीत बताया है। उन्होंने कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा केन्द्र सरकार की असफलता जैसी टिप्पणी होना केन्द्र सरकार पर कानून का करारा तमाचा है। निश्चित रूप से किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की आत्मा ने भी किसानों की विजय पर संतुष्टि महसूस की होगी। डॉ मसूद अहमद ने कहा कि विगत 46 दिन से लाखों किसान दिल्ली के सभी बार्डरों पर अपना घर परिवार छोड़कर शान्तिपूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं और इतनी लम्बी अवधि में लगभग 50 किसान असमय काल के गाल में समा गये और 3 किसानों ने केन्द्र सरकार की हठधर्मिता से क्षुब्ध होकर आत्महत्या भी कर ली परन्तु केन्द्र सरकार के प्रधानमंत्री अथवा किसी अन्य मंत्री ने शोक व्यक्त करना भी उचित नहीं समझा जोकि मानवता की हत्या और देश के अन्नदाता का अपमान है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने किसानों का दर्द महसूस करते हुये केन्द्र सरकार की आंखे खोलने का प्रयास किया है और किसानों का सम्मान वापस दिलाया। रालोद प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केन्द्रीय मंत्रियों द्वारा किसानों को आतंकवादी ओर खलिस्तानी जैसे शब्दों से अपमानित करना, लोकतांत्रिक सरकार द्वारा देश की जनता का अपमान है जो अक्षम्य अपराध की श्रेणी में आता है।

# घटनास्थल के निरीक्षण के तुरंत बाद तैयार की जाए विवेचना की रूपरेखा

● डीजीपी ने संवेदनशील अपराधों की विवेचना व जनशिकायतों के निस्तारण के लिए दिए विस्तृत दिशा निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**डीजीपी** हितेश चंद्र अवस्थी ने संवेदनशील अपराधों की विवेचना और जन शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस अफसरों को विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किए हैं। अपने निर्देशों में डीजीपी ने कहा है कि कोई भी घटना होने पर घटनास्थल के निरीक्षण के तत्काल बाद ही विवेचना की रूपरेखा भी तैयार कर ली जाए।

डीजीपी ने सोमवार को राज्य के सभी जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, लखनऊ और गौतमबुद्ध नगर के पुलिस आयुक्त सभी क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक और उप महानिरीक्षक व सभी जिलों के पुलिस कप्तानों को एक परिपत्र जारी किया। पुलिस प्रमुख ने निर्देशित किया है कि विशेष अपराधों की विवेचना एवं उसके पर्यवेक्षण के सम्बन्ध में निर्धारित प्रक्रिया का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए। विवेचना में आवश्यकतानुसार आधुनिक वैज्ञानिक तकनीक का उपयोग किया जाए। बिना किसी बिलम्ब के घटनास्थल का निरीक्षण किया जाए। आवश्यकतानुसार प्रदर्शों का समयबद्ध ढंग से विधि विज्ञान प्रयोगशाला से परीक्षण सुनिश्चित करायी जाए। आवश्यकतानुसार साक्षियों को सुरक्षा प्रदान करते हुए अन्य त्वरित विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अपराध की विवेचना के प्रति पीड़ित एवं जनता में विश्वास सुदृढ़ करने के प्रभावी उपाय किए जाएं, जिससे भय मुक्त होकर साक्षी अपना साक्ष्य प्रस्तुत करने में समर्थ हो सके। उन्होंने जानकारी दी है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना में संशोधन करते हुए पूर्व में विभिन्न श्रेणियों में अपराध से पीड़ित व्यक्ति को निर्धारित प्रक्रिया के अन्तर्गत तत्काल आर्थिक सहायता दिए जाने की व्यवस्था की गयी है। डीजीपी ने कहा है कि इसके अनुक्रम में कार्रवाई कराई जाए ताकि पीड़ित को क्षतिपूर्ति योजना का लाभ मिल सके।

**अभियान चलाकर किया जाए जन शिकायतों का निस्तारण**

डीजीपी ने निर्देश दिए हैं कि जन शिकायतों में किसी भी स्तर पर लम्बित समस्त सन्दर्भों का अभियान चलाकर निस्तारण किया जाए। जनपद स्तर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकए पुलिस अधीक्षक द्वारा एवं परिक्षेत्र स्तर पर परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा भी जन शिकायतों की साप्ताहिक समीक्षा की जाए। थाना समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण त्वरित रूप से किया जाए। यदि राजस्व सम्बन्धी शिकायतें प्राप्त हुई हैं तो इस प्रकार की शिकायतों का राजस्व विभाग के समन्वय से निस्तारण कराया जाए।

# भू-माफियाओं की नकेल कसेगा धरा एप

● साफ्टवेयर में ग्राम समाज सहित सभी सरकारी जमीनों, तालाब खेत खलिहान और चरागाहों का ब्यौरा दर्ज होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य में माफियाओं–अपराधियों से मुक्त कराई गई जमीन पर जिलों में उद्योग–धंधे लगाने की योजना तैयार की जा रही हैं। प्रदेश के हर जिले में एक लैंड बैंक बनाकर जमीन और संपत्तियों की जियो टैंगिंग करने की तैयारी शुरू की है।

सरकार की मंशा को आगे बढ़ाने के लिये मुजफ्फरनगर की जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी जयराजन ने धरा भू–माफिया विरोधी साफ्टवेयर तैयार कराया है। इस साफ्टवेयर में ग्राम समाज सहित सभी सरकारी जमीनों, तालाब खेत खलिहान और चरागाहों का ब्यौरा दर्ज होगा, जिसके चलते कोई भू–माफिया किसी सरकारी जमीन को न तो बेच सकेगा और न ही उस पर कब्जा कर सकेगा। आगे चलकर इस एप का अन्य जिलों में भी सरकार उपयोग करेगी। सेल्वा कुमारी जयराजन के अनुसार धरा भू–माफिया विरोधी साफ्टवेयर जीआईएस बेस आधारित है। इसमें गूगल मैपिंग के जरिये ग्राम समाज भूमि, तालाब, चारागाह आदि की ब्यौरा दिखेगा। जिले में कितनी सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हुआ है और कितनी जमीन अतिक्रमण मुक्त है, किस–किस सरकारी जमीन पर कोर्ट में सुनवाई हो रही है और कितनी सरकारी जमीन को लीज पर दिया गया है, इसका भी उल्लेख होगा। विकास प्राधिकरणों का मास्टर प्लान भी साफ्टवेयर के जरिये देखा जा सकेगा। प्राधिकरण के अधीन कुल कितनी ग्रीन बेल्ट है, इस साफ्टवेयर के जरिये यह भी पता चलेगा कि कौन सी जमीन पर निर्माण हो सकेगा और किसी जमीन पर नहीं, इस जानकारी के चलते कोई भू–माफिया ग्रीन बेल्ट की जमीन को गलत तरीके से न तो बेच सकेगा और न ही उसपर कब्जा कर सकेगा। गांव में भी ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफइस साफ्टवेयर के चलते कार्रवाई करने में प्रशासन को आसानी होगी। इसके चलते जिले में जमीनी विवाद और अतिक्रमण की समस्या का स्थायी समाधान किया जा सकेगा।

## मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति कब तकः हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने राज्य सरकार से पूछा है कि मुख्य सूचना आयुक्त के पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया कब तक पूरी हो जाएगी। पीठ ने इस संदर्भ में सरकार को दो हफ्ते में हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है। जस्टिस आलोक सिंह एवं जस्टिस करुणेश सिंह पवार की पीठ ने यह आदेश नूतन ठाकुर की याचिका पर दिया है। पीठ के समक्ष इस याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अपर मुख्य स्थाई अधिवक्ता एचपी श्रीवास्तव ने उपस्थित हुए। बताया कि तीन नवंबर 2020 को मुख्य सूचना आयुक्त के लिए नया विज्ञापन प्रकाशित किया गया है व जल्द ही नियुक्ति प्रक्रिया को पूर्ण कर ली जाएगी। पीठ ने इस पर जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया।

## एसीपी के खिलाफजारी गिरफ्तारी वारंट का तामीला कराने का आदेश

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**हत्या** के एक आपराधिक मामले में जिरह के लिए हाजिर नहीं होने वाले एसीपी इंद्रप्रकाश सिंह के खिलाफ अदालत ने सख्त रुख अख्तियार किया है। विशेष जज मोहम्मद गजाली ने इनके खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट का तामीला कराने का निर्देश पुलिस आयुक्त को दिया है। उन्होंने इस संदर्भ में पुलिस आयुक्त को पत्र भेजा है। उनसे कहा है कि वर्ष 2008 का यह मामला थाना चिनहट से संबधित है। एक जनवरी 2019 को इस मामले में इंद्र प्रकाश सिंह की गवाही दर्ज हुई थी। लेकिन उसके बाद कई तारीखों से जिरह के लिए अदालत में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। लिहाजा 18 जनवरी को अपने स्तर से अदालत में इनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराएं।

# भाजपा सरकार किसानों की तबाही का जश्न मना रही

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार किसानों की तबाही का जश्न मना रही है। भाजपा सरकार ने छह वर्षों में किसानों को फूटी कौड़ी का लाभ नहीं पहुंचाया। उसकी न तो आय दुगनी हुई, नहीं लागत का ड्योढ़ा मूल्य मिला। एमएसपी देना तो दूर की बात भाजपा सरकार ने किसानों के पास जो जमा पूंजी है उसे भी लूटने का इंतजाम कर लिया है। किसानों के सिर पर खेती जमीन जायदाद जाने का खतरा भी मंडरा रहा है। अखिलेश ने कहा कि विडम्बना तो यह है कि प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार के समय तो यह कहावत चरितार्थ हो रही है कि बड़े मिया तो बड़े मियां, छोटे मियां सुभान अल्लाह। राज्य की भाजपा सरकार का घमण्ड तो अब हद से ऊपर हो गया है। राज्य में कहीं कोई सुनवाई नहीं है। धान की लूट सरे आम हो रही है। धान खरीदी में धांधली से तंग होकर एक और किसान आत्महत्या का प्रयास प्रशासन के निर्मम रवैये को साबित करता है। उन्होंने कहा कि गन्ना समर्थन मूल्य तो बढ़ाया नहीं गया ऊपर से मिलो में करोड़ों रूपये का बकाया हो गया है। प्रदेश में अभी भी आठ हजार करोड़ रूपये से ज्यादा गन्ना किसानों का मिलो पर बकाया है। 14 दिनों में बकाया भुगतान ब्याज सहित देने का दावा करने वाली भाजपा सरकार को भुगतान करने में क्यों देरी हो रही है, इसका जवाब देना चाहिए। अखिलेश ने कहा कि भाजपा भूले नहीं कि लोकतांत्रिक मर्यादाओं के उल्लंघन के नतीजे अच्छे नहीं होते हैं।

# आधुनिक तकनीक से यातायात नियमों की जानकारी देकर जनता को किया जाएगा जागरूक

● 18 जनवरी से 17 फरवरी तक प्रदेश भर में चलेगा सड़क सुरक्षा माह

● छात्र-छात्राओं को अभियान से जोड़ने के लिए विशेष कार्ययोजना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राष्ट्रीय** सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश में आगामी 18 जनवरी से 17 फरवरी तक एक माह का प्रदेश व्यापी सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति अधिकाधिक जागरूक किया जाएगा। इसके लिए विशेष रूप से आधुनिक तकनीक का उपयोग प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। छात्र–छात्राओं को भी अभियान से जोड़ने के लिये विशेष कार्ययोजना तैयार की गयी है।

अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी एवं प्रमुख सचिव परिवहन राजेश कुमार सिंह ने लोक भवन स्थित कमाण्ड सेण्टर में एक संयुक्त उच्चस्तरीय बैठक कर अभियान के दौरान किए जाने वाले प्रयासों पर विशेष रूप से चर्चा की तथा विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत कार्य योजना को अंतिम रूप देकर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में यातायात विभाग के अलावा दूरसंचार के क्षेत्र में सेवा प्रदाता कम्पनियों के प्रतिनिधियों, नगर विकास, परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, सूचना विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नेशनल हाईवे अथॉरिटी आफ इण्डिया, राष्ट्रीय सेवा योजना, पंचायती राज आदि से जुड़े अधिकारियों एवं उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया है कि दूरसंचार के क्षेत्र में सेवा प्रदाता विभिन्न कम्पनियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के संबंध में लघु संदेश प्रसारित कराए जाएंगे। छात्र छात्राओं के लिए आनलाइन पढ़ाई के मध्य लघु वीडियों संदेश भी जागरूकता बढाने के संबंध में प्रसारित किए जाएंगे।

## कुपोषण की रोकथाम के सरकारी दावे महज कागजीः लल्लू

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने प्रदेश में कुपोषण की स्थिति को लेकर योगी सरकार पर हमला बोला है। लल्लू ने कहा कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में महज एक वर्ष शेष है। बीते चार सालों में कुपोषण की रोकथाम के लिए सरकारी कार्यक्रम और दावे महज कागजी साबित हुए हैं। नवजात शिशुओं को मिलने वाले पोषण के आंकड़े महज अफसरों की बाजीगरी है। सुधार के नाम पर तीन महीने से पुराने आंकड़े ही जारी किए जा रहे हैं। लल्लू ने कहा कि प्रदेश सरकार के अधिकारियों एवं मंत्रियों के भ्रष्टाचार के चलते सार्वजनिक वितरण प्रणाली बेलगाम हो चुकी है और आईसीडीएस और आंगनबाड़ी जैसी योजनाएं सरकारी उदासीनता के चलते पंगु हो चुकी हैं। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दिनों मात्र 16 प्रतिशत बजट इस पर खर्च हो पाया है। जिसके चलते उप्र में बच्चों और गर्भवती महिलाओं में कुपोषण की सख्या में इजाफा हुआ है। प्रदेश में जितने भी कुपोषण मुक्त बनाने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं वह सिर्फ कागजी हैं।

# सहकारिता के मूल तत्व को अपनाना ही हमारा चिंतन होना चाहिएः मुकुट

● सहकार भारती का 42वां स्थापना दिवस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सहकारिता** मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने कहा कि संघ कार्य में लोकेषणा, वित्तेषणा और दारेषणा, तीनों से मुक्त होना पड़ेगा। सहकार भारतीय के कार्यकर्ता इन मानकों को अपना कर वास्तविक सहकारिता का कार्य कर रहे हैं। पंडित दीन दयाल उपाध्याय कहते थे कि लोगों को संगठन के रूप में गांव–गरीब–किसान के लिए कार्य करना चाहिए। उनका सपना था कि दीन हीन कमजोर लोगों के घरों तक रोशनी पहुंचे।

यह विचार सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने सोमवार को सहकार भारती का 42वां स्थापना दिवस सहकारिता भवन स्थित चौधरी चरण सिंह सभागार में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि समाज के अधिकाधिक वर्गों तक हमारी पहुंच हो, यही हमारा मूल तत्व है। सहकारिता की प्राथमिक व सबसे छोटी इकाई की आम आदमी तक सीधी पहुंच होती है। हमारा चिंतन यही होना चाहिए कि सहकारिता के मूल तत्व को अपनायें और सहकारिता से जुड़े लोगों के चेहरों पर मुस्कान लायें। इस अवसर पर सूबे में सहकारिता क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सहकारी बंधुओं आलोक सिंह, वाल्मीकि त्रिपाठी, परीक्षित सिंह, मनीष साहनी को सम्मानित किया गया। सहकार भारती के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मार्कण्डेय सिंह ने संगठन की स्थापना व उद्देश्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में संगठन का प्रसार देश के 27 प्रदेशों और लगभग छह सौ जिलों में है। इसका दायरा अंडमान निकोबार तक पहुंच गया है। दातागंज ,बदायूं के विधायक राजीव सिंह ने सहकारिता की उपयोगिता व सहकार भारती की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र में वृद्धि हो रही है। उत्तर प्रदेश सहकारी बैंक के अध्यक्ष तेजवीर सिंह ने कहा कि सहकारी क्षेत्रों में परिवर्तन दिख रहा है। उत्तर प्रदेश भूमि विकास बैंक चेयरमैन संतराज यादव ने कहा कि सहकार भारती का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण का है, जिसमें वह सफल हो रही है। देश के गांवों में किसान तक संगठन से जुड़ रहे हैंए उनका स्तर उठ रहा है और पंण् दीन दयाल का सपना साकार हो रहा है। विशिष्ट अतिथि भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ के निदेशक अशोक ठाकुर ने सहकार भारती की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार ने कृषि क्षेत्र में बड़े किसानों, बिचैलियों व जमाखोरों के तंत्र को तोड़ा है और आम व गरीब किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए निर्णय लिये हैं। इस मुहिम में सहकारी संघों की महत्वपूर्ण भूमिका सिद्ध हो रही है। विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य विद्या सागर सोनकर ने सहकारिता में महिलाओं के योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अन्य सरकारों में लोग सहकारी संघों में जोड़.तोड़ कर पद पाते थे मगर उनको यह तक नहीं पता होता था कि वे किस पैक्स से आते हैं। वर्तमान समय स्थिति बदली है और बदहाल सहकारी संघों की स्थिति श्रम व निगरानी करके बदली जा रही है। कार्यक्रम का संचालन सहकार भारती के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सहकार भारती के प्रदेश अध्यक्ष रमाशंकर जायसवाल ने की।

इस अवसर पर प्रदेश संगठन प्रमुख राजदत्त पाण्डेय, प्रदेश माटी कला बोर्ड सदस्य नीलम प्रजापति, सहकार भारती की प्रदेश महिला प्रमुख मीनाक्षी राय समेत विभिन्न जिलों के सहकारी बैंकों व सहकारी संघों के अध्यक्ष और बड़ी संख्या में पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ऊपरी अदालत को निचली अदालत के जजों के विरुद्ध प्रतिकूल टिप्पणी का अधिकार नहीः हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता।** लखनऊ


हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कहा है कि अपील अथवा पुनरीक्षण मामलों में फैसला देते हुए ऊपरी अदालत को निचली अदालत के जजों के विरुद्ध प्रतिकूल टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है। पीठ ने कहा है कि सत्र अदालत को अपील की सुनवाई करते हुए इस बात का पूरा अधिकार है कि वह साक्ष्यों का पुनर्मूल्यांकन करे। विचारण अदालत के निष्कर्ष से असहमति जताए तथा उससे विपरीत निर्णय पारित करे। लेकिन उसे यह अधिकार कदापि नहीं है कि वह विचारण अदालत के जज की कानूनी क्षमता पर टिप्पणी करे।


पीठ के समक्ष हरदोई की एक अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) ने याचिका दाखिल कर अपने विरुद्ध सत्र अदालत द्वारा की गई प्रतिकूल टिप्पणी को हटाने की मांग की थी। पीठ ने याचिका निस्तारित करते हुए अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के विरुद्ध सत्र अदालत द्वारा की गई टिप्पणी को हटाने का आदेश दिया है। जस्टिस आलोक माथुर की एकल पीठ ने यह आदेश अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) अल्का पांडेय की याचिका पर दिया है। याचिका में कहा गया था कि उन्होंने हरदोई में बतौर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आईपीसी की धारा 406 व 411 के एक मामले की सुनवाई के बाद मुल्जिम को दोषी करार दिया था।

# अदालत ने अवैध निर्माण मामले में सोनू सूद को राहत प्रदान की

**भाषा।** मुंबई

**बम्बई उच्च** न्यायालय ने सोमवार को एक दीवानी अदालत के उस आदेश को 13 जनवरी तक बढ़ा दिया। अभिनेता सोनू सूद को उपनगरीय जुहू स्थित एक आवासीय इमारत में उनके द्वारा बिना अनुमति के किए गए कथित अवैध ढांचागत परिवर्तनों के खिलाफ बीएमसी की ओर से किसी दंडात्मक कार्वाई से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया गया था। सोनू ने बीएमसी द्वारा उन्हें अक्टूबर में जारी नोटिस और बीएमसी की कार्रवाई के खिलाफ उनके द्वारा दायर एक वाद को दिसंबर में एक दीवानी अदालत की ओर से खारिज किए जाने को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया है।





दीवानी अदालत ने वाद खारिज करते हुए सूद को एक अपील दायर करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया था और अपना आदेश स्थगित कर दिया था जिससे अभिनेता को राहत मिली थी। सोमवार को बीएमसी के वकील अनिक साखरे ने अभिनेता की याचिका पर जवाब देने के लिए समय मांगा। सूद के अधिवक्ता अमोघ सिंह ने तब अंतरिम संरक्षण का और बीएसमी को यह निर्देश देने का अनुरोध किया कि वह कोई दंडात्मक कार्वाई न करे। न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण ने याचिका पर सुनवाई 13 जनवरी तक स्थगित करते हुए कहा, निचली अदालत द्वारा पारित आदेश तब तक जारी रहेगा। सूद के वकील सिंह ने उच्च न्यायालय को बताया कि अभिनेता ने छह मंजिला शक्ति सागर इमारत में कोई भी अवैध या अनधिकृत निर्माण नहीं किया है। याचिकाकर्ता (सूद) ने छह मंजिला इमारत में ऐसा कोई बदलाव नहीं कराया है जिसके लिए बीएमसी की अनुमति जरूरी हो। अभी तक केवल वे ही बदलाव ही किए गए हैं जिसकी महाराष्ट्र क्षेत्रीय एवं नगर नियोजन (एमआरटीपी) अधिनियम के तहत अनुमति है। बीएमसी के वकील साखरे ने हालांकि दलील दी कि याचिकाकर्ता आवासीय भवन को लाइसेंस प्राप्त किए बिना अवैध रूप से एक होटल में परिवर्तित कर रहे हैं। साखरे ने कहा, छह मंजिला आवासीय इमारत में 24 कमरों वाला एक होटल चलाया जा रहा है। बीएमसी ने संपत्ति पर दो बार विध्वंस की कार्रवाई की है।



मुंबई में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे प्रियदर्शिनी पार्क में टनल बोरिंग मशीन का उद्घाटन करते हुए।

## रजनीकांत ने राजनीति में आने से किया साफ इनकार, कहा - मुझ पर दबाव डालकर और तकलीफ नहीं पहुंचाएं

**चेन्नई।** अभिनेता रजनीकांत ने सोमवार को साफ तौर पर कहा कि वह राजनीति में प्रवेश नहीं करेंगे। उन्होंने अपने प्रशंसकों से कहा कि राजनीति में आने के लिए बार-बार उन पर दबाव डालकर वे उन्हें और तकलीफ नहीं पहुचाएं और न ही इस पर पुनर्विचार के लिए कोई कार्यक्रम आयोजित करें। अभिनेता (70) के प्रशंसकों ने एक दिन पहले यहां प्रदर्शन करते हुए उनसे अपना फैसला बदलने का अनुरोध किया था। रजनीकांत ने कहा कि वह पहले ही राजनीति में नहीं आने के अपने निर्णय की वजह बता चुके हैं।

अभिनेता ने ट्विटर पर एक बयान में कहा, कृपया राजनीति में आने के लिए मुझ पर दबाव डालने के मकसद से ऐसे कार्यक्रम आयोजित नहीं करें और न ही मुझे तकलीफ दें। रविवार को कुछ लोगों ने रजनी मक्कल मंद्रम (आरएमएम) के निष्कासित पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ मिलकर कार्यक्रम आयोजित किया था।

वल्लूवर कोट्टम में कार्यक्रम के आयोजन के दौरान अनुशासन बरतने और नियमों का पालन करने के लिए उन्होंने आयोजकों की प्रशंसा की। हालांकि उन्होंने नाराजगी जताई कि इसका आयोजन हाई कमान की इजाजत के बगैर किया गया। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल नहीं होने वाले आरएमएम के सदस्यों का शुक्रिया अदा किया। रजनीकांत के प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर अभिनेता से अपने फैसले पर पुनर्विचार के लिए वल्लूवर कोट्टम में कार्यक्रम के आयोजन और उसमें अधिक से अधिक संख्या में जुटने का आह्वान किया था। रक्तचाप में उतार-चढ़ाव के कारण हैदराबाद में अस्पताल में भर्ती होने के बाद अभिनेता ने 29 दिसंबर को कहा था कि वह कोरोना वायरस महामारी और अपनी स्वास्थ्य की स्थिति को देखते हुए राजनीति में प्रवेश नहीं करेंगे।

## असम के सर्वांगीण विकास के कारण भाजपा राज्य में सत्ता बरकरार रखेगी: नड्डा

**सिलचर (असम)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी आगामी चुनाव में असम में सत्ता में लौटेगी और विधानसभा की 126 में से 100 से ज्यादा सीटें जीतेगी क्योंकि सर्वानंद सोनोवाल के नेतृत्व वाली सरकार ने राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए काम किया है। सिलचर में विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि 2016 में विधानसभा चुनाव में विजय के बाद से भाजपा ने जिला परिषद, पंचायत, क्षेत्रीय या स्वायत्त परिषदों के सभी चुनावों में जीत हासिल की है। असम की संस्कृति, भाषा और पहचान को अहमियत देने के कारण पार्टी को सफलता मिली है। भाजपा असम के विकास के लिए शांतिपूर्वक काम कर रही है। पार्टी ने सभी समुदायों के हितों को ध्यान में रखा है। दूसरों को नुकसान पहुंचाए बिना सबकी मांगों को पूरा किया गया है। नड्डा ने कहा, पीएम और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शांति समझौते पर दस्तखत कर 50 वर्ष पुराने बोडो मुद्दे का हल कर दिया।

## मोर्टार फ्यूज बरामद होने से सुरक्षा बलों की चिंताएं बढ़ीं

**श्रीनगर।** उत्तर कश्मीर में दो हफ्ते पहले एक आतंकवादी से तीन प्वाइंट डिटोनेटिंग (पीडी) फ्यूज बरामद होने से सुरक्षा एजेंसियों की चिंताएं बढ़ गई हैं क्योंकि इसका इस्तेमाल पाकिस्तान की सेना 82 एमएम मोर्टार शेल में करती है। यह जानकारी सोमवार को अधिकारियों ने दी। नए वर्ष की पूर्व संध्या पर बारामूला पुलिस ने एक वाहन से तीन पीडी बरामद किए। पुलिस को जब्त सामग्री के बारे में पता नहीं था इसलिए उसने इसे अलग तरह का ग्रेनेड करार दिया। उन्होंने कहा कि बहरहाल, पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने सामग्री की जांच की और फिर उन्हें पता चला कि यह पीडी है जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान की फौज 82 एमएम मोर्टार शेल के लिए करती है।

अधिकारियों ने बताया कि सेना सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ इसकी रिपोर्ट साझा की गई जिसने मामले को काफी गंभीरता से लिया है। अधिकारियों ने बताया कि पीडी का इस्तेमाल परिष्कृत उपकरण विस्फोटक (आईईडी) के निर्माण में किया जाता है ताकि इसके प्रभाव को बढ़ाया जा सके। यह विस्फोटकों के काफी तेजी से फटने में सहयोग करता है या कई बार यह प्रभाव के तरीके में विलंब लाता है ताकि ज्यादा क्षति पहुंचाई जा सके। आतंकवादी आसिफ गुल से ए पीडी बरामद किए गए जो द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) से जुड़ा हुआ है। यह फ्रंट प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का मुखौटा संगठन है। उसने कोयले से भरे बोरी के अंदर फ्यूज को छिपा रखा था।

गुल के खिलाफ 2015 से अब तक 29 मामले दर्ज किए गए हैं और वह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के आबिद कयूम लोन के संपर्क में था, जो टीआरएफ का शीर्ष कमांडर माना जाता है। गुल ने उत्तर कश्मीर से यह खेप उठाई थी और दक्षिण कश्मीर में अपने कैडरों को देने जा रहा था। यह पहला मामला है जब पुलिस ने मोर्टार फ्यूज बरामद किया है और अधिकारियों को आशंका है कि कुछ खेप का पता नहीं चल पाया है और घाटी में ए आतंकवादियों तक पहुंच चुके हैं।

### पुलवामा से आतंकियों के दो सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने सोमवार को आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद की सहायता करने के आरोप में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले से दो लोगों को गिरप्तार किया। पुलिस ने सेना एवं सीआरपीएफ के साथ मिलकर अवंतीपुरा इलाके से जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। ए लोग आतंकियों को आश्रय, समर्थन एवं साजो-सामान उपलब्ध कराने में संलिप्त थे। गिरफ्तार किए गए लोग जिले के अवंतीपुरा और त्राल इलाके में हथियार एवं गोला-बारूद पहुंचाने के साथ ही जैश के आतंकियों को संवेदनशील सूचनाएं उपलब्ध कराते थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शेजान गुलजार बेग और वसीम-उल-रहमान शेख के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी विभिन्न सोशल मीडिया मंचों के जरिए पाकिस्तानी आतंकी कमांडरों के संपर्क में थे।

## क्विक न्यूज

### राजस्थान में नक्सली गतिविधियों की कोई सूचना नहीं: पुलिस महानिदेशक

**जयपुर।** राजस्थान के पुलिस महानिदेशक एम एल लाठर ने सोमवार को कहा कि राज्य में नक्सली गतिविधियों की कोई सूचना नहीं है। लाठर ने यहां संवाददाताओं से कहा, राज्य में किसी तरह की नक्सल गतिविधि की कोई सूचना नहीं है। पिछले साल डूंगरपुर में हिंसा के दौरान विपक्षी दलों के कुछ नेताओं ने राज्य के आदिवासी इलाकों में नक्सलियों के सक्रिय होने का आरोप लगाया था। जनजातीय क्षेत्र डूंगरपुर और उदयपुर में हिंसात्मक घटनाओं को छोड़कर अमूमन 2020 में राज्य में कानून और व्यवस्था शांतिपूर्ण बनी रही। डूंगरपुर व उदयपुर के आदिवासी इलाकों सितंबर में उस समय हिंसा भड़क गई थी जब शिक्षकों की भर्ती परीक्षा -2018 के उम्मीदवारों ने एक राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया था। पुलिस पर पथराव किया, कई संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया और वाहनों को रोक दिया था। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि बीते साल के दौरान बलात्कार के मामलों में जांच की अवधि घटकर 126 दिन (2019-20) रही जो इससे पहले 274 दिन (2017-18) थी।

### पार्वती नदी से सिक्के निकलने की बात अफवाह है: पुलिस


**राजगढ़ (मध्यप्रदेश)।** राजगढ़ जिले के शिवपुरा गांव में पार्वती नदी से प्राचीनकाल के सोने-चांदी के सिक्के निकलने की बात अफवाह साबित हुई है। किसी ने इलाके में नदी से सिक्के मिलने की बात फैला दी, जिसके बाद आस-पास के ग्रामीणों ने उनकी तलाश के लिए खुदाई शुरू की। शिवपुरा क्षेत्र में राजगढ़ जिले की कुरावर थाना पुलिस के साथ राजस्व विभाग के कर्मी भी जांच करने के लिए पहुंचे। नदी में चार दिन पहले सिक्के निकलने की अफवाह फैलने के बाद से आस-पास के ग्रामीण नदी के सूखे हिस्सों की खुदाई कर रहे हैं, लेकिन कहीं कुछ नहीं मिला है। इसके बावजूद ग्रामीणों को उम्मीद है कि सोने-चांदी के सिक्के अभी निकलेंगे। कुरावर के थाना प्रभारी रामनरेश राठौर बताया कि सिक्के निकलने की बात कोरी अफवाह है। उन्होंने बताया कि वह खुद दो घंटे तक मौके पर ही रहे और इस दौरान ग्रामीणों से भी पूछताछ की गई, लेकिन किसी ने भी सिक्के निकलने की बात नहीं स्वीकारी। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह अफवाह किसने फैलाई।

### पवार ने वाम नेताओं से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने सोमवार को वामपंथी नेताओं सीताराम एचुरी और डी राजा से मुलाकात की और किसानों के मौजूदा आंदोलन पर चर्चा की। भाकपा के महासचिव डी राजा ने कहा, हमने उच्चतम न्यायालय के आदेश पर अनौपचारिक चर्चा की। लेकिन क्या करना है इस पर फैसला किसानों को लेना है। उन्हें इस पर जवाब देना है। हम कानूनों को निरस्त करने की उनकी मांग के साथ खड़े हैं। पवार के आवास पर यह मुलाकात ऐसे दिन हुई है, जब उच्चतम न्यायालय की पीठ ने सुनवाई के दौरान अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए यहां तक संकेत दिया कि अगर सरकार इन कानूनों का अमल स्थगित नहीं करती है तो वह उन पर रोक लगा सकती है। न्यायालय ने कहा कि इस विवाद का समाधान खोजने के लिए वह अब एक समिति गठित करेगा। हालांकि किसान नेताओं ने कहा कि कानून निरस्त होते तक वे अपना आंदोलन जारी रखेंगे। राजा ने कहा, हमें पता है कि उन्होंने एक बयान जारी किया है। हम टिप्पणी के पहले उनकी समग्र प्रतिक्रिया का इंतजार करेंगे।

### भंडारा अस्पताल घटना: प्रधानमंत्री ने परिजनों को दो-दो लाख रुपए की सहायता राशि की दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के भंडारा अस्पताल में आग लगने की घटना से जिन नवजातों की मौत हुई है उनके परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि दिए जाने को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक ट्वीट में कहा कि प्रधानमंत्री ने इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल लोगों को 50-50 हजार रुपए की राशि देने को भी मंजूरी दी। महाराष्ट्र के भंडारा अस्पताल में शनिवार को आग लगने 10 नवजातों की मौत हो गई थी।



पटना में गांधी मैदान पर स्वतंत्रता दिवस परेड का पूर्वाभ्यास करते हुए एनएसजी के जवान

## पीडीपी युवा इकाई अध्यक्ष वहीद पारा फिर गिरफ्तार

**श्रीनगर।** पीडीपी युवा इकाई अध्यक्ष वहीद पारा को सोमवार को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने नेताओं, आतंकवादियों, अलगाववादी ताकतों की कथित साठगांठ से जुड़े एक मामले में फिर से गिरफ्तार कर लिया। पारा को गत शनिवार को एनआईए की एक अदालत ने जमानत प्रदान की थी। यह मामला आपराधिक जांच (कश्मीर) रेंज द्वारा दर्ज किया गया था जो आतंकी मामलों की जांच कर रहा है और दो दर्जन से अधिक प्राथमिकी दर्ज की है। पारा को जम्मू में एक अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने पारा को 18 जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने कहा कि पारा को पूछताछ के लिए श्रीनगर लाया जाएगा। पारा को एनआईए ने 25 नवंबर को हिज्बुल मुजाहिदीन आतंकवादियों के साथ उसके कथित संबंधों से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया था।

हाल ही में दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में अपने गृहनगर से जिला विकास परिषद (डीडीसी) का चुनाव जीतने वाले पारा को एक लाख रुपए की जमानत राशि और उतनी ही राशि के निजी मुचलके पर जमानत दी गई थी। जम्मू जिला जेल से रिहा होने के बाद पारा को एक सुरक्षा एजेंसी अपने साथ ले गई थी लेकिन यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो सका था कि वह किसी अन्य मामले में वांछित था या उसे पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था। पीडीपी अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने पारा की हिरासत पर चिंता व्यक्त की थी और उसकी रिहाई के लिए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से हस्तक्षेप करने की मांग की थी। महबूबा ने एक ट्वीट किया था, अदालती कार्यवाही के बाद एनआईए अदालत द्वारा वहीद पारा को जमानत दिए जाने के बावजूद, उन्हें अब जम्मू में सीआईके द्वारा हिरासत में लिया गया है। उन्हें किस कानून के तहत और किस अपराध के लिए गिरफ्तार किया गया है?

## कर्नाटक मंत्रिमंडल का विस्तार 13 या 14 जनवरी को, भाजपा अध्यक्ष को आमंत्रित किया जाएगा: एदियुरप्पा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने सोमवार को कहा कि उनके मंत्रिमंडल का बहुप्रतीक्षित विस्तार या फेरबदल 13 या 14 जनवरी को होगा और शपथ-ग्रहण समारोह के लिए भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा को आमंत्रित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने संकेत दिया है कि सात नए चेहरों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह मंत्रिमंडल का विस्तार होगा या फेरबदल। एदियुरप्पा ने कहा, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा और कर्नाटक प्रभारी (महासचिव अरुण सिंह) की सुविधा के अनुसार 13 या 14 जनवरी को शपथ-ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मुख्यमंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा कि करीब सात सदस्यों को कैबिनेट में शामिल किया जाएगा।

जब पूछा गया कि यह मंत्रिमंडल का विस्तार होगा या फेरबदल तो उन्होंने कहा, देखते हैं। आपको पता चल जाएगा। इससे पहले एदियुरप्पा ने रविवार को नई दिल्ली में कैबिनेट विस्तार की कवायद पर नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बातचीत की थी। मुख्यमंत्री ने रविवार देर रात नई दिल्ली से लौटने के बाद कहा कि 13 जनवरी अपराह्न में सात सदस्यों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा और वह सोमवार को विचार-विमर्श के बाद उनके नाम तय करेंगे। एदियुरप्पा पिछले कुछ समय से कैबिनेट विस्तार के लिए प्रतीक्षा कर रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष ने गत 18 नवंबर को नई दिल्ली में उनसे मुलाकात के दौरान इस कवायद के लिए केंद्रीय नेतृत्व की मंजूरी की प्रतीक्षा करने को कहा था।

## राजद्रोह का मामला: अदालत ने कंगना रनौत को 25 जनवरी तक दी राहत

**भाषा।** मुंबई

**बंबई उच्च न्यायालय** ने राजद्रोह तथा अन्य आरोपों में अभिनेत्री कंगना रनौत और उनकी बहन रंगोली चंदेल के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्वाई से अंतरिम राहत सोमवार को 25 जनवरी तक बढ़ा दी। अदालत ने मुंबई पुलिस को तब तक दोनों को पूछताछ के लिए तलब नहीं करने का भी निर्देश दिया।

रनौत और उनकी बहन मामले में बयान दर्ज कराने के लिए आठ जनवरी को यहां बांद्रा पुलिस के समक्ष पेश हुई थीं। इस बाबत पिछले साल नवंबर में अदालत को आश्वासन दिया गया था। बांद्रा मजिस्ट्रेट अदालत के आदेशों के अनुरूप राजद्रोह के आरोपों में तथा सोशल मीडिया पर टिप्पणियों के माध्यम से कथित रूप से नफरत



फैलाने एवं सांप्रदायिक तनाव की कोशिश करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

बांद्रा मजिस्ट्रेट की अदालत ने पुलिस को रनौत तथा उनकी बहन के खिलाफ शिकायत के बाद जांच करने का निर्देश दिया था। न्यायमूर्ति एस एस शिंदे तथा न्यायमूर्ति मनीष पितले दोनों बहनों की याचिका पर सुनवाई कर रहे थे जिसमें प्राथमिकी को और पिछले साल 17 अक्टूबर को जारी मजिस्ट्रेट के आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया गया है। सरकारी अभियोजक दीपक ठाकरे ने सोमवार को अदालत को सूचित किया कि याचिकाकर्ता आठ जनवरी को अपराह्न एक बजे से तीन बजे तक पुलिस के समक्ष पेश हुई थीं। ठाकरे ने कहा, वह (रनौत) हमारे पूछताछ पूरी करने से पहले ही यह दावा करते हुए चली गईं कि उनकी पेशेवर प्रतिबद्धताएं हैं। हम पूछताछ के लिए उन्हें फिर बुलाएंगे। सहयोग करने में क्या गलत है। इस पर न्यायमूर्ति पितले ने कहा, वह (रनौत) दो घंटे तक रहीं। क्या यह काफी नहीं है? आपको सहयोग के लिए और कितने घंटे चाहिए? तब ठाकरे ने कहा कि पुलिस उनसे तीन और दिन तक पूछताछ करना चाहती है।



जयपुर में मकर संक्रांति पर्व के लिए राजनेताओं की आकृतियों की पतंग बनाते हुए अब्दुल गफ्फार अंसारी

# अयोध्या राम मंदिर की नींव पर काम इसी माह होगा

**भाषा।** हैदराबाद,

● न्यास के अधिकारी ने दी जानकारी



**अयोध्या में** राम मंदिर की बुनियाद पर काम इस महीने शुरू होगा और मंदिर परिसर का निर्माण करीब साढ़े तीन वर्षों में पूरा होने की उम्मीद है। यह बात श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के खजांची स्वामी गोविंद देव गिरि जी महाराज ने कही।उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, बुनियाद किस तरह से बने, उस पर हाल में निर्णय किया गया है। खुदाई शुरू हो गई है लेकिन वास्तविक बुनियाद निर्माण अभी शुरू नहीं हुआ है। यह इसी जनवरी में शुरू होगा। उनसे पूछा गया था कि क्या औपचारिक रूप से मंदिर का निर्माण शुरू हो गया है और अगर नहीं तो यह कब शुरू होगा।परियोजना की पूरी लागत के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि उनका अनुमान है कि परिसर के अंदर मुख्य मंदिर के निर्माण में 300 से 400 करोड़ रुपए की लागत आनी चाहिए।उन्होंने कहा कि पूरी लागत 1100 करोड़ रुपए से अधिक हो सकती है जिसमें मुख्य मंदिर पर 300 से 400 करोड़ रुपए और परिसर के अंदर 67 एकड़ के विकास का खर्च भी शामिल है।उन्होंने कहा कि मंदिर का निर्माण तीन से साढ़े तीन वर्ष के अंदर पूरा होने की उम्मीद है।गिरि जी महाराज ने कहा कि सौ करोड़ रुपए से अधिक का चंदा इकट्ठा हो गया है।यह पूछने पर कि क्या मंदिर निर्माण के लिए विदेशों से भी चंदा स्वीकार किया जाएगा तो उन्होंने कहा कि वर्तमान में उन्हें इसकी अनुमति नहीं है क्योंकि एफसीआरए (विदेशी चंदा विनियमन कानून) की सुविधा नहीं है। उन्होंने कहा कि दो महीने में एफसीआरए सुविधा मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सभी से चंदा मिल रहा है इसलिए मंदिर पूरे देश का है। श्री राम जन्मभूमि मंदिर निधि समर्पण अभियान के तेलंगाना के समन्वयक बी. रमेश ने कहा कि चंदा जुटाने के अभियान के तहत वे राज्य में तीन करोड़ हिंदू परिवारों से संपर्क करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम जन्मभूमि में पांच अगस्त को भूमि पूजन और शिला पूजन किया था।



रांची में जेएमएम अध्यक्ष शिबू सोरेन का 77वां जन्मदिवस मनाते उनके पुत्र व झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# एनसीईआरटी ने प्रौढ़ शिक्षा के शिक्षार्थियों के लिए पाठ्य प्रवेशिका, मार्गदर्शिका बनाई

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय शिक्षा** अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप प्रौढ़ शिक्षा अभियान के शिक्षार्थियों के लिए भाषा और गणित को शामिल करते हुए 13 विषयों (थीम) पर पाठ्य प्रवेशिका एवं मार्गदर्शिका तैयार की है। एनसीईआरटी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भाषा को बताया, प्रौढ़ शिक्षा अभियान के तहत वयस्क शिक्षार्थियों के लिए चार प्रवेशिकाएं तैयार की गई हैं। ए प्रवेशिकाएं समेकित रूप से बनाई गई हैं जिनमें भाषा और गणित दोनों शामिल हैं। विषय सामग्री के रूप में 13 विषय (थीम) तय किए गए हैं। गौरतलब है कि सरकार ने वर्ष 2030 तक शत-प्रतिशत साक्षरता हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी प्रौढ़ शिक्षा को लेकर कई सुझाव दिए गए हैं। ऐसे में एनसीईआरटी ने उड़ान शिक्षा की नाम से प्रौढ़ शिक्षा मार्गदर्शिका और चार प्रवेशिकाएं तैयार की हैं। इन प्रवेशिकाओं में परिवार एवं पड़ोस, बातचीत, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, कानूनी साक्षरता, आपदा प्रबंधन, डिजिटल साक्षरता आदि शामिल हैं। भाषा खंड के तहत इन्हीं विषयों से जुड़ी रोचक सामग्री को शामिल करते हुए हिन्दी भाषा और अंकगणित को पढ़ना लिखना सुगम बनाया गया है। अधिकारी ने बताया, वयस्क शिक्षार्थियों को पढ़ने लिखने और अंक गणित सीखने में मदद के लिए एक निर्देशिका तैयार की गई है। शिक्षार्थियों की स्थानीय जरूरतों और अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए इसमें आवश्यक्ता अनुसार बदलाव किए जा सकते हैं। शिक्षार्थियों को चित्र, पोस्टर या आसपास की घटनाओं के जरिए सीखने को प्रेरित करने पर जोर दिया गया है। इसमें उदाहरण के तौर पर कहा गया है कि स्वयंसेवक मतदान का उल्लेख करते हुए शिक्षार्थियों को बताएं कि आप एक वोटर हैं और आपको मतदान क्यों करना चाहिए। वोट देने की तैयारी, वोट देने के तरीके और वोटर कार्ड के प्रयोग के बारे में भी जानकारी देने पर भी जोर दिया गया है। आपदा प्रबंधन के संबंध में शिक्षार्थियों को आपदा के बारे में चित्र और पोस्टर प्रस्तुत करने तथा उनसे दिखाए गए चित्र से संबंधित आपदा एवं इनके अनुभव (अगर कोई है) के बारे में पूछने को कहा गया है।

# इंजीनियर को सीबीआई जांच के सिलसिले में दिल्ली लेकर आई

**भाषा ।** नई दिल्ली

● करीब 50 बच्चों का कथित उत्पीड़न करने का आरोपी है इंजीनियर

**केंद्रीय** जांच ब्यूरो (सीबीआई)50 बच्चों का कथित रूप से उत्पीड़न करने के आरोप में पिछले साल गिरफ्तार किए गए उत्तर प्रदेश सरकार के एक कनिष्ठ अभियंता का एम्स के चिकित्सकों की एक टीम द्वारा विस्तृत फोरेंसिक, मेडिकल और मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन करने के लिए लेकर आया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस कथित बाल यौनाचारी रामभुवन को सीबीआई की विशेष इकाई ने पिछले साल नवंबर में गिरफ्तार किया था। यह इकाई ऑनलाइन बाल यौन अपराध एवं शोषण रोकथामाजांच में निपुण है।आरोपी ने एक पिछले एक दशक में उत्तर प्रदेश के चार जिलों में 5-16 साल के उम्र के करीब 50 बच्चों का कथित रूप से उत्पीड़न किया और यौन हरकत सामग्री अश्लील वेबसाइटों पर बेची। अधिकारियों ने बताया कि विशेषज्ञों द्वारा उसकी मनोवैज्ञानिक दशा का आकलन एवं स्वर विश्लेषण एवं पुसंत्व का परीक्षण किया जाएगा। एम्स के विशेषज्ञ उसकी मनोवैज्ञानिक दशा का विस्तृत मूल्यांकन करेंगे। यह पता लगाने के लिए केंद्रीय अपराध विज्ञान प्रयोगशाला में उसका स्वर विश्लेषण किया जाएगा कि उसके निवास पर तलाशी के दौरान मिले वीडियो में आवाज उसी की है। अधिकारियों ने बताया कि उसकी मर्दानगी जांच भी कराई जाएगी ताकि वह भविष्य में यह दावा न कर दे कि वह यौन हरकतें करने में असमर्थ है। अधिकारियों ने कहा कि समझा जाता है कि आरोपी ने जांचकर्ताओं से कहा कि वह हमीरपुर, बांदा और चित्रकूट जिलों में चुपचाप अपनी ये सारी चीजें कर रहा था और पांच से 16 साल के बच्चों को अपना शिकार बना रहा था। अधिकारियों ने बताया कि वह नकद और मोबाइल फोन जैसे इलेक्ट्रोनिक उपकरण देकर अपने शिकार को चुप करा लेता था। उसका तौर तरीका ऐसा था कि वह जांच एजेंसियों की नजर से दूर था।गिरफ्तारी के बाद सीबीआई ने कहा था, बच्चों के शारीरिक शोषण के अलावा आरोपी अपनी हरकतें अपने मोबाइल फोन, लैपटोप और अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरणों से कथित रूप से रिकार्ड कर लेता था।

## क्विक न्यूज

### अटल सुरंग जैसी संरचना के निर्माण के लिए गौरव की भावना सबसे अधिक महत्वपूर्ण : राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि अटल सुरंग जैसी संरचना के निर्माण के लिए राष्ट्रीय गौरव की भावना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। रणनीतिक लिहाज से महत्वपूर्ण 9.02 किलोमीटर की सुरंग मनाली को स्पीति घाटी से जोड़ती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल तीन अक्टूबर को इसका उद्घाटन किया था। रक्षा मंत्रालय के बयान के मुताबिक अटल सुरंग पर एक वेबिनार में रक्षा मंत्री ने कहा, अटल सुरंग जैसी महान संरचना के निर्माण के लिए, न केवल ईंट और मोर्टार बल्कि राष्ट्रीय गौरव की भावना भी सबसे अधिक महत्वपूर्ण होती है। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने आईआईटी, एनआईटी और अन्य प्रौद्योगिकी संस्थानों के छात्रों के ज्ञानवर्द्धन के लिए वेबिनार का आयोजन किया।अपने संबोधन में सिंह ने कोविड-19 पाबंदियों के बीच कई सारी तकनीकी चुनौतियों के बावजूद इंजीनियरिंग के इस चमत्कार के निर्माण के लिए बीआरओ के इंजीनियरों की प्रशंसा की।

### डीएम व एसपी ने पीएसी बटालियन बनाने के लिए किया भूमि का निरीक्षण



**बिजनौर।** डीएम रमाकान्त पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डा0 धर्मवीर सिंह ने थाना नांगल सोती क्षेत्र मे पीएससी बटालियन बनाने के लिए भूमि का निरीक्षण किया। डीएम रमाकांत पाण्डेय ने कुछ जमीन वन विभाग की भी देखी। उन्होने ने कहा कि वन विभाग से जमीन बदलने का प्रस्ताव शासन को भेजा जायेगा। बिजनौर जनपद में पीएसी की नई बटालियन बनाने के लिए जमीन की तलाश जोरो से चल रही है। आलाधिकारी जिले के कई स्थानों पर जमीन की तलाश में लगे है। थाना नांगल सोती क्षेत्र में तलाश की गई भूमि का दो दिन पूर्व आईजी पीएसी आईजी अमित चन्द्रा और कई उच्चाधिकारियों ने दौरा करके निरीक्षण किया था। डीएम रमाकान्त पाण्डेय व एसपी डा0 धर्मवीर सिंह ने आज फिर संबन्धित अधिकारियों के साथ पीएससी बटालियन भूमि को देखा। इस दौरान आईजी पीएसी ने राजस्व विभाग के नक्शे और गंगा के पानी का भी निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान आईजी अमित चन्द्रा ने इस भूमि के पास बह रही गंगा की एक छोटी धार के प्रति चिंता व्यक्त करते बताया कि वन विभाग और उच्चधिकारियों के साथ बैठक करके आगे की प्रगति के बारे में चर्चा की जायेगी।

### टटीरी स्वच्छ रखने के लिए नगर वासियों को दिलाया संकल्प



**बागपत।** नगर पंचायत अग्रवाल मंडी टटीरी में 2021 को लेकर क़स्बे के सभी वार्डो में सफाई कराई गई।और नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा कोरोना वायरस महामारी के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई नगर पंचायत द्वारा नगरवासियों से कस्बे को स्वच्छ रखने और उसमें सहयोग देने का आह्वान किया। अभियान में सफाई कर्मचारियों ने सड़कों और नालियों की सफाई की। नगर पंचायत चेयरमैन विनोद कुमार ने कहा कि हमने हमेशा समाज व राष्ट्रहित में कार्य किए है। उन्होंने अभियान के दौरान नगरवासियों से पालीथिन का उपयोग न करनेए कूड़ा हमेशा कूड़ादान में डालनेए खुले में शौच नहीं करने की सलाह दी। उन्होंने नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया।इस मौके पर नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि कस्बे के आर्य समाज रोड पर कर्मचारी सफाई करते हैं।

# 'राहुल गांधी के कारण भाजपा नेताओं को खाना हजम नहीं होता है'

**भाषा।** इंदौर (मध्यप्रदेश),

**कांग्रेस के** वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की हालिया विदेश यात्रा पर भाजपा के सवाल उठाए जाने को लेकर पलटवार करते हुए भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने सोमवार को तंज कसा। उन्होंने कहा कि नए कृषि कानूनों और अन्य मुद्दों पर केंद्र सरकार के खिलाफ राहुल की मुखरता के कारण भाजपा नेताओं को न तो नींद आती है, न ही उन्हें खाना हजम नहीं होता है। श्रीनिवास ने यहां संवाददाताओं से कहा, राहुल का नाम आते ही भाजपा नेताओं को नींद नहीं आती है और वे जो खाना खाते हैं, उन्हें हजम नहीं होता है। उन्होंने कहा कि राहुल अपनी नानी की तबीयत खराब होने के कारण उनसे मिलने विदेश गए थे। लेकिन भाजपा ने उनकी इस यात्रा को बेवजह मुद्दा बना दिया। युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, कोरोना वायरस संकट हो या नए कृषि कानून, केंद्र सरकार के खिलाफ राहुल ने ही सबसे पहले आवाज उठाई थी। कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में राहुल के पार्टी की दोबारा कमान संभालने की अटकलों पर उन्होंने कहा, राहुल (दोबारा कांग्रेस के) अध्यक्ष बनेंगे और इस देश को बचाएंगे। मीडिया के साथ बातचीत से पहले, श्रीनिवास और युवा कांग्रेस के अन्य आला नेताओं ने केंद्र सरकार के नए कृषि कानूनों के खिलाफ एक मुट्ठी मिट्टी शहीदों के नाम के शीर्षक से राष्ट्व्यापी अभियान की शुरुआत की। युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि दिल्ली की सरहदों पर जारी किसान आंदोलन के दौरान करीब 70 अन्नदाताओं की मौत हो चुकी है। श्रीनिवास ने कहा, हम इन शहीद किसानों के सम्मान में भारत भर से




चेन्नई में जाफना विश्वविद्यालय (श्रीलंका)में गिराए गये तमिल म्यूजियम के विरोध में रैली को संबोधित करते एमडीएमके महासचिव वाइको

## पेज 1 का शेष...

### केंद्र स्थगित रखे ...

**प्रतिनिधियों** को भी शामिल किया जाएगा। शीर्ष अदालत तीनों कृषि कानूनों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली और दिल्ली की सीमाओं पर डेरा डाले किसानों को हटाने के लिये याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस मामले की सुनवाई शुरू होते ही पीठ ने टिप्पणी की कि यह सब क्या हो रहा है? राज्य आपके कानूनों के खिलाफविद्रोह कर रहे हैं। यह बहुत ही संवेदनशील स्थिति है। हमारे सामने एक भी ऐसी याचिका नहीं है जो इन कानूनों को लाभकारी बता रही हो। पीठ ने कहा कि हम अर्थशास्त्र के विशेषज्ञ नहीं हैं। आप हमें बताएं कि क्या सरकार इन कृषि कानूनों को स्थगित रखने जा रही है या हम ऐसा करेंगे। यह कहते हुए दुख हो रहा है कि केंद्र इस समस्या और किसान आन्दोलन को नहीं सुलझा पाया।

अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने दलील दी कि किसी भी कानून पर उस समय तक रोक नहीं लगाई जा सकती जब तक न्यायालय यह नहीं महसूस करे कि इससे मौलिक अधिकारों या संविधान की योजना का हनन हो रहा है। पीठ ने कहा कि हमारी मंशा यह देखने की है कि क्या हम इस सबका कोई सर्वमान्य समाधान निकाल सकते हैं। इसीलिए हमने केन्द्र से पूछा कि क्या आप इन कानून को कुछ समय के लिये स्थगित रखने के लिये तैयार हैं, लेकिन आप समय निकालना चाहते थे। बेहद सख्त लहजे में पीठ ने कहा कि हमें नहीं पता कि आप समाधान का हिस्सा हैं या समस्या का। यह मामला दिन प्रतिदिन बिगड़ रहा है और लोग आत्महत्या कर रहे हैं। यही नहीं, इन कृषि कानूनों का विरोध कर रहे किसानों की यूनियनों से भी पीठ ने कहा कि आपका भरोसा है या नहीं, लेकिन हम उच्चतम न्यायालय हैं और हम अपना काम करेंगे।

पीठ ने कहा कि उसे नहीं मालूम कि आन्दोलनरत किसान कोविड-19 महामारी के लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप उचित दूरी का पालन कर रहे हैं या नहीं लेकिन वह उनके लिये भोजन और पानी को लेकर चिंतित हैं। पीठ ने यह भी आशंका जताई कि इस आन्दोलन के दौरान शांतिभंग करने वाली कुछ घटनाएं भी हो सकती हैं। पीठ ने कहा कि इन कानूनों के अमल पर रोक लगाए जाने के बाद आंदोलनकारी किसान अपना आन्दोलन जारी रख सकते हैं क्योंकि न्यायालय किसी को यह कहने का मौका नहीं देना चाहता कि उसने विरोध की आवाज दबा दी। हम जान माल के नुकसान को बचाना चाहते हैं। विरोध प्रदर्शन का अधिकार बरकरार है। जहां तक कानून-व्यवस्था का सवाल है तो उसे पुलिस देखेगी। इन कानूनों को लेकर केन्द्र और किसान यूनियनों के बीच आठ दौर की बातचीत के बावजूद कोई रास्ता नहीं निकला है क्योंकि केंद्र ने इन कानूनों को समाप्त करने की संभावना से इंकार कर दिया है जबकि किसान नेताओं का कहना है कि वे अंतिम सांस तक इसके लिये संघर्ष करने को तैयार हैं और 'कानून वापसी' के साथ ही उनकी 'घर वापसी' होगी।

### कानूनों के अमल ...

**ही कानून** निरस्त करने पर सहमत हो गई है कि वह किसानों की मांगों के मुताबिक कानूनों में संशोधन करने की इच्छुक है।' मनसा ने कहा, 'हम उच्चतम न्यायालय से इन कानूनों को पूरी तरह निरस्त करने की अपील करते हैं क्योंकि ये संवैधानिक रूप से वैध नहीं हैं।' उन्होंने कहा कि आंदोलन तब तक चलता रहेगा 'जब तक इन कानूनों को निरस्त नहीं कर दिया जाता या भाजपा सरकार का कार्यकाल पूरा नहीं हो जाता।' पंजाब किसान यूनियन के अध्यक्ष रुल्दु सिंह मनसा ने भी ऐसी ही प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आंदोलन कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग के साथ शुरू हुआ था और यह 'तभी खत्म होगा जब हम अपनी लड़ाई जीत लेंगे।' क्रांतिकारी किसान यूनियन के अध्यक्ष दर्शन पाल ने कहा कि किसान नेता अपने वकीलों के साथ विचार-विमर्श कर रहे हैं और उच्चतम न्यायालय को फैसला सुनाने के बाद औपचारिक जवाब दिया जाएगा। सरकार और किसान यूनियनों की बीच अब तक आठ दौर की वार्ता हो चुकी है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है। कृषि कानूनों के विरोध में विभिन्न राज्यों के किसान 26 नवंबर से दिल्ली की सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे हैं।

### बारी आने पर...

**यूनिवर्सल** इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम चल रहे हैं उन अनुभवों को इस टीकाकरण अभियान के साथ जोड़ा गया है। चुनाव में जिस तरह बूथ स्तर की रणनीति हमने बनाई है, उसका अनुभव यहां भी काम आएगा।' उन्होंने कहा कि कुछ देशों द्वारा टीकाकरण शुरू कर दिए जाने के बाद यह सवाल उठाए गए कि भारत में क्यों देरी हो रही है। उन्होंने कहा, ''मैंने तब भी कहा था कि साइंटिफिक कम्युनिटी के सलाह से हम काम करेंगे। हमारे दोनों वैक्सीन कॉस्ट इफेक्टिव हैं, यह वैक्सीन भारत की परिस्थितियों को देखते हुए निर्मित की गई हैं। देशवासियों को प्रभावी वैक्सीन देने के लिए हमारे वैज्ञानिक समुदाय ने सभी सावधानियां बरती हैं।' हाल ही में भारत के औषधि नियामक से स्वदेश में विकसित टीके को देश में सीमित आपात इस्तेमाल की मंजूरी मिलने के बाद यह प्रधानमंत्री का सभी मुख्यमंत्रियों के साथ पहला संवाद था। कोरोना संक्रमण काल के दौरान प्रधानमंत्री ने कई मौकों पर मुख्यमंत्रियों से वार्ता की थी। भारत में कोरोना के टीकाकरण को लेकर व्यापक अभियान की तैयार चल रही है। इस सिलसिले में शुक्रवार को देश भर में पूर्वाभ्यास भी किया गया था। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित ऑक्सफोर्ड के कोविड-19 टीके 'कोविशील्ड' और भारत बायोटेक के स्वदेश में विकसित टीके 'कोवैक्सीन' को देश में सीमित आपात इस्तेमाल के लिये रविवार को भारत के औषधि नियामक की ओर से मंजूरी दी गई थी।

### यूपी में एसटीएफ ...

**भी सूरत** में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि आज उपभोक्ता बिल देना चाहता है लेकिन उसे समय पर सही बिल मिले तभी यह संभव होगा। सही बिल समय पर मिलेगा तो ही विभाग का 90 हजार करोड़ का घाटा काम होगा और सस्ती बिजली का सरकार का संकल्प भी आसानी से पूरा होगा। उन्होंने निर्देशित किया कि अधिकारी 31 मार्च तक यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक उपभोक्ता को डाउनलोडेबल बिल मिले। एमडी अपने स्तर से भी इसे सुनिश्चित कराएं। ऊर्जा मंत्री ने बिलिंग एजेंसियों को किए गए भुगतान की भी ऑडिट कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बिजलीघर के निरीक्षण में कमियों पर एमडी समेत अधिकारियों से जवाब तलब भी किया। साथ ही उन्हें समय से दूर करने के निर्देश भी दिए। साथ ही गर्मियों को लेकर भी अभी से सभी तैयारियों को समय से पूरा करने को भी कहा।

### भारत ने पकड़े ...

**का सैनिक** एलएसी पार कर अवैध रूप से घुसा था। इस क्षेत्र में तैनात भारतीय सैनिकों ने उसे हिरासत में ले लिया था। चीनी सैनिकों के अभूतपूर्व जमावड़े और तैनाती के चलते पिछले वर्ष तनाव उत्पन्न होने के बाद दोनों ओर से सैनिक एलएसी पर तैनात किए गए हैं। भारतीय सेना द्वारा सैनिक को पकड़े जाने के बाद चीन ने शनिवार को उसे तत्काल रिहा करने की मांग की थी। बीते तीन महीने में भारत द्वारा चीन के सैनिक को पकड़कर छोड़ने का यह दूसरा वाकया है। पिछले साल 19 अक्टूबर में पीएलए का कॉरपोरल वांग या लोंग वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भटक गया था, जिसे भारतीय सैनिकों ने पकड़ लिया था। कॉरपोरल को प्रोटोकॉल के अनुसार चुशुल-मोल्दो सीमा स्थल पर चीन को सौंप दिया गया था। एलएसी पर पैंगोंग झील के आसपास के इलाके में बीते कुछ महीने से तनाव बना हुआ है।

### दस राज्यों तक ...

**हैं जहां** पहले ही पक्षियों की मौतों के कारण एवियन इन्फ्लुएंजा की पुष्टि की जा चुकी है। दिल्ली के बाद हिमाचल प्रदेश ने भी अन्य राज्यों से सभी पोल्ट्री उत्पादों की आपूर्ति पर एक सप्ताह के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। बर्ड फ्लू के प्रकोप के बीच, केंद्रीय पशुपालन मंत्री गिरिराज सिंह ने सोमवार को लोगों से वायरस के बारे में किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि यदि पशु उत्पादों को उपभोग करने से पहले ठीक से पकाया जाए तो इंसान को कोई खतरा नहीं है। बर्ड फ्लू से प्रभावित राज्य सरकार ने एहतियात के तौर पर 10 किलोमीटर के दायरे में प्रसंस्कृत और पैक चिकन की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसी के मद्देनजर मंत्री ने यह स्पश्ट किया कि ऐसे प्रतिबंध की कोई जरूरत नहीं, क्योंकि ऐसा कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं मिला कि यह बीमारी पक्षियों से मनुश्य में फैलती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रवासी पक्षियों के माध्यम से बर्ड फ्लू जंगली पक्षियों के बीच फैलता है। मंत्रालय ने 22 अक्टूबर, 2019 को सभी राज्यों के लिए इस बारे में एडवाइजरी जारी की थी। यदि इस सलाह पर ध्यान दिया जाता तो दिल्ली की गाजीपुर मंडी को बंद नहीं किया जाता। दिल्ली सरकार के विकास विभाग की पशुपालन इकाई के डॉक्टर राकेश सिंह के अनुसार, जालंधर लैब भेजे गए सभी आठ नमूने बर्ड फ्लू के लिए पॉजिटिव आए हैं। इनमें चार नमूने मयूर विहार फेज 3 से, तीन नमूने संजय झील और एक नमूना द्वारका से लिया गया था। हरियाणा में संक्रमित पक्षियों को मारने का काम जारी है।

### केंद्र ने सीरम ...

**का टीका** लगभग 1000 रुपये में पड़ेगा। देश में 16 जनवरी से कोविड-19 के टीकाकरण अभियान की शुरुआत होगी, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान बताया है। शुरुआत में देश के तीन करोड़ स्वास्थ्यकर्मियों और अग्रिम मोर्चे के कर्मियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके बाद 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों और 50 की उम्र से कम वाले उन लोगों का नंबर आएगा जिन्हें अन्य रोग भी हैं। यह संख्या भी करीब 27 करोड़ है। इस तरह पहले चरण में करीब 30 करोड़ लोगों को कवर किया जाएगा।

### आप विधायक...

**मामले में** पुलिस द्वारा जब तक संबंधित पत्रावली नहीं पेश किया जाता, तब तक जमानत अर्जी पर सुनवाई सम्भव नहीं है। इसी आधार पर न्यायाधीश ने जमानत अर्जी खारिज कर 13 जनवरी को सुनवाई की तारीख तय कर दी। दिल्ली के कानून मंत्री रह चुके सोमनाथ भारती के साथ हुए इस मामले को लेकर आप और सत्तारूढ़ भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है।

## मुश्ताक अली ट्रॉफी : दिल्ली ने मुंबई को हराया

**मुंबई।** दिल्ली ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मे शानदार शुरूआत करते हुए सोमवार को ग्रुप ई मे मुंबई को 76 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने नीतिश राणा के 37 गेंद मे 74 रन की मदद से चार विकेट पर 206 रन बनाए। इसके बाद बाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रदीप सांगवान के तीन विकेट की बदौलत मुंबई को मात्र 130 रन पर आउट कर दिया। दिल्ली के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने 23 और हितेन दलाल ने 24 रन बनाए। दोनो ने पहले चार ओवर मे 38 रन जोड़े। धवन हालांकि अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी मे नही बदल सके। एक समय दिल्ली का स्कोर दो विकेट पर 56 रन था। हम्मत सिंह (32 गेंद मे 53 रन) और राणा ने हालांकि तीसरे विकेट के लिए 122 रन जोड़कर दिल्ली को बड़े स्कोर तक पहुंचाया।

## एमसीसी अध्यक्ष संगकारा ने भारतीयों पर नस्लीय छींटाकशी की निंदा की

**अबुधाबी।** मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के अध्यक्ष कुमार संगकारा ने सिडनी मे तीसरे टेस्ट के दौरान भारतीय खिलाड़ियों पर की गई नस्लवादी टिप्पणियो की सोमवार को निंदा की। एमसीसी खेल के कानूनों का संरक्षक है। अबुधाबी टी10 टूर्नामेंट द्वारा कराई गई वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस मे संगकारा ने कहा , मैने इस घटना के बारे मे पढा है। किसी भी देश मे और किसी भी रूप मे नस्लवाद निंदनीय है। दोषियो को कड़ी सजा मिलनी चाहिए और उनके खिलाफ सख्त कार्वाई की जानी चाहिए।

## तेजस्विनी 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन के ट्रायल में विजेता

**नई दिल्ली।** अनुभवी भारतीय निशानेबाज तेजस्विनी सावंत सोमवार को यहां डॉ कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर मे महिलाओ की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टी। ट्रायल मे पंजाब की अंजुम मौदगिल को पछाड़ते हुए विजेता बनी।ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली दो निशानेबाजो के मुकाबले मे पूर्व विश्व चैम्पियन महाराष्ट्र की तेजस्विनी ने क्वालीफाइंग मे 1171 अंक हासिल करने के बाद फाइनल मे 458.7 अंक हासिल किए। क्वालीफाइंग मे 1167 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही अंजुम फाइनल मे 457.8 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही।

## भारत की फिटनेस समस्याओं का चौथे टेस्ट में आस्ट्रेलिया को फायदा होगा : पोंटिंग

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारतीय टीम की फिटनेस समस्याओ और गाबा पर अपने अच्छे रिकार्ड का मेजबान टीम को ब्रिसबेन मे होने वाले निर्णायकचौथे टेस्ट मे फायदा मिलेगा। आस्ट्रेलिया का पलड़ा ब्रिसबेन मे भारी होगा। आस्ट्रेलिया का गाबा पर बेहतरीन रिकार्ड है और अगर विल पुकोवस्की फिट होता है तो टीम मे कोई बदलाव नही होगा।

# भारत ने आस्ट्रेलिया से मैच ड्रा कराया

## हनुमा व अश्विन ने जमाए पांव

**भाषा।** सिडनी



चेतेश्वर पुजारा और ऋषभ पंत की शतकीय साझेदारी टूटने से जीत की उम्मीदें धूमिल पड़ने के बाद हनुमा विहारी और रविचंद्रन अश्विन ने क्रीज पर पांव जमाए जिससे भारत सोमवार को यहां तीसरा टेस्ट क्रिकेट मैच ड्रा कराकर आस्ट्रेलिया पर मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल करने में सफल रहा।

विहारी ने पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आने के बावजूद अश्विन के साथ अंतिम सत्र में आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की हर रणनीति को नाकाम करके उसकी जीत की उम्मीदों पर पानी फेरा। हनुमा ने लगभग चार घंटे क्रीज पर बिताकर अपने नाबाद 23 रन के लिए 161 गेंदें खेली जबकि अश्विन ने 128 गेंदों पर नाबाद 38 रन बनाए। दोनों ने लगभग 42 ओवरों का सामना करके छठे विकेट के लिए 62 रन जोड़े। इससे पहले पुजारा ने 205 गेंदों पर 77 रन बनाए थे जबकि विहारी से पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे गए पंत ने आक्रामक अंदाज दिखाकर 118 गेंदों पर 12 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 97 रन बनाए। इन दोनों ने चौथे विकेट के लिए 148 रन जोड़े। भारत ने 407 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आखिर में 131 ओवरों में पांच विकेट पर 334 रन बनाए। जब मैच में एक ओवर बचा हुआ था तब दोनों टीमें ड्रा पर सहमत हो गई। आस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 338 रन बनाए थे और दूसरी पारी छह विकेट पर 312 रन बनाकर समाप्त घोषित की। भारत ने पहली पारी में 244 रन बनाए थे। रोमांच की पराकाष्ठा पर पहुंचे इस मैच के ड्रा होने के बाद चार मैचों की श्रृंखला।-। से बराबरी पर है। अब ब्रिसबेन में 15 जनवरी से शुरू होने वाला चौथा और अंतिम टेस्ट मैच निर्णायक बन गया है। पुजारा जब दूसरे सत्र के आखिर में आउट हुए तब दिन के लगभग 43 ओवर बचे हुए थे। भारत लक्ष्य से 137 रन दूर था लेकिन रविंद्र जडेजा चोटिल थे और ऐसे में हमलावर तेवर अपनाने वाले आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के सामने पुछल्ले बल्लेबाजों को लाना बुद्धिमतापूर्ण नहीं होता।

### भारत-ऑस्ट्रेलिया ड्रा टेस्ट के बाद डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष दो स्थानों पर बरकरार

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया और भारत सोमवार को यहां तीसरे टेस्ट मैच को ड्रा खेलने के बाद विश्व टेस्ट चैपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के शीर्ष दो स्थानो पर बने हुए है। भारतीय बल्लेबाजो ने चौथी पारी मे धैर्य और जज्बे की शानदार मिसाल पेश करते हुए ऑस्ट्रेलिया को जीत से दूर रखा जिससे श्रृंखला अभी।-। से बराबर है। श्रृंखला का चौथा और आखिरी टेस्ट ब्रिसबेन मे 15 जनवरी से खेला जाना है। भारतीय टीम इस मैच मे शानदार प्रदर्शन के कारण डब्ल्यूटीसी अंक तालिका मे तीसरे स्थान पर काबिज न्यूजीलैड से थोड़े अंतर से आगे है। आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ने ट्विटर पर लिखा, सिडनी मे अविश्वसनीय रूप से प्रतिस्पर्धी मैच के बाद दोनो टीमें आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका मे शीर्ष दो स्थानो पर बनी हुई है। भारत और न्यूजीलैड के बीच 0.2 प्रतिशत का अंतर है। इससे पहले वेस्टइंडीज और पाकिस्तान पर प्रभावशाली जीत के बाद न्यूजीलैड की टीम आईसीसी टेस्ट रैंकिंग मे पहली बार नंबर एक पर पहुंची थी। सिडनी टेस्ट के ड्रा होने पर भारत और ऑस्ट्रेलिया को 10-10 अंको से संतोष करना पड़ा। इस 10 अंक से भारतीय टीम डब्ल्यूटीसी तालिका मे 400 अंक का आंकड़ा छूने वाली पहली टीम बनी। भारत, तालिका मे हालांकि ऑस्ट्रेलिया के बाद दूसरे स्थान पर है क्योंकि अब इसके स्थानो का आकलन जीतने के प्रतिशत के आधार पर होता है।

### स्कोरबोर्ड

**ऑस्ट्रेलिया पहली पारी:** 338,भारत पहली पारी 244,ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी: छह विकेट पर 312 रन पर पारी घोषित, भारत दूसरी पारी:रोहित का स्टार्क बो कमिंस 52, गिल का पेन बो हेजलवुड 31,पुजारा बो हेजलवुड 77, रहाणे का वेड बो लियोन 04, पंत का कमिंस बो लियोन 97, विहारी नाबाद 23,अश्विन नाबाद 39,**अतिरिक्त:** 11,**कुल:** 131 ओवर मे पांच विकेट पर: 334 रन,**विकेट पतन:**।-71, 2-92, 3-102, 4-250, 5-272,**गेंदबाजी:** स्टार्क 22-6-66-0,हेजलवुड 26-12-39-2, कमिंस 26-6-72-।,लियोन 46-17-114-2, ग्रीन 7-0-31-0,लाबुशेन 4-2-9-0

## पेन के पास कप्तान के तौर पर गिनती के दिन बचे, बर्खास्त हुए तो आश्चर्य नहीं : गावस्कर

**सिडनी।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने तीसरे टेस्ट मैच के दौरान सोमवार को रविचंद्रन अश्विन पर छींटाकशी करने पर ऑस्ट्रेलियाई कप्तान टिम पेन की आलोचना कहा कि कप्तान के तौर पर उनका आचरण अनुचित था और इससे उन्हें कप्तानी से हाथ धोना पड़ सकता है। ऑस्ट्रेलिया का शानदार गेंदबाजी आक्रमण पूरी कोशिश करने के बाद भी पांचवें दिन भारतीय बल्लेबाजी को ज्यादा परेशान नहीं कर सका।

भारतीय बल्लेबाजों ने धैर्य से खेलते हुए तीसरा टेस्ट ड्रा ने कहा, मुझे नहीं पता , मैं ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ता नहीं हूं, लेकिन कप्तान के रूप में उनके पास गिनती के दिन बचे है। आप भारतीय टीम को बिना (ज्यादा) विकेट हासिल किए 130 ओवरों तक बल्लेबाजी करने देते है। यह बहुत अच्छा ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण है। आप गेंदबाजी में बदलाव, क्षेत्ररक्षकों को सही जगह खड़ा कर परिणाम को बदल सकते थे।

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mrs. Sunita Devi** who is the owner of **Property Bearing No.16, area measuring 35 Sq. Yds., i.e., 29.27 Sq. Mtrs., out of total land area measuring 200 Sq. Yds., out of Khasra No.16/4, situated in the area of Village Hastsal, Delhi, and the colony known as Vikas Vihar, in Block-B, Vikas Nagar, Uttam Nagar, New Delhi** executed by **Mr. Gulab Chand as attorney of Mrs. Vishnu Sharma**, owner Vide of Gift Deed dated 23.11.2020 vide Doc No.17561, Book No.1, Vol. No.5749, on pages 13-19, registered on 24.11.2020 with SR-IIB Janakpuri, New Delhi and same to be finance & mortgage by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
**269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth ,Opp. Uday Park, South Ext.II, New Delhi-49, Contact #011-40046316**

**MARRIAGE NOTICE**

No DUBA,Cons/434/MR/2020-(318) DATED: 31/12/2020 **Mr. Sahil Arora, s/o Vijay Kumar Arora, resident of** 10924/1, manak pura. don walan karol bagh, Delhi pin: 110005, Delhi, India present address apartment No. 305, palm tower 1, Al Mamzar, Sharjah. UAE, **and** Miss. Sana Shahbaz khan daughter of Muzaffar Shahbaz Khan, **resident of** House No. 58. Blocks, Model Town, Lahore, Pak. **Present address** R4, Shaikh Hamdan colony Al karama, Dubai, UAE.
**Sahil Arora** Indian national and **Sana Shahbaz khan** Pakistan national presently residing in UAE have given notice of intended marriage between them under the foreign marriages act. 1969 if any one has any objection to the proposed marriage he/she should file the same with the undersigned according to the procedure laid down under the act/rules within **thirty days** from the date of publication of this notice.

**(Jitender Singh Negi)**
**Marriage Officer Consulate General of India**
**P.O.BOX:737, DUBAI (UAE)**
**FAX No. 009714-3970453**
**Email: cons1.dubai@mea.gov.in, cons3.dubai@mea.gov.in**
**Homepage: www.cgidubai.gov.in**

**PUBLIC NOTICE**

General public is hereby informed that my client Ms. **MANSIMAR KAUR**, D/o. Amrit Pal Singh, R/o. House No.2, Road No.37, Punjabi Bagh (W), New Delhi-110026 whose date of birth was earlier not mentioned in her Aadhaar Card. Now as per Birth Order dated 16/11/2020, issued by **Tehsildar, Punjabi Bagh, SDM Office, Nangloi, New Delhi-110041**, the date of birth of my client is 17/07/2002 and the same shall stand revised and corrected from this day onward

Date: 11.01.2021 **KARTIK SRIVASTAVA (ADVOCATE)**

**PUBLIC NOTICE**

OXIGEN WALLET HAS SURRENDERED IT'S PPI LICENSE CERTIFICATE OF AUTHORIZATION NO. 31/2010,GRANTED BY RBI, DEPT OF PAYMENTS AND SETTLEMENT SYSTEMS, MUMBAI, ON 18.01.2010 TO OXIGEN SERVICES INDIA PVT. LT, No new wallets can be created nor can any fresh wallet loading be made.Therefore as per RBI process Oxigen Wallet requests it's holders to reclaim/ refund or use their wallet balance using the following steps by 1st Feb 2021-
1. Use the app to transfer money from the PPI Wallet to their personal bank account. OR
2. Customer can send an e- mail to care@oxigenwallet.com with subject matter CLOSE WALLET,for the closure of wallet.Customers must attach with their email the following for verification of documents so a refund can be initiated to their bank account:
a. Bank Name, Your name-Beneficiary, Account number, IFSC code.
b. a self-attested copy of government ID proof such as PAN, Aadhar
Customers Kindly note: Refund of unused balances will be processed as per regulations, from the escrow bank in 10 working days from the date of approval of receipt of request and documentation verification. No new requests will be entertained post 1st Feb 2021The process of transfer and closure of wallet is listed on the website www.myoxigen.com/walletclosure
For Assistance:
Email care@oxigenwallet.com or
Contact Nodal Officer nodal@myoxigen.com, Mobile Number - +919811280815,
Mr Sudhanshu Mishra,
Address : Oxigen Services, 8th Floor, Magnum Towers, Golf Course Extension Road, Sector 58, Gurugram, 122018, Haryana

**PUBLIC NOTICE**

It is notified for the information that my original "Member Share Certificate with Allotment Letter" of Property Address : Flat No. 84, 4th Floor, Plot No-11, Jai Diba Maa Co-operative Group Housing Society Ltd., Sector – 5, Dwarka, Delhi - 110075, has been misplaced/lost. Whosoever find contact: Shankar Agarwal, Add : AM-2, Shalimar Bagh, Delhi-110088.
Mob.: 9873374908, 7217678293

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा मुवक्किल राज कुमार सिंह पुत्र स्व० हरगुलाल सिंह निवासी–33/21, ब्लॉक–32, गली नं0–17, भीकम सिंह कॉलोनी, विश्वास नगर, शाहदरा, दिल्ली–110032 ने अपने पुत्र सत्या कुमार व पुत्रवधु मोनिका को उनके दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध–विच्छेद कर लिए हैं। उनके किसी भी कार्य व लेन–देन के लिए मेरा मुवक्किल व उसका परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**गौरव कुमार (अधिवक्ता)**
**चैम्बर नं0 एफ–311, कड़कड़डूमा कोर्ट, शाहदरा, दिल्ली**

## सिंधु, साइना को थाईलैंड में बेहतर प्रदर्शन से ओलंपिक क्वालीफिकेशन की उम्मीद



**भाषा।** बैंकॉक

कोरोना वायरस महामारी के कारण लगभग 10 महीनों तक अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर प्रभावित होने के बाद भारत की बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और साइना नेहवाल मंगलवार से शुरु होने वाले योनेक्स थाईलैंड ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट से प्रतिस्पर्धी मुकाबले में वापसी करेंगी। टूर्नामेंट में चीन और जापान के खिलाड़ी भाग नहीं ले रहे है जिससे इसकी चमक थोड़ी फीकी पड़ी है। ओलंपिक चैम्पियन सिंधू पिछले दो महीने से लंदन में अभ्यास कर रहीं थी तो वहीं साइना कोविड-19 से उबरने के बाद जल्द ही लय हासिल करना चाहेंगी। वह जैव-सुरक्षित माहौल में मंगलवार से होने वाले टूर्नामेंट में अपनी फिटनेस को भी परखेंगी। पिछले साल मार्च में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के बाद बीडब्ल्यूएफ ने सत्र को निलंबित कर दिया था। जिसके बाद अक्टूबर में हुए डेनमार्क ओपन सुपर 750 और सारलोरक्स सुपर 100 में सिंधू और साइना ने भाग नहीं लिया था। योनेक्स थाईलैंड ओपन (12 से 17 जनवरी) और टोयोटा थाईलैंड ओपन (19 से 24 जनवरी) के अलावा एचएसबीसी बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन संघ) विश्व टूर फाइनल्स (27 से 31 जनवरी) का हिस्सा नहीं होंगे। इन तीनों टूर्नामेंटों के साथ कोरोना वायरस महामारी से प्रभावित 2020 का सत्र खत्म होगा। चीन और जापान के खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में सिधू और साइना की राह थोड़ी आसान जरूर होगी। थाईलैंड में कोविड-19 के मामले बढ़ने के बाद चीन ने इससे हटने का फैसला किया तो वही विश्व नंबर एक खिलाड़ी केंतो मोमोता के कोरोना जांच में पॉजिटिव आने के बाद जापान आखिरी समय में टूर्नामेंट से हट गया। विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज सिंधू अपने अभियान का आगाज डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्डट के खिलाफ करेंगे तो वही विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज साइना को पहले दौर में नोजोमी ओकुहारा का सामना करना था लेकिन अब वह मलेशिया की किसोना सेल्वदुरे से भिड़ेगी। विश्व चैम्पियन सिंधू का ब्लिचफेल्डट के खिलाफ 3-0 का रिकार्ड है।

# चोटिल विहारी आखिरी टेस्ट से बाहर

## इंग्लैंड के खिलाफ खेलना संदिग्ध, जडेजा की जगह ले सक्ते हैं शारदुल



**भाषा।** नई दिल्ली

आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में भारत की फिटनेस समस्याएं बढती ही जा रही है और सिडनी में ड्रॉ रहे तीसरे टेस्ट के नायक हनुमा विहारी हैमस्ट्रिंग चोट के कारण ब्रिसबेन में चौथा टेस्ट नहीं खेल सकेंगे।

समझा जाता है कि मैच के बाद विहारी को स्कैन के लिए ले जाया गया। इसकी रिपोर्ट मंगलवार की शाम तक आने की उम्मीद है। विहारी अगले मैच तक फिट नहीं हो सकेंगे जो 15 जनवरी से शुरू हो रहा है। आंध्र के इस खिलाड़ी ने 161 गेंद में 23 रन बनाकर आर अश्विन के साथ मिलकर मैच बचाया। स्कैन की रिपोर्ट आने के बाद ही विहारी की चोट के बारे में पता चल सकेगा लेकिन ग्रेड वन चोट होने पर भी उसे चार सप्ताह बाहर रहना होगा और उसके बाद रिहैबिलिटेशन से गुजरना होगा। सिर्फ ब्रिसबेन टेस्ट ही नहीं बल्कि इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से भी वह बाहर रह सकते हैं।

### ब्रिसबेन में ही होगा चौथा टेस्ट, क्षमता के सिर्फ 50 प्रतिशत दर्शकों को आने की स्वीकृति

**सिडनी।** भारतीय क्रिकेट टीम मंगलवार को ब्रिसबेन के लिए रवाना होगी क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह के क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) को दिए आश्वासन के बाद क्वीन्सलैंड की राजधानी मे 15 जनवरी से चौथे और अंतिम टेस्ट की मेजबानी को लेकर अनिश्चितता खत्म हो गई है। ब्रिसबेन मे हालांकि क्षमता के 50 प्रतिशत दर्शकों को ही आने की इजाजत होगी। बीसीसीआई ने सीए को ब्रिसबेन मे कड़े पृथक्वास नियमो से राहत देने के संदर्भ मे लिखा था क्योंकि इसके कारण भारतीय टीम को होटल मे ही रहना पड़ता जिसे लेकर खिलाड़ियों को आपत्ति थी।

### पुकोवस्की के कंधे में चोट, स्कैन होगा

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के नए बल्लेबाज विल पुकोवस्की के कंधे मे सोमवार को भारत के खिलाफ ड्रॉ रहे तीसरे टेस्ट के दौरान चोट लग गई और उन्हे स्कैन के लिए अस्पताल ले जाया गया है। पुकोवस्की के दाहिने कंधे मे चोट लगी जब भारतीय पारी के 86वें ओवर मे उन्होंने गेंद को डाइव लगाकर रोका। इसके बाद वह कुछ देर कंधा पकड़कर बैठ गए। आस्ट्रेलिया के बाकी खिलाड़ी उनकी मदद को आए और ओवर के आखिर मे वह मैदान से चले गए।

# बैंको का वास्तविक मूल्य घटने, पूंजी की कमी होने का जोखिम: दास



**भाषा।** मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि महामारी के कारण बैंकों में बही-खातों में संपत्ति का मूल्य घट सकता है और पूंजी की कमी हो सकती है। केन्द्रीय बैंक ने कहा कि खासतौर से नियामकीय राहतों को वापस लेने के साथ यह जोखिम हो सकता है।

दास ने छमाही वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) की भूमिका में लिखा है कि नकदी स्थिति आसान होने और वित्तीय स्थिति बेहतर होने से बैंकों का वित्तीय मानदंड सुधरा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि लेखांकन के स्तर पर उपलब्ध आंकड़े बैंकों में दबाव की स्पष्ट तस्वीर को नहीं दिखाते हैं।

उन्होंने बैंकों से पूंजी बढ़ाने बढ़ाने के लिए मौजूदा स्थिति का उपयोग करने को कहा। साथ ही कारोबारी मॉडल में बदलाव लाने को कहा जो भविष्य में लाभकारी होगा। आरबीआइ ने कोविड-19 संकट के बीच लोगों को राहत देने के लिए कर्ज लौटाने को लेकर छह महीने की मोहलत दी जो अगस्त में समाप्त हो गई। बाद में कर्जदारों को राहत देने के लिए एक बारगी कर्ज पुनर्गठन की घोषणा की। कई बैंकों खासकर निजी क्षेत्र के बैंकों ने महामारी के शुरूआती दिनों में पूंजी जुटाई। दास ने कहा कि राजकोषीय प्राधिकरणों को राजस्व की कमी का सामना करना पड़ रहा है और फलत: बाजार उधारी कार्यक्रम का विस्तार हुआ है। इससे बैंकों पर अतिरिक्त दबाव पड़ा है। आरबीआइ गवर्नर ने कहा कि वित्तीय बाजारों के कुछ क्षेत्रों और वास्तविक अर्थव्यवस्था के बीच का अंतर हाल के दिनों में बढ़ा है। उन्होंने आगाह करते हुए यह भी कहा कि वित्तीय परिसंपत्तियों का बढ़ा हुआ मूल्य वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम पैदा करता है।

उन्होंने कहा कि बैंकों और वित्तीय मध्यस्थों को इसका संज्ञान लेने की आवश्यकता है। दास ने कहा कि महामारी से हमें नुकसान हुआ है, आगे आर्थिक वृद्धि और आजीविका बहाल करने का काम करना है और इसके लिए वित्तीय स्थिरता पूर्व शर्त है।

### बैंकों का सकल एनपीए सितंबर 2021 तक 13.5 प्रतिशत पर पहुंच सकता है : आरबीआई रिपोर्ट

**मुंबई।** बैंको का सकल एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) यानी फंसा कर्ज तुलनात्मक आधार पर सितंबर 2021 तक बढ़कर 13.5 प्रतिशत पर पहुंच सकता है जो सितंबर 2020 मे 7.5 प्रतिशत था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) मे यह कहा गया है। रिपोर्ट के अनुसार अगर वृहत आर्थिक माहौल और खराब होता है और गंभीर दबाव की स्थिति उत्पन्न होती है, तो सकल एनपीए अनुपात 14.8 प्रतिशत तक जा सकता है। वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के अनुसार, दबाव की स्थिति के विश्लेषण से यह संकेत मिलता है कि सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंको का सकल एनपीए तुलनात्मक आधार पर सितंबर 2020 मे 7.5 प्रतिशत से बढ़कर सितंबर 2021 तक 13.5 प्रतिशत हो सकता है। बैंक समूह मे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको का सकल एनपीए अनुपात सितंबर 2020 मे 9.7 प्रतिशत था जो सितंबर 2021 मे 16.2 प्रतिशत पर पहुंच सकता है। वही निजी क्षेत्र और विदेशी बैंको का सकल एनपीए अनुपात 4.6 प्रतिशत और 2.5 प्रतिशत से बढ़कर क्रमश: 7.9 प्रतिशत और 5.4 प्रतिशत हो सकता है। वृहद आर्थिक माहौल और बिगड़ने या दबाव बढ़ने पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको, निजी बैंको और विदेशी बैंको का सकल एनपीए सितंबर 2021 तक बढ़कर क्रमश: 17.6 प्रतिशत, 8.8 प्रतिशत और 6.5 प्रतिशत हो सकता है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

**CHANGE OF NAME**

I, Aman Verma S/o. Pratap Singh Verma, R/o. Fathekhani, Vilaspur, Gautam Budha Nagar, Uttar Pradesh-203131 (Presently at New Delhi) have changed my name from Aman Verma to Mohammad Aman Sayyed on 03.11.2020 for all purposes.
PD(8876)A

**CHANGE OF RELIGION**

I, Aman Verma S/o. Pratap Singh Verma, R/o. Fathekhani, Vilaspur, Gautam Budha Nagar, Uttar Pradesh-203131 (Presently at New Delhi) have changed my religion from Hinduism (Hindu) to Islam (Muslim) w.e.f. 03.11.2020.
PD(8877)A

# सेंसेक्स पहली बार 49,000 के पार

## वाहन कंपनियों के शेयरों में तेजी

**भाषा।** मुंबई




शेयर बाजारों में सोमवार को भी तेजी का सिलसिला जारी रहा। बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी दोनों लगातार दूसरे कारोबारी दिन नई रिकार्ड ऊंचाई पर बंद हुए। कंपनियों के बेहतर तिमाही वित्तीय परिणाम से उत्साहित निवेशकों ने आईटी, वित्त और वाहन कंपनियों के शेयरों में लिवाली की। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 486.81 अंक यानी एक प्रतिशत बढ़कर पहली बार 49 हजार के ऊपर 49,269.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 49,303.79 अंक के उच्चतम स्तर तक भी चला गया था। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 137.50 अंक यानी 0.96 प्रतिशत उछलकर 14,484.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 14,498.20 अंक का स्तर भी छुआ। बाजार में तेजी आईटी कंपनियों के शेयरों की अगुवाई में आई। शुक्रवार को टीसीएस ने दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 7.2 प्रतिशत उछलकर 8,701 करोड़ रुपए रहने की सूचना दी। साथ ही 2021-22 में आय दहाई अंक में बढ़ने का अनुमान जताया। सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक में सर्वाधिक 6.09 प्रतिशत का लाभ हुआ।

Capri Global Capital Limited

**कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड**
पंजीकृत एवं कार्पोरेट कार्यालय :- 502, टावर-ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013
सर्किल कार्यालय :- कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, द्वितीय तल, 3बी पूसा रोड, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110005

परिशिष्ट -IV-क [नियम 8 (6) का परंतुक देखें]
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतदद्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, नीचे वर्णित कर्जदार की तरफ कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, की बकाया राशि की वसूली के लिए निम्नवर्णित तिथियों को "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी। सुरक्षित मूल्य, ईएमडी राशि तथा सम्पत्ति का वर्णन नीचे दिया गया है।

| क्र. सं. | 1. कर्जदार(रों) का नाम<br>2. बकाया राशि | बंधक सम्पत्ति का वर्णन | 1. ई-नीलामी की तिथि एवं समय<br>2. ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि<br>3. सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय | 1. सुरक्षित मूल्य<br>2. सम्पत्ति की ईएमडी<br>3. वृद्धि मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. ईगल एंटरप्राइजेज ("कर्जदार")<br>2. श्री अमर जीत सिंह<br>3. श्रीमती महिन्दर कौर<br>4. श्री राजबीर सिंह (सह-कर्जदार)<br>ऋण खाता संख्या **LNMENOI000010168**<br>रू. 72,54,218/- (रूपए बहत्तर लाख चौवन हजार दो सौ अठारह मात्र) + 31-12-2020 से ब्याज तथा आगे लागू ब्याज | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : एमआईजी फ्लैट नंबर 150-डी, तृतीय लि, पाकेट-एजी-1, विकास पुरी (बोडेला) विकासपुरी के नाम से ज्ञात आवासीय स्कीम, नई दिल्ली-110018 उसके ऊपर वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 1. ई-नीलामी की तिथि : 30-01-2021 (अप. 3.00 बजे से अप. 4.00 बजे के बीच)<br>2. ईएमडी, केवाईसी सहित जमा करने की अंतिम तिथि :29-01-2021<br>3. निरीक्षण की तिथि : 28-01-2021 | 1. सुरक्षित मूल्य : रू. 55,00,000/- (रूपए पचपन लाख मात्र)<br>2. सम्पत्ति की ईएमडी: रू. 5,50,000/- (रूपए पांच लाख पचास हजार मात्र)<br>3. वृद्धि मूल्य : रू. 50,000/- (रूपए पचास हजार मात्र) |
| 2. | 1. धारीवाल एंटरप्राइजेज ("कर्जदार")<br>2. श्री दलवीर सिंह धारीवाल<br>3. सुश्री विजय सरोजयनी<br>4. श्री उदित धारीवाल (सह-कर्जदार)<br>ऋण खाता संख्या<br>**LNCGCDELTL0000005624**<br>रू. 1,44,09,884/- (रूपए एक करोड़ चवालीस लाख नौ हजार आठ सौ चौरासी मात्र) + 31-12-2020 से ब्याज तथा आगे लागू ब्याज | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 43, खसरा नंबर 466, ग्राम रोशनपुरा, अब संजय एन्क्लेव के नाम से मशहूर, नजफगढ़, दिल्ली-110043 | 1. ई-नीलामी की तिथि : 30-01-2021 (अप. 3.00 बजे से अप. 4.00 बजे के बीच)<br>2. ईएमडी, केवाईसी सहित जमा करने की अंतिम तिथि :29-01-2021<br>3. निरीक्षण की तिथि : 28-01-2021 | 1. सुरक्षित मूल्य : रू. 90,00,000/- (रूपए नब्बे लाख मात्र)<br>2. सम्पत्ति की ईएमडी: रू. 9,00,000/- (रूपए नौ लाख मात्र)<br>3. वृद्धि मूल्य : रू. 1,00,000/- (रूपए एक लाख मात्र) |

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, की वेबसाइट में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें :- www. Capriglobal.in/auction/
ऑनलाइन ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें :-
1. सम्पत्ति "जैसी है जहां है, जो भी है वहां है तथा कोई वापसी नहीं आधार" पर बेची जा रही है। अतएव बिक्री किसी प्रकार की वारंटी एवं क्षतिपूर्ति के बिना की जा रही है।
2. सम्पत्ति/आस्ति के विवरण (उदाहरण के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना में विनिर्दिष्ट सीमा एवं परिमाप) प्रतिभूत लेनदार की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार वर्णित किए गए हैं तथा प्रतिभूत लेनदार किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। वास्तविक सीमा एवं माप भिन्न हो सकता है।
3. प्रतिभूत लेनदार द्वारा जारी की गई ई-नीलामी बिक्री सूचना जनसाधारण को अपनी बोलियां प्रस्तुत करने हेतु एक आमंत्रण है तथा यह प्रतिभूत लेनदार की ओर से कोई वचनबद्धता अथवा प्रतिनिधित्व नहीं है और न ऐसा करता समझा जाएगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले स्वामित्व विलेख की प्रति प्रतिभूत लेनदार से प्राप्त करने और सम्पत्ति/आस्ति के स्वामित्व के स्वामित्व एवं वर्तमान हालत तथा सम्पत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/देयताओं की स्वतंत्र जांच/सतर्क जांच कर लेने की सलाह दी जाती है।
4. नीलामी/बोलीदान सेवा प्रदाता मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, अहमदाबाद द्वारा उपलब्ध कराई गई वेबसाइट **https://sarfaesi.auctiontiger.net** पर अथवा ऑक्शन टाइगर मोबाइल ऐप के माध्यम से "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड" द्वारा होगा, जिसके द्वारा ई-नीलामी प्लेटफार्म के जरिए नीलामी की सम्पूर्ण प्रक्रिया की व्यवस्था एवं समन्वय किया जाएगा।
5. बोलीदाता बोलीदान के लिए अपनी पसंद के स्थान से ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं। इंटरनेट की व्यवस्था बोलीदाता को स्वयं करनी होगी। प्रतिभूत लेनदार/सेवा प्रदाता इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्याओं, सिस्टम क्रैश डाउन, पावर फेल्योर इत्यादि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
6. संभावित बोलीदाताओं को विस्तृत विवरण, सहायता, प्रक्रिया तथा ऑनलाइन बोलीदान के लिए सेवा प्रदाता मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, ऑक्शन टाइगर, अहमदाबाद (सम्पर्क नंबर 079-61200531/576/596/559/598/587/594/), श्री राम प्रसाद शर्मा, मोबाइल 800-002-3297/79-6120 0559, ई-मेल : **ramprasad@auctiontiger.net** से सम्पर्क कर सकते हैं।
7. इच्छुक बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने के लिए पोर्टल **https://sarfaesi.auctiontiger.net** पर अपने नाम का पंजीकरण पर्याप्त अग्रिम में करवाना होगा तथा यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता से पासवर्ड मिलते ही तत्काल इसको बदल लेने की सलाह दी जाती है।
8. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक बोलीदाता को एक प्रतिदेय ईएमडी, जोकि सुरक्षित मूल्य की 10 % है, "कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड" के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से 29-01-2021 को अथवा पूर्व जमा करनी होगी।
9. इच्छुक बोलीदाताओं को सम्यक भरा गया बोली प्रपत्र (फार्मेट **https://sarfaesi.auctiontiger.net** पर उपलब्ध है) ईएमडी हेतु डिमांड ड्राफ्ट प्रेषण के साथ एक सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करना चाहिए, जो प्राधिकृत अधिकारी, कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, आंचलिक कार्यालय, प्लॉट नंबर 3बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली-110005 को अधिकतम 29-01-2021 के अप. 03.00 बजे तक भेजा जा सकता है। सीलबंद लिफाफे पर "कर्जदार नाम" की सम्पत्ति के लिए ऋण खाता नंबर - .................... में ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने हेतु बोली" शीर्षांकित किया जाना चाहिए।
10. ईएमडी के साथ बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद, प्राधिकृत अधिकारी उनके द्वारा प्राप्त बोलियों की जांच करेंगे तथा योग्य बोलीदाताओं (जिनके द्वारा अपनी बोलियां सुरक्षित मूल्य से अधिक उद्धृत की गई हैं तथा प्रतिभूत लेनदार द्वारा विनिर्दिष्ट ईएमडी जमा की गई है) के विवरण की पुष्टि मैसर्स ई प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को करेंगे ताकि वे ई-नीलामी बिक्री सूचना में वर्णित तिथि और समय पर ऑनलाइन परस्पर बोलीदान/नीलामी कार्यवाही में भाग लेने की केवल उन्हीं योग्य बोलीदाताओं को दें।
11. योग्य बोलीदातओं के बीच परस्पर बोलीदान योग्य बोलीदाताओं द्वारा उद्धृत उच्चतम बोली से आरंभ किया जाएगा। परस्पर बोलीदान की प्रक्रिया के दौरान 10 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार होंगे अर्थात ई-नीलामी समाप्त होने का समय अंतिम विस्तार से 10 मिनट के भीतर बोली आने पर हर बार स्वत: 10 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
12. एक बार बोली देने के बाद निरस्त या वापस नहीं की जा सकती है। बोलीदाता को उपलब्ध कराई गई यूजर आईडी से दी गई सभी बोलियां केवल उसके द्वारा दी गई बोली मानी जाएंगी।
13. ई-नीलामी प्रक्रिया समाप्त होने पर, उच्चतम बोलीदाता को उसके द्वारा उद्धृत अंतिम बोली की राशि की पुष्टि तत्काल ई-मेल द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, आंचलिक कार्यालय, कार्यालय/प्लॉट नंबर 3बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली-110005 तथा सेवा प्रदाता दोनों को भेजी जाएगी, ताकि उसको ई-नीलामी प्रक्रिया में सफल बोलीदता घोषित किया जा सके।
14. सफल बोलीदाता को बोली राशि की 25 % राशि (ईएमडी सहित) बोली उसके पक्ष में छूटने पर, उसी दिन तथा बोली राशि की शेष 75 % राशि बिक्री की तिथि से 15 दिन के भीतर कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड के पक्ष में नई दिल्ली में देय डीडी/पे ऑर्डर/एनईएफटी/ आरटीजीएस/चैक द्वारा जमा करनी होगी।
15. सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा निर्धारित राशियों का भुगतान नियत अवधि के भीतर करने में चूक की स्थिति में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले जमा की जा चुकी राशियां (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएंगी और सम्पत्ति दोबारा बिक्री हेतु रखी जाएगी।
16. सफल बोलीदाता के अनुरोध पर, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा एकमात्र अपने विवेकानुसार बोली राशि की बकाया रकम चुकाने के लिए समय लिखित रूप में आगे बढ़ाया जा सकता है।
17. सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य की 1% राशि बतौर टीडीएस (बिक्री राशि से) अदा करनी होगी तथा टीडीएस सर्टिफिकेट प्राधिकृत अधिकारी के पास जमा करना होगा तथा बिक्री मूल्य की पूरी राशि (1% टीडीएस काटने के बाद), ईएमडी समायोजित करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ऑफर स्वीकार किए जाने के 15 कार्यदिवस के भीतर अथवा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपयुक्त विचारित विस्तारित अवधि के भीतर अदा करनी होगी, जिसमें असफल रहने पर जमा की गई धरोहर जमा जब्त कर ली जाएगी।
18. म्युनिसिपल/पंचायत कर, बिजली बकाया (यदि कोई) तथा किसी अन्य प्राधिकरण बकाया (यदि कोई) का भुगतान बिक्री प्रमाणपत्र के निर्गमन से पूर्व सफल बोलीदाता द्वारा किया जाएगा। बोलियां सम्पत्ति से संबंधित सभी सांविधिक बकाया ध्यान में रखकर दी जानी चाहिए।
19. प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सफल बोलीदाता के पक्ष में बिक्री प्रमाणपत्र उसके द्वारा पूर्ण क्रय मूल्य/बोली राशि जमा करने तथा सभी करों/प्रभारों के भुगतान के संबंध में आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने पर ही जारी किया जाएगा।
20. हस्तांतरण, स्टाम्प ड्यूटी, पंजीकरण हेतु लागू प्रभार तथा अन्य अनुषंगी प्रभार नीलामी क्रेता को वहन करने होंगे।
21. प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही प्रास्थगित/निरस्त कर सकते हैं। ई-नीलामी बिक्री कार्यक्रम बिक्री की निर्धारित तिथि से 15 से कम दिन पहले की तिथि हेतु प्रास्थगित करने की स्थिति में, यह सेवा प्रदाता की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।
22. प्राधिकृत अधिकारी का निर्णय अंतिम, बाध्यकारी होगा तथा इसको चुनौती नहीं दी सकती है।
23. सभी बोलीदाता, जिनके द्वारा बोलियां प्रस्तुत की गई हैं, यह माना जाएगा कि वे ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें पढ़ एवं समझ चुके हैं तथा उनके अधीन बाध्य होंगे।
24. अतिरिक्त विवरण तथा पूछताछ के लिए प्राधिकृत अधिकारी, कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड : श्री सुशील गुप्ता मोबाइल नंबर **7400445137** से सम्पर्क करें।
25. यह प्रकाशन उक्त ऋण खाते के कर्जदार/बंधकदाता/गारंटर को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के तहत, उपरिवर्णित तिथि/स्थान पर नीलामी बिक्री आयोजित करने के संबंध में 15 (पंद्रह) दिन का कानूनी नोटिस भी है।
विशेष अनुदेश/चेतावनी : बोलीदाताओं को अन्तिम मिनटों अथवा क्षणों में बोलीदान करने की प्रवृत्ति को स्वयं के हित में त्यागना होगा। ना तो कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड और ना ही सेवा प्रदाता बोलीदाता की ओर से किसी विफलता/कमी (विद्युत विफलता, इंटरनेट विफलता इत्यादि) हेतु उत्तरदायी होंगे। ऐसी स्थिति से बचने के क्रम में बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अपेक्षित बैकअप पॉवर आपूर्ति इत्यादि जैसी अनिवार्य व्यवस्थाएं/विकल्प तैयार रखें, ताकि वे किसी आकस्मिक अड़चन से बच सकें और नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें।

स्थान : नई दिल्ली + एनसीआर तिथि : 12-01-2021 हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी) कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड



कोविड 19 वैक्सीनेशन सेंटर पर वैक्सीन लगवाने आए लोगों को सुनते ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जानसन

# ट्रंप के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए कार्यवाही होगी : पेलोसी

● पेलोसी ने एक पत्र में सहयोगियों को कहा कि सबसे पहले सदन में मतदान होगा ताकि उपराष्ट्रपति माइक पेंस, ट्रंप को पद से हटाने के लिए 25वें संशोधन के तहत प्राप्त शक्तियों को उपयोग करें



**एपी। वाशिंगटन**

**अमेरिका में प्र**तिनधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी ने रविवार को कहा कि सदन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही करेगा। वहीं, उन्होंने उपराष्ट्रपति और कैबिनेट से भी ट्रंप को बाहर करने के लिए कदम उठाने का आग्रह करते हुए कहा कि वह (ट्रंप) लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। पेलोसी ने एक पत्र में सहयोगियों को कहा कि सबसे पहले सदन में मतदान होगा ताकि उपराष्ट्रपति माइक पेंस, ट्रंप को पद से हटाने के लिए 25वें संशोधन के तहत प्राप्त शक्तियों को उपयोग करें। उन्होंने कहा कि 24 घंटे बाद सदन में महाभियोग के लिए विधेयक लाया जाएगा। महाभियोग की दो बार कार्यवाही का सामना करने वाले ट्रंप इकलौते राष्ट्रपति बन जाएंगे।

पेलोसी ने कहा, हमारे संविधान और हमारे लोकतंत्र की रक्षा के लिए हमें तुरंत कदम उठाना होगा क्योंकि राष्ट्रपति ट्रंप के पद पर बने रहने से लोकतंत्र और संविधान को खतरा है।

सोमवार को पेलोसी के नेतृत्व वाली टीम 25वां संशोधन लागू करने के लिए पेंस और कैबिनेट के मंत्रियों से एक प्रस्ताव पर वोट करने को कहेगी। चूंकि संसद का सत्र नहीं चल रहा है इसलिए इसके विचार पर आपत्ति आ सकती है। इसके बाद पेलोसी मंगलवार को पूर्ण सदन के सामने प्रस्ताव रखेंगी। अगर इसे पारित करना है तो पेंस और कैबिनेट के पास सदन में महाभियोग की कार्यवाही से पहले 24 घंटे का समय होगा।महाभियोग की प्रक्रिया तेज होने के साथ ट्रंप पर अपने कार्यकाल के पहले ही पद छोड़ने का दबाव बढ़ गया है। कैलिफोर्निया के पूर्व गवर्नर अर्नोल्ड श्वार्जेनेगर ने यूएस कैपिटल में ट्रंप समर्थकों के हंगामे और हिंसा की तुलना नाजियों से की है और ट्रंप को एक नाकाम नेता बताया है जो इतिहास में अब तक के सबसे खराब राष्ट्रपति के तौर पर जाने जाएंगे।

रिपब्लिकन नेता ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर कहा कि बुधवार को अमेरिका में जो भी हुआ उसने नाजियों के नाइट ऑफ ब्रोकन ग्लास की याद दिला दी। वर्ष 1938 में नाजियों ने जर्मनी और ऑस्ट्रिया में हमले के दौरान यहूदियों के घरों, स्कूलों और कारोबारी संस्थानों पर तोड़फोड़ की थी जिसे क्रिस्टलनाट या नाइट ऑफ ब्रोकन ग्लास कहते हैं।अप्रत्याशित घटनाक्रम में अमेरिकी राजनयिकों ने दो दस्तावेज तैयार कर कैपिटल बिल्डिंग (संसद भवन) में हमले के लिए ट्रंप द्वारा समर्थकों को उकसाने की निंदा की है और उन्हें पद से हटाने के लिए 25वें संशोधन का समर्थन करने को कहा है।विदेश विभाग के अधिकारियों ने कहा कि पिछले बुधवार को हुई घटना से दुनिया में लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने और उसकी हिफाजत करने के लिए अमेरिका की प्रतिष्ठा को बुरी तरह धक्का लगा है। दस्तावेज में कहा गया है, अगर राष्ट्रपति पद पर बने रहते हैं तो इससे लोकतंत्र को और नुकसान होगा और अपनी विदेश नीति के लक्ष्यों को प्रभावी तरीके से पूरा करने के रास्ते में बाधा आएगी। दस्तावेज में विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ से 25वें संशोधन को लागू करने के लिए उपराष्ट्रपति पेंस और कैबिनेट के दूसरे सदस्यों को कानूनी प्रयासों का समर्थन करने का आह्वान किया गया है।

सत्ता के दुरुपयोग के आरोप में ट्रंप के खिलाफ प्रतिनिधि सभा में दिसंबर 2019 में महाभियोग प्रस्ताव पारित हुआ था। ट्रंप के खिलाफ भ्रष्टाचारों के आरोपों की कई हफ्ते तक जांच के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी के बहुमत वाली प्रतिनिधि सभा ने राष्ट्रपति पर दिसंबर में पद के दुरुपयोग और कांग्रेस (संसद) की कार्वाई बाधित करने का अभियोग लगाया था। हालांकि दो सप्ताह तक चली सुनवाई के बाद सीनेट में इन आरोपों को खारिज कर दिया गया।

## ट्रंप ने अधिकारियों के सम्मान में झंडे झुकाने का दिया आदेश

**एपी। वाशिंगटन**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कैपिटल (संसद भवन) में बुधवार को हुई हिंसा में मारे गए यूएस कैपिटल पुलिस के दो अधिकारियों के सम्मान में झंडा आधा झुकाने का आदेश दिया है। ट्रंप ने रविवार को घोषणा की कि व्हाइट हाउस और सभी संघीय इमारतों में बुधवार को सूर्यास्त तक झंडे झुके रहेंगे। घोषणा में कैपिटल में हुए दंगों का कोई जिक्र नहीं किया गया। ट्रंप ने हालांकि कैपिटल पुलिस के अधिकारी ब्रायन डी. सिकनिक और होवर्ड लीबेनगुड का जिक्र किया।सिकनिक 2008 में यूएस कैपिटल पुलिस में शामिल हुए थे और दंगों में घायल होने के बाद बृहस्पतिवार को उनकी मौत हो गई। वह आखिरी समय तक सेवाएं देते रहे। वहीं लीबेनगुड ने रविवार को दम तोड़ा। उनकी मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं है।नाम उजागर ना करने की शर्त पर मामले से अवगत दो लोगों ने बताया कि अधिकारी ने आत्महत्या की थी। सिकनिक की मौत के बाद से ही प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैन्सी पेलोसी ने भी ऐसा ही आदेश दिया था। इसके बाद ट्रंप से झंडे झुकाने का आदेश देने की मांग की जा रही थी।उल्लेखनीय है कि कैपिटल बिल्डिंग (अमेरिकी संसद भवन) में ट्रंप के समर्थकों ने धावा बोला था और हिंसा की थी।

## पाक में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न पर बोरिस जॉनसन से दखल की मांग

**लंदन।** ब्रिटिश हिंदुओ के संगठनो ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को संयुक्त पत्र लिखकर पाकिस्तान में हिंदुओं के उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओ को लेकर उससे तत्काल कार्वाई करने की मांग की है। पत्र में पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में पिछले महीने एक मंदिर मे आगजनी की हालिया घटना का हवाला दिया गया है।हिंदू फॉरम ऑफ ब्रिटेन की अध्यक्ष तृप्ति पटेल, हिंदू स्वयंसेवक संघ के अध्यक्ष धरज शाह, हिंदू काउंसिल यूके के महासचिव रजनीश कश्यप, नेशनल काउंसिल ऑफ हिंदू टेपल्स यूके के अध्यक्ष अरुण ठाकर और विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष त्रिभुवन जोटांगिया के हस्ताक्षर वाला पत्र शनिवार को लंदन में प्रधानमंत्री आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट भेजा गया।पत्र में कहा गया है, ब्रिटेन में हिंदू संस्थाओं के राष्ट्रीय मंच के प्रतिनिधि के तौर पर हमलोग यह मांग करते है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री देश में हिंदुओं के लगातार उत्पीड़न पर हर संभव कदम उठाएं।

## इंडोनेशिया ने कोविड-19 से बचाव के लिए चीन के टीके को दी मंजूरी

**एपी। जकार्ता**

**इंडोनेशिया के** खाद्य और औषधि प्राधिकरण ने चीन की कंपनी साइनोवैक बायोटेक लिमिटेड द्वारा निर्मित कोविड-19 टीका के आपात स्थिति में इस्तेमाल की सोमवार को मंजूरी दे दी। मंजूरी के बाद देश में इस सप्ताह से अत्यंत जोखिम वाले आबादी समूह के टीकाकरण का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

स्वास्थ्यकर्मियों और अन्य नौकरशाहों को कोरोनावैक के टीके की खुराक देने का अभियान इसी सप्ताह शुरू होने की संभावना है। इंडोनेशिया की खाद्य और औषधि निगरानी एजेंसी के प्रमुख पेन्नी लुकितो ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, आंकड़ों के आधार पर और विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्देश के मुताबिक कोरोनावैक ने टीका के इस्तेमाल के लिए अनुमति की शर्तो को पूरा किया है।

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने कहा कि सबसे पहले वह टीके की खुराक लेंगे। विडोडो ने सोशल मीडिया पर कहा, सबसे पहले राष्ट्रपति ही क्यों? मैं अपने आपको प्राथमिकता में नहीं रख रहा बल्कि मैं हर किसी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि टीका हलाल और सुरक्षित है।


ब्राजील, तुर्की और इंडोनेशिया के क्लीनिकल ट्रायल के आंकड़ों की समीक्षा के बाद इंडोनेशिया के अधिकारियों ने टीका के आपात स्थिति में इस्तेमाल को मंजूरी दे दी। ब्राजील के टीका निर्माता बुटानटन इंस्टीट्यूट ने पिछले सप्ताह कहा था कि संक्रमण के हल्के मामले में टीका 78 प्रतिशत उपयोगी है और मध्यम तथा ज्यादा जोखिम वालों में यह शत-प्रतिशत कारगर रहा।

तुर्की ने अंतरिम अध्ययन में टीका के 91.25 प्रतिशत असरदार रहने की बात कही थी। बाद के नतीजों को सार्वजनिक तौर पर प्रकाशित नहीं किया गया। इंडोनिशया के शीर्ष इस्लामिक निकाय इंडोनेशियन उलेमा काउंसिल ने पिछले सप्ताह कहा था कि कोविड-19 टीका हलाल है और मुस्लिमों के इस्तेमाल के अनुकूल है। इसके बाद दुनिया में मुस्लिमों की सबसे बड़ी आबादी वाले देश में टीकाकरण के मार्ग की बाधा खत्म हो गई थी।

## उत्तर कोरिया के किम सत्तारूढ़ पार्टी के महासचिव बने

**एपी। सोल**

**उत्तर कोरिया** के नेता किम जोंग उन को सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी का महासचिव बनाया गया है। इस पद पर पहले उनके दिवंगत पिता और दादा भी काबिज रह चुके हैं। संभवत: यह कदम बढ़ती आर्थिक चुनौतियों के बीच उनकी ताकत को और मजबूत करने के उद्देश्य से उठाया गया है। सरकारी मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी।सत्तारूढ़ दल की 2016 के बाद हुई पहली कांग्रेस में उन्हें इस पद से नवाजा गया है।बैठक में किम ने और आधुनिक परमाणु हथियार बनाने का संकल्प लिया, आर्थिक विकास के लक्ष्यों का खुलासा किया और पार्टी अधिकारियों में फेरबदल किया। लेकिन पर्यवेक्षकों को संदेह है कि इससे उत्तर कोरिया की कठिनाइयों का ठोस समाधान हो सकेगा जिसमें कोरोना वायरस के कारण लगा आर्थिक झटका, प्राकृतिक आपदा और अमेरिका के नेतृत्व में बार-बार लगाया जाने वाला प्रतिबंध शामिल है।कोरिया की आधिकारिक सेंट्रल न्यूज एजेंसी के मुताबिक कांग्रेस ने रविवार को बैठक के छठे दिन किम को नए पद से नवाजा। कांग्रेस के बयान में कहा गया कि किम ने देश के परमाणु निर्माण योजना को पूरा करने के ऐतिहासिक मिशन को अंजाम दिया है। किम पहले से ही पार्टी के शीर्ष नेता हैं। साल 2016 में पार्टी कांग्रेस के दौरान उन्हें पार्टी का अध्यक्ष नामित किया गया था और उससे पहले उन्होंने प्रथम सचिव के पद के साथ पार्टी का नेतृत्व किया। लेकिन वंशवादी शासन वाले देश में महासचिव पद को सांकेतिक रूप से ज्यादा महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि यह पद उनके पिता किम जोंग इल और दादा किम इल सुंग के पास भी था।किम जोंग उन ने 2011 में जब अपने पिता के निधन के बाद देश का नेतृत्व संभाला तो कुछ विदेशी विशेषज्ञों ने सत्ता पर उनकी पकड़ को लेकर संदेह जताया।



नेपाल के काठमांडू में स्थित एक एतिहासिक मंदिर में पूजा करता युवक, गौरतलब है कि 2015 में आये भूकंप में यह मंदिर क्षतिग्रस्त हो गया था।

## क्विक न्यूज

### इंडोनेशिया ने दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान के ब्लैक बॉक्स की तलाश तेज की

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के श्रीविजय एयरलाइंस के दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान के ब्लैक बॉक्स की तलाश सोमवार को तेज कर दी गई। शनिवार को दुर्घटनाग्रस्त हुए इस विमान में 62 यात्री सवार थे।विमान बोइंग 737-500 जकार्ता से उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद लापता हो गया था। इसका मलबा जावा सागर में 23 मीटर की गहराई में मिला है। अधिकारियो ने बताया कि जकार्ता के तट के उत्तर में लांकांग और लाकी द्वीपों के बीच कहीं विमान के ब्लैक बॉक्स के सिगनल मिले हैं। उन्होंने बताया कि उस स्थान का पता लगा लिया है, जहां पर विमान का ब्लैक बॉक्स (कॉकपिट का डाटा एवं ध्वनि रिकॉर्डर) गिरा है। कॉकपिट वॉइस रिकॉर्डर में पायलटों के बीच हुई बातें और डेटा रिकॉर्डर में इलेक्ट्रॉनिक जानकारी जैसे, एयरस्पीड, ऊंचाई और ऊर्ध्वाधर त्वरण आदि दर्ज होते है। इसके मिलने पर दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए इसे नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी कमेटी को सौंप दिया जाएगा।

### हांगकांग के नए शीर्ष न्यायाधीश ने अदालतों में निष्पक्षता की जरूरत बताई

**हांगकांग।** हांगकांग के नए शीर्ष न्यायाधीश ने सोमवार को चेतावनी दी कि अर्द्ध-स्वायत्त चीनी क्षेत्र की अदालतो को दिखाना होगा कि वे निष्पक्ष है। उनका यह बयान राजनीतिक आरोप वाले अनेक मामलो के मद्देनजर आया है। हांगकांग में 2019 में महीनो तक चले सरकार विरोधी प्रदर्शनो के बाद राजनीतिक संकट की स्थिति है। इन प्रदर्शनो के बाद बीजिंग ने असंतोष के स्वरों को दबाते हुए शहर पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू कर दिया था। लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं ने सुरक्षा कानून को हांगकांग की आजादी का दमन करार दिया। पिछले सप्ताह पुलिस की कार्वाई मे 55 लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया था। सोमवार को शपथ ग्रहण करने वाले हांगकांग के मुख्य न्यायाधीश एंड्र्यू चियुंग ने कहा कि शहर की अदालतो के न्यायाधीशो को अदालतो मे विशेष रूप से राजनीतिक प्रकृति के मामलो मे अपनी टिप्पणियो मे या लिखित फैसलों में निष्पक्षता दर्शानी चाहिए और सावधानी बरतनी चाहिए।

### कोरोना वायरसः दुनियाभर में नौ करोड़ लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि

**बाल्टीमोर (अमेरिका)।** दुनियाभर मे कोरोना वायरस संक्रमण के मामले बढ़कर अब नौ करोड़ के पार चले गए है और इससे विश्वभर मे करीब 20 लाख लोगो की मौत हो चुकी है।दुनिया के विभिन्न देशो में संक्रमण के अलग-अलग स्वरूप (वेरिएंट) सामने आ रहे हैं। जॉन्स हॉप्किन्स यूनिवर्सिटी के रविवार तक के आंकड़ो के अनुसार, पिछले मात्र 10 सप्ताह मे दुनियाभर मे संक्रमण के मामले दोगुने हो गए है। कोविड-19 संक्रमण के मामले अक्टूबर अंत मे चार करोड़ 50 लाख हुए थे।जॉन्स हॉप्किन्स के अनुसार रविवार दोपहर तक दुनियाभर में संक्रमण के कुल मामलो की संख्या बढ़कर 9,00,05,787 हो गई। अमेरिका मे संक्रमण के दो करोड़ 22 लाख से अधिक मामले सामने आ चुके है। अमेरिका में संक्रमण के दुनिया में सर्वाधिक मामले सामने आए हैं। अमेरिका में सामने आए संक्रमण के मामलों की संख्या भारत से दोगुनी है। भारत मे संक्रमण के करीब एक करोड़ पांच लाख मामले सामने आए हैं। भारत संक्रमितों की संख्या के मामले मे दूसरे नंबर पर है।

### जाने माने लेखक वेद मेहता का 86 साल की उम्र में निधन

**न्यूयॉर्क।** जाने माने भारतवंशी लेखक वेद मेहता का 86 साल की उम्र मे निधन हो गया। मेहता ने अपनी दृष्टिहीनता को कभी अपनी कमजोरी नही बनने दिया और 20वी शताब्दी के मशहूर लेखक के तौर पर चर्चित हुए। उन्होंने अपनी रचनाओं से अमेरिकी लोगो का भारत से परिचय कराया।पत्रिका न्यूयॉर्कर ने शनिवार को उनके निधन की सूचना दी। मेहता इस पत्रिका के साथ करीब 33 साल तक जुड़े रहे थे।पत्रिका ने कहा, 30 साल से भी अधिक समय तक न्यूयॉर्कर से जुड़े रहे लेखक मेहता का शनिवार सुबह 86 साल की उम्र में निधन हो गया।विभाजन पूर्व लाहौर मे 1934 मे एक संपन्न पंजाबी परिवार मे जन्मे मेहता ने महज तीन साल की उम्र मे मेनिन्जाइटिस की वजह से अपनी आंखो की रोशनी खो दी थी। हालांकि उन्होंने अपने कॅरियर के रास्ते मे दृष्टिहीनता को कभी आड़े नही आने दिया और न ही यह उन्हें दुनिया को अपनी रचनाशीलता दिखाने से रोक सकी। उन्होंने अपने आस-पास की दुनिया को बड़ी बखूबी और सटीकता से दिखाया।आधुनिक भारत के इतिहास और दृष्टिहीनता की वजह से उनके प्रारंभिक संघर्ष पर आधारित 12 अंकों वाला उनका संस्मरण कॉन्टीनेंट्स ऑफ एक्जाइल बहुत प्रसिद्ध हुआ था और उसका पहला अंक डैडीजी काफी लोकप्रिय हुआ था।उन्होंने 24 किताबें लिखी। इनमें भारत पर रिपोर्ताज भी शामिल है। उनकी वाकिंग द इंडियन स्ट्रीट्स (1960), पोर्टेट ऑफ इंडिया (1970) और महात्मा गांधी एंड हिज अपासल (1977) शामिल है। इसके अलावा उन्होंने दर्शन, धर्मशास्त्र और भाषा विज्ञान पर कई रचनाएं लिखी।मेहता वर्ष 1982 मे मैकआर्थर फाउंडेशन के जीनियस जाइंट से सम्मानित हुए थे। मेहता 15 साल की उम्र मे अमेरिका आ गए थे और उन्होंने लिट्ल रॉक मे अरकंसास स्कूल फॉर द ब्लाइंड मे शिक्षा ग्रहण की। पोमोना कॉलेज और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से पढ़ने के बाद उन्होने लेखन पर ध्यान केंद्रित किया।

## कोरोना वायरस की उत्पत्ति का पता लगाने के लिए डब्ल्यूएचओ का दल 14 जनवरी को जाएगा चीन

**भाषा। बीजिंग**

**चीन ने** सोमवार को कहा कि कोरोना वायरस महामारी की उत्पत्ति की जांच करने के लिए डब्ल्यूएचओ के विशेषज्ञों का समूह बृहस्पतिवार को यहां आएगा। इसके साथ ही विशेषज्ञों की यात्रा को लेकर अनिश्चतता का अंत हो गया।

सरकारी समाचार चैनल सीजीटीएन ने चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के हवाले से एक खबर में कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के विशेषज्ञ 14 जनवरी को चीन का दौरा करेंगे।

ए विशेषज्ञ वुहान जाएंगे जहां 2019 के दिसंबर में इस संक्रमण के मामले सबसे पहले सामने आए थे। वुहान में वायरस की उत्पत्ति की व्यापक मान्यता पर सवाल उठाने वाले बीजिंग ने विशेषज्ञों के दस सदस्ईय दल को दौरे की अनुमति देने में विलंब किया था।डब्ल्यूएचओ के विशेषज्ञों की यात्रा की पुष्टि करते हुए चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाऊ लिज़ान ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि चीन वायरस की उत्पत्ति और उसके फैलने के मार्ग का पता लगाने के विश्वभर के विशेषज्ञों के अध्ययन का समर्थन करता है।झाऊने हालांकि यात्रा से जुड़ी विस्तृत जानकारियां और उन्हें वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (डब्ल्यूआईवी) में जाने की अनुमति होगी या नहीं, इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी। कोरोना वायरस को चीनी वायरस कहने वाले अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आरोप लगाया है कि यह वायरस की उत्पत्ति डब्ल्यूआईवी से हुई है और इस संबंध में जांच की मांग भी की है।

डब्ल्यूआईवी ने हालांकि इन आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताते हुए इन्हें खारिज कर दिया है। इससे पहले, राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग (एनएचसी) के उप प्रमुख जेंग यिशिन ने नौ जनवरी को मीडिया से कहा था कि वुहान में टीम के आने के वक्त पर अभी विचार किया जा रहा है।जेंग ने बताया कि चीन और डब्ल्यूएचओ के बीच चार वीडियो कॉन्फ्रेंस में जांच के विशेष बंदोबस्त को लेकर सहमति बनी है। जांच करने आ रहे दल के साथ चीन के विशेषज्ञ भी वुहान जाएंगे।इससे पहले डब्ल्यूएचओ के प्रमुख टेड्रोस अधानोम गेब्रेएसस ने विशेषज्ञों के दल को आवश्यक अनुमतियां नहीं देने पर बीजिंग की आलोचना की थी। इस विशेषज्ञ दल के वहां 14 दिनों तक पृथक-वास में रहने की भी संभावना है।

### बीजिंग के पास हेबेई प्रांत में कोविड-19 के मामले बढ़े, प्रतिबंध कड़े किए गए

**बीजिंग।** चीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि बीजिंग की सीमा से लगे हेबेई प्रांत में कोरोना वायरस के कई मामले सामने आए हैं।चीन में हेबेई के शिजियाझुआंग और शिंगताई शहरों में हाल में कोविड-19 के मामलों में काफी बढ़ोतरी हुई है, जिसके मद्देनजर अगले महीने चीनी नव वर्ष से पहले अधिकारियों ने कुछ कड़े प्रतिबंध लागू किए हैं।अधिकारियों ने लोगों से यात्रा ना करने की अपील की है, स्कूलों को एक सप्ताह पहले बंद करने को कहा है और व्यापक स्तर पर जांच की जा रही है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग (एनएचसी) ने सोमवार को बताया कि हेबेई में 82 और लोग संक्रमित पाए गए और इनमें वायरस के लक्षण भी थे। देशभर में 36 लोग बिना किसी लक्षण के संक्रमित पाए गए हैं। शिजियाझुआंग और शिंगताई दोनों स्थानों पर सार्वजनिक वाहनों की सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं और स्थनीय लोगों को एक सप्ताह तक उनके समुदायों या गांवों में रहने को कहा गया है। प्रांत के कुछ हिस्सों में लॉकडाउन भी लगाया गया है और अंतरप्रांतीय यात्रा भी बंद है। काम के लिए बीजिंग आने के वालों को अपनी नौकरी से जुड़े दस्तावेज और चिकित्सकीस रिपोर्ट दिखानी होगी।

## जापान के स्वास्थ्य मंत्रालय को ब्राजील से आए लोगों में कोरोना वायरस का नया स्वरूप मिला

● विशेषज्ञ वायरस के इस नए स्वरूपों के तेजी से फैलने को लेकर चिंता जता रहे है जापान ने शुक्रवार से तोक्यो और उसके आस पास के क्षेत्रों में आपात स्थिति की घोषणा की है

**एपी। तोक्यो**

**जापान** के स्वास्थ्य मंत्रालय को ब्राजील से आए कुछ लोगों में कोरोना वायरस का नया स्वरूप मिला है जो ब्रिटेन और दक्षिण अफ्रीका में मिले वायरस के स्वरूपों से अलग है।मंत्रालय ने रविवार को बताया कि हवाईअड्डे पर जांच के दौरान करीब 40 वर्षीय एक पुरूष और करीब 30 वर्षीय महिला एवं उसके दो बच्चों में वायरस का नया स्वरूप मिला है।वायरस के नए स्वरूप के विश्लेषण के लिए जापान अन्य देशों, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और अन्य चिकित्सा विशेषज्ञों के साथ मिलकर काम कर रहा है।मंत्रालय के अनुसार, हवाईअड्डा पहुंचने पर पुरुष में संक्रमण का कोई लक्षण नहीं था, लेकिन बाद में सांस संबंधी दिक्कत होने पर उसे अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। महिला को सिर में दर्द की शिकायत थी, जबकि उसके बेटे को बुखार था और बेटी में संक्रमण का कोई लक्षण नहीं था।जापान में ब्रिटेन और दक्षिण अफ्रीका में मिले कोरोना वायरस के नए स्वरूप के करीब 30 मामले सामने आए हैं। विशेषज्ञ वायरस के इस नए स्वरूपों के तेजी से फैलने को लेकर चिंता जता रहे हैं।जापान ने शुक्रवार से तोक्यो और उसके आस पास के क्षेत्रों में आपात स्थिति की घोषणा की है। इसके तहत रेस्तरां और बार रात आठ बजे के बाद बंद रहेंगे। जापान में कोरोना वायरस से करीब 4,000 लोगों की मौत हुई है और 2,80,000 से अधिक लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 12 जनवरी, 2021



# ‘इस शो की शूटिंग में एक समय तो हर्षोन्माद की स्थिति आ गई थी’



## टॉक टाइम

**अभिनेता रणविजय सिंघा को हम एमटीवी के कार्यक्रम रोडीज़ में उनकी सहभागिता के कारण जानते हैं। इसके अलावा उन्हें हम सीरीज़ ‘मिसमैच्ड’ में सिद्धार्थ नाम के उनके चरित्र में भी देख चुके हैं। वीजे से अभिनेता बने रणविजय से उनकी आगामी परियोजनाओं तथा स्काडरन्न के बारे में अधिक जानकारी जुटाने के क्रम में उनसे बात की पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना ने। प्रस्तुत हैं बातचीत के अंश-**

**■ स्क्रॉड रन में आपने जो किया वो काफी हास्यपूर्ण और रोचक था। इसका विचार आपको कहां से मिला?**

ये अद्भुत विचार था। हम इसलिये इससे जुड़ गए थे क्योंकि हम ओएमएल के साथ पहले भी काम कर चुके थे। ये वास्तव में ऐसा अद्भुत ब्रांड है बिलकुल हमारे जैसा। जब विलियम लॉसन, ओएमएल और स्क्रॉडरण एक साथ हों तो आनंद तो आना ही है। जहां कोई नियम न हों और आप ही आप हों तो ऐसा अनुभव अद्भुत होता ही है। किसी स्केट विशेषज्ञ के लिए स्केटबोर्ड पहने हुए क्रिकेट खेलना और रन भी लेना स्वाभाविक ही होगा या फिर बीएमएक्स बाइकर के लिए बॉल को हिट करना उसके लिए स्वाभाविक होता है लेकिन लोगों को ये आश्चर्य में डाल देता है।

**■ आपने कितने ढंग से क्रिकेट खेला है? पूरा अनुभव कैसा रहा?**

हमनें क्रिकेट हर संभव ढंग से खेला है। वैसे देश भर में क्रिकेट अलग अलग ढंग से तो खेला ही जाता है कहीं ये इंडोर खेला जाता है तो कहीं पुस्तक से तो कहीं गली क्रिकेट भी होता है तो दूसरी ओर से ऐसे भी खेला जाता है कि आपको केवल लेग या ऑफसाइड के ही रन मिलेंगे। वास्तव में ये ऐसा खेल है जो परिस्थिति और मैदान की उपलब्धता के आधार पर समायोजित किया जा सकता है। हमारे लिए ये अत्यंत उत्तेजनापूर्ण अनुभव था। हमारे पास फ्रिज़्बी, बास्केट बॉल और बोलिंग बॉल भी थी जिसमें खिलाड़ी को पिन, शॉट या फिर तीरंदाजी से भी खेल सकता था। इसके बाद हमने बैट के स्थान पर कई दूसरी वस्तुओं का प्रयोग किया जिसमें बेसबॉल का बैट, टेनिस रैकेट, गोप्रो या फिर तवा का भी उपयोग किया गया। हमनें फुटबॉल से भी बॉलिंग की और फील्डर ने भी खिलाड़ी को आउट करने के लिए इसे ही विकेट में मारा। कई ऐसी वस्तुएं होती हैं जिन्हें आप बैट उपलब्ध न होने की स्थिति में उपयोग में लाते हैं। तो ये ऐसा खेल था जिसमें हमें असीमित आनंद का अनुभव हुआ, यहां तक कि हर्षोन्माद की स्थिति आ गई थी।

**■ क्या आपके द्वारा सेना में भर्ती न होने से आपका परिवार आपसे निराश हो गया था?**

यदि मैं सेना में चला गया होता तो ये हमारी छठी पीढ़ी द्वारा ऐसा किया गया होता। मेरा परिवार इसलिये चिंतित था क्योंकि हर परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद भी मैं सेना में जाने के लिए तत्पर नहीं था क्योंकि मुझे लगता था कि मैं एडवेंचर या यात्रा के क्षेत्र में सेना न जाकर भी कुछ अच्छा कर सकता था। ये देखा जाए तो मेरे परिवार को अब कुछ अलग अनुभव हो रहा होगा और अब वो मुझपर गर्व करते हैं। वे तब अधिक निराश होते जब मैंने सैन्य परीक्षा को उत्तीर्ण न किया होता। मैंने उन्हें बता दिया था कि यदि एक साल में कुछ अच्छा न हुआ तो मैं सेना में भर्ती हो जाऊंगा। वे आशंकित और चिंतित थे लेकिन निराश कभी नहीं थे।

> **वर्तमान महामारी के इस कालखंड में हमें मानसिक शक्ति को सशक्त बनाना है और परिवार के साथ रहते हुए स्वयं को सक्रिय बनाए रखना होगा। आपको अपनी कल्पना को जीवंत बनाए रखने के अलावा रचनात्मकता का भी ध्यान रखना होगा।**

**■ आपको पिछली बार ‘मिसमैच्ड’ में देखा गया था। आप उस सीरीज़ में कैसे रोल पा सके थे?**

इसके निर्माता लोगों ने मुझे बुलाया और मुझे एक ऐसे प्रोफेसर का रोल करने के लिए प्रस्ताव दिया जो हर बार कुछ नया सोचता और करता था और जिसके जीवन में नियम नाम की कोई वस्तु नहीं थी। मैं भी वैसा ही हूं। मैंने देखा कि वो चरित्र हर काम अपने अनुसार करता था और मेरी भूमिका में मुझे यही बात सबसे अच्छी लगी क्योंकि मैं भी इसी दिशा में सोचता हूं। वो छात्रों को उत्साहित करता था और उन्हें सही दिशा में अग्रसर होने के लिए प्रेरित करता था। मुझे लगा कि ये चरित्र निभाने में मुझे बहुत आनंद आने वाला है। आकर्ष खुराना जी इसके निर्देशक थे उन्होंने मुझे बताया कि मैं इस चरित्र के लिए उनके पास एकमात्र विकल्प था। जब मैं उनसे मिला तो हमारे भाव-विचार एक समान थे और उनका मुझमें दिखाया गया विश्वास ही था कि मैं उन्हें हां किये बिना नहीं रह सका।

**■ फॉरबिडेन लव, में आपकी भूमिका किस प्रकार की थी?**

वो सीरीज़ महेश मांझरेकर जी ने निर्देशित की थी। मैं और महेश सर एक लंबे समय से कुछ करना चाह रहे थे। जब मैं बड़ा हो रहा था तब से मैं उनके काम को निकट से देखने की इच्छा रखता था। मैं उनका बड़ा प्रशंसक था। इसके बाद हम मित्र बन गए। जब उन्होंने अपने प्रोजेक्ट के बारे में बताया कि प्यार में सबकुछ सीधा-सपाट या सरल नहीं होता बल्कि इसमें, ईर्ष्या, भावनाओं में अंतर, असुरक्षा और धुन जैसे भाव भी अपना काम करते हैं। राइमा सेन इस प्रोजेक्ट में पहले से ही अनुबंधित थी तो मुझे लगा कि इस प्रोजेक्ट में काम करने का आनंद आने वाला है। इसमें मेरा रोल विशेष प्रकार का है। जिन लोगों ने इसे देखा नहीं है उनके लिए बता दूं कि इसमें कई रोचक मोड़ आते हैं और ये अत्यंत जीवंत भूमिका है।

**■ भविष्य के लिए आपकी क्या योजना है?**

इस वर्तमान महामारी के इस कालखंड में हमें मानसिक शक्ति को सशक्त बनाना है और परिवार के साथ रहते हुए स्वयं को सक्रिय बनाए रखना होगा। आपको अपनी कल्पना को जीवंत बनाए रखने के अलावा रचनात्मकता का भी ध्यान रखना होगा। रोडीज़ चैनल पर उपलब्ध है और स्प्लिट्ज़विला की शूटिंग शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। मैं ऑनलाइन शो पर काम करने का पूरा प्रयास कर रहा हूं। कुछ ब्रैंड्स भी हैं जिनके लिए काम करने के क्रम में मैं लंदन में हूं। वर्तमान परिस्थिति में जितना संभव है उतना सक्रिय रहने के लिए हर तरह से प्रयासरत हूं।

## ट्रेंड बाजार

### किआरा आडवाणी 2021 के लिए कमर कसकर तैयार



**अभिनेत्री** किआरा आडवाणी ने 2021 में सक्रिय रहने के लिए कमर कस ली है। इस साल के लिए उनमें स्फूर्ति की कोई कमीं नहीं दिखती। किआरा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें वो स्पोट्स ब्रा और लाइक्रा पैंट पहने जिम में वर्कआउट करती दिख रही हैं। पोस्ट के शीर्षक में उन्होंने लिखा, ‘2021 के लिए तत्पर’ किआरा की हाल में रिलीज़ फिल्म ‘इंदू की जवानी, है जो वास्तव में गाज़ियाबाद की एक लड़की की कहानी है जो डेटिंग ऐप के प्रति सनक पर आधारित है।

इसके अलावा भी आने वाले समय में वो तीन अन्य फिल्मों- सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ शेरशाह, कार्तिक आर्यन के साथ भूल भुलैय्या और वरुण धवन, अनिल कपूर तथा नीतू कपूर अभिनीत जुग जुग जियो, जैसी तीन अन्य फिल्में भी हैं।

### सरिता जोशी को घरेलू सेविका का आया स्मरण



**अभिनेत्री** सरिता जोशी का कहना है कि सकुबाई नाटक से मुझे बचपन की एक घरेलू नौकरानी से अपना लगाव याद आ गया, मेरी तरह ही जिसके पति गुजर चुके थे। जिसकी तरह ही मैंने भी सफेद वस्त्र धारण करने प्रारंभ कर दिये थे। लेकिन बाद में मुझे लगा कि मुझे अपनी बेटियों के लिए रंग वापस धारण करने होंगे। मैंने उसे भी धीरे धीरे कुछ साड़ियां उपहार में दीं और धीरे धीरे उसने भी सफेद साड़ी पहनना बंद कर दिया।

### मधुबाला का चरित्र निभाने हेतु उर्वशी रौतेला गद्गद




**अभिनेत्री** उर्वशी रौतेला दिग्गज अभिनेत्री मधुबाला का आधुनिक अवतार लिये शीघ्र ही परदे पर दिखाई देंगी। ऐसा वो एक पुराने किंतु हिट गाने ‘एक लड़की भीगी भागी सी, के रीमेक के लिए एक वीडियो में करने वाली हैं। उर्वशी ने कहा, ‘ये वास्तव में मेरे एक सपने के सच होने जैसा अनुभव है- मुझे मधुबाला जैसी गुजरे जमाने की सौंदर्य की प्रतिमूर्ति का चरित्र करने के लिए मिल रहा है ये मेरा सौभाग्य है। इसके साथ ही दूसरा बोनस है ये हिट गाना जिसमें किशोर कुमार सर की मौलिक आवाज के साथ ही मेरी अपनी आवाज होगी। मेरे लिए तो ये साल का प्रारंभ आश्चर्य से कम नहीं है।

# लॉकडाउन में विविध भारती बना श्रोताओं की पहली पसंद




**लखनऊ/नई दिल्ली।** जहाँ लॉकडाउन के दौरान रेडियो के श्रोताओं की संख्या में इज़ाफा हुआ है वहीं दूसरी और लोगो से जुड़ने और पल पल की जानकारी देने के लिए विविध भारती ने कू पर खाता खोल दिया है। पहले जहां रेडियो के श्रोताओं की संख्या में भारी कमी आ गई थी, वहीं लॉकडाउन में जब लोग घर में थे तो रेडियो पर समाचार के साथ-साथ मनोरंजन के कार्यक्रम भी सुना करते थे। इसी दौरान विविध भारती ने श्रोताओं को ध्यान में रखते हुए सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर कू ऐप पर खाता खोल लोगो तक पहुँचने की कोशिश की! जहाँ वे फिल्मी गीतों के साथ साथ कुछ कलाकारों के इंटरव्यू के अलावा खबरों की जानकारी कू ऐप पर लिंक के साथ शेयर कर रहा है, वंही दूसरी और यूज़र्स भी उनकी जानकारी को लाइक और कमेन्ट करअपना पूरा योगदान देते दिख रहे है। कू ऐप भारत का पहला मिक्रोब्लॉग्गिंग प्लेटफार्म है जहां लोग अपनी बातों को अपनी भाषा के माध्यम से रख सकते है। फ़िलहाल इस प्लेटफार्म पर 2 मिलियन से अधिक यूज़र्स जुड़ चुके है और अपनी बातें रख रहे है। विविध भारती भारत मे सार्वजनिक क्षेत्र के रेडियो चैनल आकाशवाणी की एक प्रमुख प्रसारण सेवा है। भारत में रेडियो के श्रोताओं के बीच ये सर्वाधिक सुनी जाने वाली और बहुत लोकप्रिय सेवा है। इस पर मुख्यत: हिन्दी फिल्मी गीत सुनवाये जाते हैं। इसकी शुरुआत 3 अक्टूबर 1957 को हुई थी। वर्ष 2006-2007 विविध भारती के स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप मे भी मनाया। प्रारम्भ मे इसका प्रसारण केवल दो केन्द्रोंए बम्बई तथा मद्रास से होता था। बाद मे धीरे धीरे लोकप्रियता के चलते आकाशवाणी के और भी केन्द्र इसका प्रसारण करने लगे। वर्तमान मे अनेकानेक केन्द्र आकाशवाणी की विज्ञापन प्रसारण सेवा के रूप मे अपने श्रोताओं को विविध भारती के कार्यक्रम सुनवाते हैं। यह भारत के असंख्य हिन्दी भाषियों का चहेता रेडियो चैनल वर्षों तक रहा। तब भी जब कि ना तो दूरदर्शन भारत आया थाए या आने के बाद भी इतना चहेता नहीं बना थाए जितना कि यह चैनल रहा है। अब भी यह चैनल अखिल भारत में प्रसारित होता है।

# वोग के कवर को लेकर हैरिस की टीम और पत्रिका के बीच विवाद




**विलमिंगटन (अमेरिका)।** अमेरिका की नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस पत्रिका वोग के फरवरी संस्करण के कवर पर नजर आ रही हैं, लेकिन उनके दल का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच इस तस्वीर पर नहीं, बल्कि दूसरी तस्वीर पर सहमति बनी थी। पत्रिका के कवर पर हैरिस शूट के दौरान पहने गए नीले रंग के सूट की बजाय, आम से कपड़े और उसके साथ कनवर्स चक टेलर स्नीकर्स (जूते) पहने नजर आ रही हैं, जो उन्होंने कई बार प्रचार अभियान के दौरान भी पहने थे। हैरिस को पत्रिका के कवर पर किस तरह पेश किया जाएगा उस बातचीत में शामिल एक व्यक्ति के अनुसार हैरिस की टीम को शनिवार को पत्रिका के जारी होने तक इस बात की जानकारी नहीं थी कि तस्वीरे बदल दी गई है। वहीं, पत्रिका वोग ने एक बयान में कहा कि उन्होंने हैरिस की उनकी दिनचर्या को प्रतिबिंब करने वाली तस्वीर इसलिए चुनी क्योंकि उससे उनका विश्वसनीय तथा मिलनसार स्वभाव प्रदर्शित होता है, जो हमें लगता है कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन और हैरिस के प्रशासन की यह एक बड़ी पहचान है। पत्रिका ने कहा कि उन्होंने इतिहास में इस पल की गंभीरता और आगामी समय में देश में उनकी (हैरिस की) भूमिका को देखते हुए दोनों तस्वीरों को डिजिटल मैगजीन के कवर पर जारी किया है। अमेरिका के उप राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने वाली हैरिस पहली भारतीय-अफ्रीकी मूल की महिला होंगी। वह 20 जनवरी को शपथ ग्रहण करेंगी।

# विधु विनोद चोपड़ा ने अपनी जिंदगी और सिनेमा के सफर पर लिखी किताब



**नई दिल्ली।** फिल्मकार विधु विनोद चोपड़ा ने अपनी जिंदगी और सिनेमा के सफर पर एक किताब लिखी है, जो इस महीने के अंत में जारी की जाएगी। इसमें उन्होंने अपने लंबे समय के सहयोगी एवं पटकथा लेखक अभिजात जोशी के साथ अपने अभी तक के अनुभव को साझा किया है। प्रकाशक पेंगुइन ने बताया कि कितब में समकालीन हिंदी सिनेमा के सर्वश्रेष्ठ फिल्म निर्माताओं में से एक के सोचने, काम करने के तरीके और उनके जुझारूपन के बारे में बयां किया गया है। अनसक्रिप्टेड: कन्वर्सेशन ऑन लाइफ एंड सिनेमा 25 जनवरी को जारी की जाएगी। कश्मीर के एक छोटे से मोहल्ल वजीर बाघ के रहने वाले चोपड़ा ने अपने 30 साल के फिल्मी करियर में मुन्ना भाई एमबीबीएस , लगे रहो मुन्ना भाई , थ्री इडियट्स , पीके और संजू जैसी हिट फिल्में दी हैं।

चोपड़ा ने कहा, अभिजात जोशी के साथ सिनेमा और जीवन के बारे में बात करके मुझे बहुत मजा गया। मेरे इस दुनिया से जाने के बाद शायद कभी कोई कहीं इस किताब को पढ़े और कहे कि कश्मीर के एक छोटे से मोहल्ले के एक व्यक्ति के बड़े सपने थे और उसने अपनी आत्मा को बेचे बिना उसे हासिल किया ..... तो मैं ऐसा क्यों नहीं कर सकता? वहीं, जोशी ने चोपड़ा की तारीफ करते हुए कहा कि वह हर पल को जीने में विश्वास रखते हैं और उन्हें परिवार,सिनेमा, भोजन और वाइन से बेहद प्यार है।

# विद्यार्थियों के भीतर वैज्ञानिक सोच भरने के लिए इसरो 100 अटल टिंकरिंग लैब को गोद लेगा

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) विद्यार्थियों के भीतर वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने और उन्हें अंतरिक्ष शिक्षा और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से संबंधित नवाचारों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए देश भर के 100 अटल टिंकरिंग लैब (प्रयोगशाला) को गोद लेगा। सोमवार को आयोजित एक ऑनलाइन बैठक में इसरो और अटल नवाचार मिशन, नीति आयोग ने यह फैसला लिया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया कि इस सहयोग के जरिए इसरो विद्यार्थियों को अंतरिक्ष समेत अन्य 21वीं शताब्दी की अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों की कोचिंग देने से लेकर मार्गदर्शन तक मुहैया कराने का काम करेगा। अटल नवाचार मिशन और नीति आयोग ने देश भर में अब तक 7,000 से ज्यादा अटल टिंकरिंग लैब्स (एटीएल) स्थापित किए हैं। इसकी मदद से छठी कक्षा से 12वीं कक्षा के करीब 30 लाख विद्यार्थी नवोन्मेषी और समस्याओं के समाधान की क्षमता वाली सोच हासिल कर रहे हैं। इसरो के अध्यक्ष डॉक्टर के सिवन ने एटीएल से जुड़े बच्चों को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से एक रॉकेट के प्रक्षेपण देखने के लिए आमंत्रित किया है। वहीं, नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ कांत ने इसरो के साथ साझेदारी पर प्रसन्नता जाहिर की है। एटीएल का उद्देश्य विद्यार्थियों को ऐसा कौशल प्रदान करना और प्रौद्योगिकी तक उनकी पहुंच को सुनिश्चित करना है, जो समस्याओं के समाधान के प्रति उन्हें सक्षम बनाती हो।

# पेरिस फैशन वीक का इसी महीने डिजिटल तरीके से होगा आयोजन

**पेरिस।** पेरिस फैशन वीक के आयोजन को लेकर अटकलों को दूर करते हुए फ्रांस में फैशन क्षेत्र की नियामक संस्था ने कहा कि इस महीने पेरिस में पुरुषों के फैशन शो का आयोजन होगा लेकिन इसमें दर्शकों की भागीदारी नहीं होगी। फेडरेशन डे ला हौटे कोट्यूर ने कहा कि पुलिस के निर्देश के कारण इस बार परिधान निर्माताओं को अतिथियों को आमंत्रित करने की अनुमति नहीं होगी। फेडरेशन ने समाचार एजेंसी को एक बयान में सोमवार को कहा, हम पुष्टि करते हैं कि पेरिस फैशन वीक के आयोजन में दर्शकों की भागीदारी नहीं होगी। परिधान पेश करने वाली कंपनियां मॉडलों के कैटवॉक के शो का डिजिटल तरीके से प्रसारण कर सकती हैं पेरिस में लॉकडाउन लागू नहीं है लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर आवाजाही पर कुछ बंदिशें लागू हैं। कोरोना वायरस संक्रमण के कारण लागू नियमों को नहीं मानने पर छह महीने की जेल की सजा का भी प्रावधान किया गया है। फ्रांस में दूसरा लॉकडाउन 15 दिसंबर को खत्म हुआ था लेकिन रेस्तरां, बार, सिनेमा हॉल, थिएटर और संग्रहालय बंद हैं।



# अमेरिका में परिवार के कई लोगों के कोविड-19 से संक्रमित होने पर असहाय महसूस कर रही थीं प्रीति जिंटा



**मुंबई।** अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने सोमवार को कहा कि अमेरिका में तीन सप्ताह पहले उनकी मां, भाई और भाभी, बच्चे और परिवार के कई सदस्य कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए थे और वह वक्त उनके लिए काफी मुश्किल भरा था। जिंटा फिलहाल अमेरिका में हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इसकी सूचना दी। उन्होंने बताया कि उनके परिवार के लोग अब स्वस्थ हैं और अब वह चैन की नींद सो सकती हैं। उन्होंने लिखा, तीन सप्ताह पहले मेरी मां, भाई और भाभी, बच्चे और चाचा कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए थे। अचानक से वेंटीलेटर, आईसीयू और ऑक्सीजन मशीन जैसे शब्दों का नया अर्थ पता चला। उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिलने तक अमेरिका में मैं बहुत असहाय और अकेली महसूस कर रही थी। कल हो न हो की अभिनेत्री (45) ने कहा कि वह सभी डॉक्टरों और नर्सों की शुक्रगुजार हैं जिन्होंने दिन रात बिना थके उनकी देखभाल की।जिंटा ने अपने प्रशंसकों से कोविड-19 को हल्के में नहीं लेने की अपील की और सचेत किया कि वायरस रात भर में ही खतरनाक रूप ले सकता है। उन्होंने लिखा, कृपया अपना ख्याल रखें। मास्क पहनें और सामाजिक दूरी का पालन करें। आज जब परिवार के सभी लोगों में संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई तब मैं चैन से सो पाई। अब जाकर नया साल हैप्पी न्यू ईयर जैसा लग रहा है। जिंटा आखिरी बार 2018 की एक्शन-कॉमेडी फिल्म भैयाजी सुपरहिट में दिखी थीं।

# भारत में जन्मे प्रसिद्ध पाकिस्तानी उर्दू शायर नसीर तुराबी का निधन

**कराची।** भारत में जन्मे प्रसिद्ध पाकिस्तानी उर्दू शायर और लेखक नसीर तुराबी का दिल का दौरा पड़ने से कराची में निधन हो गया। वह 75 साल के थे। डॉन अखबार ने सोमवार को खबर प्रकाशित करते हुए जानकारी दी कि हैदराबाद डेक्कन में 15 जून, 1945 को जन्मे तुराबी के परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं। अखबार के मुताबिक रविवार शाम यहां दिल का दौरा पड़ने से उनका इंतकाल हो गया। तुराबी को सोमवार को वादी-ए-हुसैन कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। उनके पिता अल्लामा रशीद तुराबी जानेमाने धार्मिक विद्वान थे जो 1947 में विभाजन के बाद पाकिस्तान आकर कराची में बस गए थे।

# गायिका एड शीरन बनेंगी डीजे

**हॉलिवुड** गायिका एड शीरन के बारे में जानकारी है कि वो शीघ्र ही डीजे बनने जा रही हैं। ऐसा वो एक गायक पैसेंजर के लिए रीमिक्स में करेंगी। शीरन ने अपने मित्र पैसेंजर के गाना सोर्ड फ्रॉम द स्टोन, के लिए ऐसा किया है जिसके बारे में जानकारी है कि ये अगले सप्ताह रिलीज़ हो सकता है। उनका पहला रिमिक्स जिंजरब्रेड मिक्स के नाम से है। शीरन और पैसेंज़र के बीच के इस सहयोग के बारे में एक सूत्र ने बताया कि पैसेंजर जिनका नाम माइक रोज़ेनबर्ग है, ने कहा है कि ‘वे बचपन में मिलने के बाद से ही काफी समय से मित्र रहे हैं उन्होंने साथ मिलकर कई गाने किये हैं लेकिन ऐसा पहली बार हो रहा है।’रीमिक्स की ये जानकारी शीरन द्वारा अपने नए गाने आटर ग्लो, के रिलीज होने के दो सप्ताह के बाद आई है।